सूर्योदय 5:49 सूर्यास्त 6:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.0 न्यू | 23.6 अधि |
| धर्मशाला | 13.9 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79408.50 |
| निफ्टी | 24125.55 |
| सोना | 99,800 |
| चांदी | 98,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




भले ही हम क्वालिफाई न करें, अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करेंगे : धोनी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 | 10 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 113, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज का मैच



लखनऊ सुपर जायंट्स vs दिल्ली कैपिटल्स

समयः रात 7:30 बजे (हैदराबाद)

# बिजली बोर्ड में टीमेट और लाइनमैन के 2,000 पद भरेगी सरकार : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने दिए बिजली चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एचपीएसईबीएल और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) को राज्य में बिजली क्षति का सही आकलन करने और बिजली चोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बोर्ड को राज्य में बिजली क्षति का सटीक आकलन करने और बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए फीडर मीट्रिंग जैसी आधुनिक प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एचपीएसईबीएल की कार्यप्रणाली को बेहतर और अधिक सुदृढ़ करने के दृष्टिगत आगामी महीनों में टी-मेट्स और लाइनमैन के 2000 पद भरेगी। यह बात सीएम सुक्खू ने सोमवार एचपीएसईबीएल और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में कही। सीएम ने प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मियों को 30 अप्रैल तक अपनी पसंद के विभाग चुनने का अवसर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एचपीएसईबीएल, ऊर्जा निदेशालय, पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन और पॉवर कॉरपोरेशन में कार्यरत कर्मियों को यह विकल्प मिलेगा। इसी प्रकार सिविल विंग के कर्मचारी भी लोक निर्माण विभाग या अन्य विभाग में जाने का विकल्प चुन सकते हैं।

**फीडर मीट्रिंग जैसी आधुनिक प्रणाली अपनाने को कहा**

उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की पदोन्नति और अन्य लाभों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वे वर्तमान सेवा शर्तों के तहत ही कार्य करेंगे। सरकार आवश्यक नीतियां संशोधित कर उनके सभी लाभों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला करने के लिए कहा, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### शोंग-टोंग जल विद्युत परियोजना को समय पर पूरा करने के निर्देश

**सुक्खू** ने 450 मेगावॉट शोंग-टोंग जल विद्युत परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इस परियोजना को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार ने इस परियोजना को नवंबर, 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने परियोजना शुरू होने से पूर्व विद्युत निकासी (इवेक्वेशन) की योजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आपातकाल स्थिति में राजस्व की हानि न हो।

# हिमाचल की चोटियों पर बर्फबारी ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान



लाहौल-स्पीति की चोटियों पर सोमवार सुबह हुई बर्फबारी के बाद का नजारा।



नारकंडा में सेब के पौधों पर लगाई गई जालियां।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि का दौरा जारी है। जनजातीय जिले के लाहौल-स्पीति, रोहतांग, किन्नौर और मनाली की चोटियों पर बर्फबारी हुई है। वहीं, चंबा, बिलासपुर और नारकंडा में भारी ओलावृष्टि होने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं, कई इलाकों में बारिश हुई है। भू-स्खलन से किन्नौर के टिंकू नाला में एनएच पांच बंद हो गया।

चंबा-तीसा मार्ग भी ठप हो गया। बीती रात कई इलाकों में तेज बारिश, ओलावृष्टि व ऊंचे क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। शिमला, कुल्लू और आसपास के इलाकों में तेज बारिश और ओलावृष्टि से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ऊपरी शिमला के बागवानी क्षेत्रों में ओलावृष्टि ने तबाही मचाई है और फलदार पेड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है।

**भू-स्खलन से किन्नौर के टिंकू नाला में एनएच पांच बंद**

मौसम विभाग के अनुसार, लाहौल के हंसा में 8 सेंटीमीटर और केलांग में 2 सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है। पूह में 48 मिलीमीटर, सलूणी में 40, कोठी में 35, कल्पा में 34, सांगला में 31, रिकांगपिओ में 27, बिलासपुर व मोरंग में 20 और मनाली, घागस व अग्घर में 18 मिलीमीटर बारिश हुई है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते ठंड एक बार फिर लौट आई है, जबकि मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे गर्मी का असर कुछ हद तक कम हो गया है। शिमला जिले के ऊपरी इलाकों ठियोग, नारकंडा, जुब्बल, कोटखाई, रोहड़ू, चौपाल और रामपुर क्षेत्र में हुई भारी ओलावृष्टि से सेब, प्लम, आड़ू और खुमानी की फसलों को भारी क्षति पहुंची है। ऐसे में ओलों की मार से उत्पादन पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

### आज भी खराब रहेगा मौसम

22 अप्रैल को भी मौसम खराब रहने का अनुमान है। हालांकि, इस दिन कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। 23 अप्रैल को मौसम के साफ रहने की उम्मीद है, जबकि 24 से 27 अप्रैल के बीच राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस अवधि में हालांकि किसी तरह का मौसम अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### जस्टिस वर्मा बेंच के मुकदमों की दोबारा होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस यशवंत वर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच की ओर से सुने जा रहे 50 से अधिक मामलों की सुनवाई नए सिरे से होगी। हाईकोर्ट ने इसकी नोटिफिकेशन जारी कर दी है। नोटिस में 52 मामलों की लिस्ट दी गई है, जिनमें सिविल रिट याचिकाएं भी शामिल हैं। ये मामले 2013 से 2025 तक के हैं। इनमें प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित एनडीएमसी अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 22 याचिकाएं शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट का पूजा खेडकर को नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को एक बार फिर राहत देते हुए दो मई को दिल्ली पुलिस के सामने पेश होने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि 21 मई तक उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में धोखाधड़ी की और ओबीसी और दिव्यांग कोटे का गलत फायदा उठाया। (अनंत ज्ञान)

### इलाहाबादिया की याचिका पर 28 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'पॉडकास्टर' रणवीर इलाहाबादिया के संबंध में जांच पूरी हो गई है और यू-ट्यूब कार्यक्रम में अभद्र टिप्पणी के मामले में पासपोर्ट वापस करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली कोर्ट में मुजरिम व वकील ने जज को धमकाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत में जज को मुजरिम और उसके वकील ने धमकाया। जज ने चेक बाउंस केस में आरोपी को मुजरिम करार दिया था। इसके बाद मुजरिम और उसके वकील ने जज को जान से मारने की धमकी दी। केस की सुनवाई ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शिवांगी मंगला की कोर्ट में हो रही थी। (अनंत ज्ञान)

### रायसेन में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में सोमवार की सुबह एक कार पलट गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने बताया कि नौ लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद इंदौर लौट रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस ने धकेला बाबा साहेब को राजनीतिक हाशिए पर: अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब का उत्पीड़न व उन्हें राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेला है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर मां भारती के सच्चे सपूत थे। उन्होंने भारत वर्ष में व्याप्त कुप्रथाओं के अंत के साथ ही समरस समाज की स्थापना पर बल दिया। वंचित, पीड़ित, शोषित, गरीब, आदिवासी, महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए बाबा साहेब आजीवन कार्यरत रहे और उन्हीं के सपनों को पूरा करने मोदी सरकार कटिबद्ध है। यह बात अनुराग ठाकुर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सम्मान में सोमवार को भाजपा की ओर से आयोजित अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत बिहार के भोजपुर व बंगाल के कोलकाता में जनसभाओं में कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने के लिए कार्यरत हैं। कांग्रेस आजादी के समय से ही कांग्रेस बाबा साहेब को अपमानित करने व उनका प्रतिनिधित्व मिटाने के लिए काम करती रही।

कांग्रेस ने संविधान सभा तक बाबा साहेब के जाने की राह में रोड़े अटकाए। बाबा साहेब को बंगाल से संविधान सभा जाने से रोकने के लिए कांग्रेस ने सारे हथकंडे अपनाए और उनके चुनाव क्षेत्र को पाकिस्तान को दे दिया। बाद में पुणे से हिंदू महासभा नेता एमआर जयकर ने अपनी सीट खाली कर बाबा साहेब को दी, जिससे वे संविधान निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में सेब के बाद बागवानों के चेरी की तरफ बढ़े कदम

## अतिरिक्त आय का भी बना साधन, शिमला जिले में सबसे ज्यादा उत्पादन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**





**हिमाचल** का बागवान अब चेरी उत्पादन की तरफ मुड़ने लगा है। बागवान अपने बागीचों चेरी के पौधे तैयार कर रहे हैं। चेरी अतिरिक्त आय के साधन के रूप में बागवानों के लिए लाभकारी बनकर उभरी है।

सेब की तुलना में चेरी की खेती की लागत कम है। इससे बागवानों को अच्छी कमाई की मौका मिलता है। सेब राज्य के तौर पर हिमाचल ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। सेब की करीब 5000 करोड़ की आर्थिकी मानी जाती है, लेकिन अब बागवान दूसरे फलों की खेती की ओर भी रुख कर रहे हैं।

चेरी की ओर बागवानों का रुझान इसलिए बढ़ रहा है, क्योंकि सेब के साथ यह आय का एक अतिरिक्त जरिया बागवानों के लिए बन रहा है। हिमाचल में अब बागवान चेरी के बागीचे तैयार कर रहे हैं और इसकी खेती भी लगातार बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### 500 हेक्येटर पर हो रही खेती

**प्रदेश** में करीब 500 हेक्येटर भूमि पर चेरी की खेती की जा रही है। हालांकि, चेरी को 4000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर ही लगाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए 6000 से 8000 फुट की ऊंचाई आदर्श मानी जाती है। इसका उत्पादन शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिले में होता है, लेकिन इन सभी में करीब 90 फीसदी चेरी का उत्पादन अकेले शिमला जिला करता है। शिमला जिले में नारकंडा, कोटगढ़, थानाधार, कुमारसैन और चेरी उत्पादन के लिए जाना जाते हैं, जहां सेब के बागीचों के साथ-साथ चेरी के बागीचे भी तैयार हो रहे हैं।

### 85 फीसदी बाहर भेजी जा रही चेरी

**प्रदेश** में तैयार होने वाली करीब 85 फीसदी चेरी बाहर भेजी जा रही है। सबसे ज्यादा चेरी दिल्ली ही भेजी जाती है। वहां से अन्य राज्यों के खरीददार इसको दूसरे राज्यों को ले जाते हैं। इसके अलावा बाहर भी देश से इसका निर्यात किया जाता है। वहीं, स्टोन फ्रूट की खेती पर काम कर रहे प्रोग्रेसिव बागवान एवं हिमाचल प्रदेश स्टोन फ्रूट एसोसिएशन के संस्थापक एवं संयोजक दीपक सिंघा कहते हैं कि पुराने बागीचों में सेब के पौधों के खराब होने पर इनकी जगह चेरी जैसी स्ट्रोन फ्रूट लगाना ज्यादा बेहतर है। बागवानों की यह सबसे बड़ी समस्या है कि पुराने सेब के बागीचों में नए सेब के पौधे तैयार नहीं हो पाते हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सीबीआई जांच की मांग पर किरण नेगी पहुंची हाईकोर्ट -पेज 3
- रियूर गांव को एनएच निर्माण कार्य से खतरा -पेज 9
- अमेरिका में बोले राहुल- चुनाव में साफ दिख रही गड़बड़ी -पेज 13
- रोहित, विराट शीर्ष श्रेणी में बरकरार, अय्यर और किशन की वापसी -पेज 14

# झारखंड में मुठभेड़, 8 नक्सली मार गिराए

**एजेंसी, बोकारो**



**झारखंड** के बोकारो में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। एनकाउंटर जिले के लुगू और झुमरा पहाड़ के बीच जंगली इलाके में हुआ।

झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुताबिक, मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक भी मारा गया। अब तक कुल 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अभी और नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी है। सर्च ऑपरेशन जारी है। घटनास्थल से एके सीरीज की एक राइफल, 1 एसएलआर, 4 इंसास राइफल, 8 देसी राइफल सहित कई अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट ने मुर्शिदाबाद हिंसा पर पूछा-क्या राष्ट्रपति को आदेश दें

## पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर आदेश जारी करने से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया।

याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में मुर्शिदाबाद हिंसा से जुड़ी दूसरी याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें वकील ने मुर्शिदाबाद हिंसा के चलते लोगों के पलायन की बात कही। सुप्रीम कोर्ट ने वकील से सवाल किया कि आपकी इस सूचना का सूत्र क्या है, क्या आपने खुद जांच की थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### अवमानना याचिका के लिए हमारी जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने के लिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत नहीं है, लेकिन इसके लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होगी। याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि निशिकांत ने सीजेआई और न्यायपालिका का अपमान किया है। क्या वह निशिकांत के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर कर सकता है। इसके बाद एडवोकेट अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना की इजाजत मांगी।

### दिल्ली में बच्चों की तस्करी पर कोर्ट सख्त

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के द्वारका इलाके में नवजात शिशुओं की तस्करी के मामले में सख्त रुख अपनाया। अदालत ने कहा कि राजधानी में हालात बद से बदतर' होते जा रहे हैं। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को गिरोह की सरगना पूजा और तीन लापता बच्चों को ढूंढने के लिए हर जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया।

# छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान का बलिदान

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में प्रेशर बम की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक जवान की मौत हो गई। सीएएफ 19वीं बटालियन का जवान मनोज पुजारी (26) तोयनार से फरसेगढ़ के बीच मोरमेड गांव के जंगल में प्रेशर बम की चपेट में आया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तोयनार से फरसेगढ़ के बीच बन रही सड़क की सुरक्षा के लिए सीएएफ के दल को गश्त पर रवाना किया था। दल जब तोयनार से फरसेगढ़ की ओर चार किलोमीटर दूर मोरमेड गांव के जंगल में था, तब सुरक्षाबल के जवान मनोज का पैर प्रेशर बम के ऊपर चला गया। इससे बम में विस्फोट हो गया। (अनंत ज्ञान)

**अलविदा** 88 वर्षीय पोप के फेफड़ों और किडनी में था गंभीर संक्रमण, अस्पताल से 24 मार्च को लौटे थे निवास स्थान

# ईसाइयों के धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे

**एजेंसी, वेटिकन**



**कैथोलिक** ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने 88 साल की उम्र में सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर आखिरी सांस ली। पोप के फेफड़ों और किडनी में लंबे समय से गंभीर संक्रमण था। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे।

कार्डिनल केविन फेरेल ने घोषणा की कि पोप फ्रांसिस ने वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित अपने निवास पर अंतिम सांस ली। लगभग एक महीने तक अस्पताल में इलाज करवाने के बाद पोप 24 मार्च को अपने निवास स्थान कासा सांता मार्टा लौटे थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वार्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी। (अनंत ज्ञान)

### पोप फ्रांसिस का आखिरी संदेश

**पोप** फ्रांसिस ने अपने आखिरी संदेश में जरूरतमंदों की मदद करने, भूखों को खाना देने और विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों को प्रोत्साहित करने की अपील की थी। ईस्टर पर जारी संदेश में उन्होंने लिखा था कि मैं हमारी दुनिया में राजनीतिक जिम्मेदारी के पदों पर बैठे सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे डर के आगे न झुकें। डर दूसरों से अलगाव की ओर ले जाता है। सभी जरूरतमंदों की मदद करने, भूख से लड़ने और विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। ये शांति के हथियार हैं, हथियार जो मौत के बीज बोने के बजाए भविष्य का निर्माण करते हैं। मानवता का सिद्धांत हमारे दैनिक कार्यों की पहचान बनने से कभी न चूके।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

**पीएम** मोदी ने पोप के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी ने भी शोक व्यक्त किया है। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स ने कहा कि मैं पोप फ्रांसिस के निधन के समाचार से दुखी हूं। सभी धर्मों के अनुयायियों में सद्भावना बनाए रखने के प्रयासों के लिए उन्हें याद किया जाएगा। हम यीशु मसीह के अनुयायी के निधन पर शोक में डूबे लोगों को अपनी संवेदनाएं भेजते हैं।

# जम्मू-श्रीनगर हाईवे दूसरे दिन भी बंद रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को बादल फटने और लैंडस्लाइड से इलाके में भारी तबाही हुई है। रामबन इलाके में सोमवार को भी रेस्क्यू अभियान चलाया गया और घरों व सड़कों से मलबा हटाया जा रहा है।

हालांकि, जम्मू-श्रीनगर हाईवे दूसरे दिन भी बंद है। इसके चलते सैकड़ों ट्रक और वाहन अलग-अलग स्थानों पर फंसे हुए हैं। इसमें हजारों पर्यटक भी शामिल हैं। वहीं, मौसम की खराब स्थिति और फ्लैश फ्लड के खतरे को देखते हुए जिला रामबन के सभी स्कूल, कॉलेज बंद रखे गए हैं। विधायक अर्जुन सिंह राजू ने कहा कि इस तरह की त्रासदी हमने कभी नहीं देखी। हालांकि, स्थिति अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। (अनंत ज्ञान)

# इसरो को दूसरी बार डॉकिंग में कामयाबी, दो सैटेलाइट्स जोड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**इसरो** ने दूसरी बार अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट्स की सफलतापूर्वक डॉकिंग की है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोबारा डॉकिंग की सफलता के बाद आने वाले दो हफ्तों में और भी वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। यह मिशन भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी में स्वदेशी क्षमताओं का एक अहम उदाहरण बनकर उभरा है।

दरअसल इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को एसडीएक्स 01 और एसडीएक्स 02 को कक्षा में स्थापित किया था। 16 जनवरी को सुबह 6:20 बजे सैटेलाइट्स का पहला डॉकिंग हुआ था। 13 मार्च को सुबह 9:20 बजे सफलतापूर्वक इसे अनडॉक किया था। भारत 16 फरवरी को अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सक्सेसफुली डॉक करने वाला चौथा देश बना था। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# तीन बड़े संस्थानों में नहीं रहेगी पेयजल किल्लत

## हीरानगर वाटर टैंक से होगी एनआईटी, एचपीटीयू और आईएचएम को सीधी सप्लाई

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर के तीन बड़े संस्थानों को बहुत जल्द पीने के पानी की समस्या से निजात मिलने वाली है। यह हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैं। पिछले लंबे समय से यह संस्थान खासकर एचपीटीयू और आईएचएम पीने के पानी की सप्लाई प्रॉपर नहीं होने की वजह से दिक्कत का सामना कर रहे हैं।

इनकी सप्लाई दाएं-बाएं से ही एडजस्टमेंट करके की गई थी, लेकिन अब इन्हें डायरेक्ट सप्लाई हमीरपुर के हीरानगर स्थित वाटर स्टोरेज टैंक से दी जाएगी। दरअसल हमीरपुर शहर के आसपास नए संस्थानों के स्थापित होने के अलावा आबादी भी बढ़ी है। कुछ इलाकों में नई कॉलोनियां भी तैयार हुई हैं। लोगों ने घर भी बनाए हैं, इसी वजह से पानी की किल्लत जिस स्तर पर यहां बढ़ी है, उसका हल भी हुआ है, अब क्योंकि ब्यास नदी पर बनाई हमीरपुर की पलाही योजना शहर वासियों को काफी राहत दे रही है। इसी योजना से अब हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी के कैंपस को डायरेक्ट जलापूर्ति की जाएगी। इसके लिए लाइन तो बिछा दी गई है, टैंक का निर्माण भी हो गया है। ठीक यही स्थिति आईएचएम की है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

इस इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के लिए भी पानी की किल्लत, अब निजात देने वाली है। यहां थोड़ा सा पाइपलाइन का काम बचा है। वह केवल सड़क के एक हिस्से को खोदकर दो-चार दिन में हो जाएगा। इस संस्थान में लगातार पानी की खपत इसलिए भी बड़ी है क्योंकि नए-नए कोर्सेज शुरू हुए हैं और यहां स्टूडेंट की तादाद भी बढ़ी है।

हमीरपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए पहले से ही अलग पेयजल योजना मौजूद है, लेकिन उसकी कई समस्याएं हैं, जिस कारण यह संस्थान लंबे समय से पानी की किल्लत की समस्या से दो-चार है। इस संस्थान के लिए लौंगणी-मुठान उठाऊ पेयजल योजना आपूर्ति का जिम्मा संभाले हुए है, लेकिन उसमें कई बार पानी गंदला होने की वजह से लिफ्टिंग में दिक्कत आती है। इसी समस्या के हल के लिए अब हीरानगर के मुख्य टैंक से इस संस्थान को पाइपलाइन जोड़ी गई है। (अनंत ज्ञान)


पेयजल समस्या से निजात दिलाने वाली पंपिंग मशीनरी इंस्टॉल हो गई।

- पंपिंग मशीनरी तैयार ट्रांसफार्मर इंस्टॉलेशन और कनेक्शन की देरी
- संस्थान लंबे समय से पानी की किल्लत से हो रहे दो-चार

### कितना काम बचा

**पंप** हाउस यानी मशीनरी तो स्थापित कर दी गई है। उसके कनेक्शन भी हो गए हैं, लेकिन असली काम बिजली का है। यहां एक ट्रांसफार्मर स्थापित होना है। उसके बाद बिजली के उपकरण इस पंप हाउस मशीनरी के साथ जोड़े जाएंगे। बस यही सबसे बड़ी दिक्कत है कि इसमें देरी हो रही है और बजट की कमी भी इसके लिए आड़े आ रही बताई गई है क्योंकि पंपिंग मशीनरी तो कई महीने पहले इंस्टॉल हो चुकी है। ट्रांसफार्मर जैसे ही लगेगा, पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।



**हमीरपुर** के जूनियर इंजीनियर पंकज कटोच का कहना है कि बहुत जल्द यह काम भी मुकम्मल हो जाएगा। उन्होंने अभी हालही में यहां का कार्यभार संभाला है। ट्रांसफार्मर यहां स्थापित होना है और बिजली के उपकरण मशीनरी के साथ जोड़े जाएंगे, लेकिन इस काम में बहुत ज्यादा समय लगेगा। ऐसा नहीं लगता, इन्हीं गर्मियों में व्यवस्था हो जाएगी? तीनों संस्थानों में डायरेक्ट सप्लाई जाएगी।

# जाइका कृषि परियोजना में बजट आश्वासनों का सख्ती से होगा क्रियान्वयन : डॉ. सुनील


डॉ. सुनील चौहान परियोजना निदेशक जाइका किचन गार्डनिंग मैनुअल के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन करते हुए, साथ हैं अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/ऊना**

डॉ. सुनील चौहान परियोजना निदेशक जाइका ने कृषि परियोजना के संबंध में मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा घोषित 2025-26 के बजट आश्वासनों को क्रियान्वित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. चौहान कृषि विज्ञान केंद्र, बरा (नौदान) में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में परियोजना के जिला एवं ब्लॉक प्रबंधकों तथा उनके तकनीकी स्टाफ के लिए सहभागी सिंचाई प्रबंधन (पीआईएम), सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) एवं फसल विविधीकरण योजना (सीडीपी) पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भाषण में परियोजना निदेशक ने हिमाचल प्रदेश बजट 2025-26 में दिए गए आश्वासनों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बजट आश्वासन में परियोजना क्षेत्रों में 154 करोड़ रुपए खर्च करने; 100 सिंचाई उपपरियोजनाएं किसान संघों को सौंपना; मशीनीकरण के लिए परियोजना क्षेत्रों में 10 करोड़ रुपए खर्च करना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कृषक सहायता घटक के तहत 1500 प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा मोटे आनाज और अन्य खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए 2400 प्रदर्शन प्लाट लाभान्वित किसानों के खेतों में लगवाए जाएंगे। डॉ. सुनील चौहान ने किचन गार्डनिंग मैनुअल के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन किया।

# गाड़ी के टायर चोरी कर ले गए चोर

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बल्ह बिहाल पंचायत मेंब चोर गाड़ी के चारों टायर चोरी कर ले गए। शादी समारोह से लौटा परिवार रात को गाड़ी को सड़क किनारे पार्क कर घर में आराम कर रहा था। सुबह जब उनकी नींद खुली और वह गाड़ी से कुछ सामान लाने के लिए गए, तो गाड़ी के चारों टायर गायब थे और गाड़ी बड़े ही सलीके से पत्थरों पर खड़ी कर दी गई थी। शिकायतकर्ता मंजू महंत पुत्री विमला देवी गांव बिहाल का कहना है कि गाड़ी के टायर चोरी होने से उन्हें हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने शक के आधार पर पुलिस के पास आरोपियों के नाम भी शिकायत में लिखवाए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपियों के साथ उनका पहले से झगड़ा चल रहा है। इस बात को लेकर उन्हें दिन-रात परेशान किया जा रहा है और अब गाड़ी के टायर चोरी कर परेशान करने की कोशिश की गई है। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा का कहना है कि टायर चोरी होने की शिकायत पुलिस के पास आई है। मामला दर्ज कर आगामी छानबीन की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ


सोमवार दोपहर जिला कांगड़ा के दौरे के लिए जाते समय हमीरपुर सर्किट हाउस में पहुंचने पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का स्वागत करते डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह।

### रंगस पंचायत में समझाया पोषण का महत्व



**अनंत ज्ञान, रंगस।** बाल विकास परियोजना हमीरपुर के सौजन्य से पंचायत रंगस में पोषण पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय कुमार गर्ग ने की। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य सुमन लता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मुख्यातिथि ने किशोरियों और गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए और अपनी थाली में पौष्टिक आहार को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। वृत्त पर्यवेक्षक अमन डोगरा ने कहा कि इस बार का पोषण पखवाड़ा चार मुख्य विषयों-बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन (गर्भावस्था से लेकर बच्चों के दो वर्ष तक), लाभार्थी को पोषण के मॉडल पर काम करने के लिए प्रेरित करना, कुपोषण का सीएमएएम मॉड्यूल के माध्यम से प्रबंधन और बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना तथा उन्हें जंक फूड से बचाने पर केंद्रित है।

### मन्वी गांव में 23 अप्रैल को होगा दंगल

**अनंत ज्ञान, जाहू।** मन्वी गांव में 19वां दंगल का आयोजन 23 अप्रैल को होगा। केमटी के प्रधान रविदत्त शर्मा ने बताया कि 22 अप्रैल शाम को सवाल होंगे। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को शाम को आने वाले सभी पहलवानों के लिए भोजन की व्यवस्था भी होगी। कमेटी के प्रधान व सदस्यों ने बताया कि हिमाचल के लड़कों के लिए छोटी माली का आयेजन किया गया है। इसमें 25 साल की आयु तक के पहलवान भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त बड़ी माली की अलग से कुश्ती होगी। पहलवानों का राजिस्ट्रेशन 23 अप्रैल को 2 बजे तक होगा।

### चालक-परिचालक महासंघ के चुनाव 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकारी-अर्द्ध सरकारी चालक-परिचालक महासंघ की राज्य कार्यकारिणी के चुनाव 27 अप्रैल को हमीरपुर के निकट सलासी स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में होंगे। महासंघ के जिला प्रेस सचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन चुनावों में सभी 12 जिलों के 15-15 डेलीगेट भाग लेंगे। राज्य कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महासचिव के पदों का चुनाव होगा। इन पदों के लिए नॉमिनेशन फॉर्म 23 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं। 25 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। चारों पदों के लिए कोई भी चालक परिचालक नॉमिनेशन फॉर्म भर सकता है।

### जगदीश चंद निर्विरोध तीसरी बार बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ टौणी देवी खंड इकाई का सत्र 2025-27 का द्विवार्षिक चुनाव पर्यवेक्षक जगदीश चंद्र शर्मा (कारगू) व अवनीश कुमार की देखरेख में टौणी देवी माता मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में खंड की आम बैठक हुई। इसमें वर्ष 2023-25 के लेखे-जोखे को रखा गया व बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन होने के उपरांत खंड प्रधान द्वारा कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की गई। इसी के साथ पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। खंड प्रधान पद के लिए सुभाष शर्मा द्वारा जगदीश चंद्र शर्मा का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसका मिल्खी राम शर्मा व रोशन लाल पटियाल ने समर्थन किया गया। अन्य कोई नाम प्रस्तावित न होने पर जगदीश को सत्र 2025-27 के लिए पुनः निर्विरोध खंड प्रधान चयनित किया गया। इसके अलावा खंड महासचिव पद के लिए चत्तर सिंह ठाकुर तथा कोषाध्यक्ष के पद पर सुभाष चंद कानूनगो को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। कार्यकारिणी में अन्य पदाधिकारियों के मनोनयन के लिए हाउस द्वारा खंड प्रधान को प्राधिकृत किया गया। नवनिर्वाचित खंड पदाधिकारियों के चुने जाने पर उन्हें पद गोपनीयता व निष्पक्षता की शपथ दिलाई गई। जिला प्रधान केसी गौतम द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं तथा खंड चुनाव निर्विरोध संपन्न होने पर पर्यवेक्षकों व पेंशनर्स का चुनाव प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया। बैठक में उपस्थित पेंशनर्स ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी, जिनमें धर्म सिंह चौहान, शंभू राम जसवाल, रोशन लाल पटियाल, सुभाष शर्मा, रंजीत सिंह ठाकुर, कुलदीप शास्त्री, मिल्खी राम शर्मा, प्रेम चंद शर्मा, देश राज शर्मा, रोशन गुप्ता, रक्षपाल, ओमप्रकाश भाटिया, जनक राज, बलवीर, लवकेश, कुलवीर परमार, प्रीतम चंद सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लिया।

### 70 पदों के लिए साक्षात्कार 23 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज सिस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पद पुरुष वर्ग में भरे जाएंगे। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इसके लिए साक्षात्कार 23 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में होगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं होने के साथ-साथ आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। अक्षय शर्मा ने बताया कि कंपनी द्वारा मासिक वेतन 17,500 से 21 रुपए, ईएसआई, ग्रेच्युटी, ईपीएफ, बोनस और इंश्योरेंस की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड व बायोडाटा सहित उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार में आने के लिए किसी भी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कल से नौणे दा पट्टा में

**अनंत ज्ञान, रंगस।** श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन जोलसप्पड़ पंचायत के नौणे दा पट्टा में 23 अप्रैल से किया जाएगा। 30 अप्रैल तक चलने वाले इस ज्ञान यज्ञ में पंडित विपनरत्न भारद्वाज लोगों को प्रवचन देंगे।

आयोजक कमेटी के सदस्यों शक्ति चंद, प्रकाश चंद, हेमराज शर्मा, शिवचरण शर्मा, अंजनी शर्मा, विपिन कुमार, विनय शर्मा, सन्नी शर्मा ने बताया कि 23 को सुबह 11 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। आरती प्रतिदिन सुबह 7 से 10 तक होगी, जबकि कथा दोपहर 12 से शाम 3:30 बजे तक होगी। संध्याकालीन आरती एवं हरि कीर्तन शाम 7:30 से रात्रि 10 बजे तक होगा। 30 अप्रैल को कथा विश्राम के बाद पूर्णाहूति डाली जाएगी और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# जेपी नड्डा के आंकड़ों ने खोली प्रदेश सरकार की पोल : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा हालही में हिमाचल दौरे के दौरान जारी किए गए आंकड़ों से प्रदेश सरकार के केंद्र द्वारा मदद नहीं मिलने के दावे की पोल खुल गई है। राजेंद्र राणा ने कहा कि नड्डा द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि केंद्र सरकार हिमाचल को लगातार सहायता प्रदान कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार इन तथ्यों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है, लेकिन अब सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। राणा ने कहा कि नड्डा ने प्रदेश सरकार पर नॉन परफॉर्मिंग होने का आरोप लगाते हुए यह भी खुलासा किया कि जब वे पहली बार केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री बने थे, तब हिमाचल प्रदेश के लिए 100 करोड़ रुपए की मेडिकल डिवाइस पार्क योजना स्वीकृत करवाई थी, जिसके तहत 25 करोड़ की पहली किश्त भी जारी कर दी गई थी, लेकिन हैरानी की बात है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने यह कहकर यह राशि लौटा दी कि यह कार्य उनसे नहीं हो पाएगा। पूर्व विधायक ने सवाल उठाया कि सुक्खू सरकार को सत्ता में आए दो साल से ज्यादा का समय हो चुका है, फिर भी उन्होंने इस योजना पर कोई संज्ञान नहीं लिया। राणा ने प्रदेश सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का भी आरोप लगाया।

# गोशाला में बंधी बछड़ी पर तेंदुए ने किया हमला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वन परिक्षेत्र हमीरपुर के अंतर्गत बल्ह गांव के वार्ड नंबर-दो में रविवार को तेंदुए ने गोशाला में बंधी हुई बछड़ी पर हमला कर घायल कर दिया। बछड़ी के चिल्लाने की आवाज सुनकर पशु मालिक जैसे ही गोशाला में पहुंचे, तो तेंदुआ भाग गया। पशु मालिक कमलेश देवी ने कहा कि रात करीब 2:30 बजे तेंदुए ने गोशाला में बंधी हुई बछड़ी हमला कर दिया और बछड़ी को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले एक-दो माह से बल्ह, मोहिं और मनियाना गांव के आसपास तेंदुआ सुबह-शाम घूमता रहता है। कुछेक स्थानों पर ग्रामीणों ने तेंदुए के पंजों के निशान भी देखे हैं। उन्होंने कहा कि शाम ढलते ही घरों के आसपास तेंदुए की दहाड़ से लोग घरों में दुबकने के लिए मजबूर हो गए हैं। वहीं, अब पालतू पशुओं पर हमले से लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तेंदुओं को पकड़ने की गुहार लगाई है और गांव के आसपास पिंजरा लगाने की भी मांग की है। वहीं कार्यकारी अधिकारी, वन परिक्षेत्र हमीरपुर अंकुश कुमार ने कहा कि तेंदुए के हमले के बारे में कोई भी शिकायत नहीं आई है।

# बेमौसमी बारिश ने किसानों की मेहनत पर फेरा पानी



**एसके ठाकुर, बड़सर**

सोमवार सुबह भारी बारिश एवं ओले पड़ने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। किसानों का कहना है की भारी भरकम गेहूं की बीजाई पर खर्च किया था।

किसानों को यह भी आस लगी हुई थी कि इस बार गेहूं की फसल भरपूर होगी, लेकिन फसल की कटाई के दौरान मौसम की ऐसी मार पड़ी कि किसानों को मायूसी के सिवाय कुछ हाथ नहीं लग रहा है। हालांकि, कुछ फसल खड़ी भी थी, ओले पड़ने से खड़ी फसल का रंग काला पड़ गया है। सोमवार को सुबह-सुबह बिझड़ी, बीहड़ू , लोहारी, बाल बिहाल, लखोह, गरड़ी, कोहला, महारल आदि क्षेत्रों में ओले व बारिश-तूफान से सारी फसल बर्बाद हो गई है। किसानों ने हिमाचल सरकार से बारिश से गेहूं की फसल के नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# प्रस्तावित स्पाइस पार्क स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ेगा : कै. रणजीत


समस्याएं सुनने के दौरान विधायक कै. रणजीत सिंह के साथ गांवों के लोग।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

- विधायक ने निहारी बुगधार में लोगों की समस्याओं को जाना

उपमंडल सुजानपुर के निहारी व बुगधार गांव में विधायक कै. रणजीत सिंह ने विधायक आपके घरद्वार कार्यक्रम के तहत जनता से परिचित होकर जनसमस्यायों को सुना। विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य व सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को अवगत करवाया।

विधायक ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। राज्य की खुशहाली का रास्ता खेतों से होकर जाता है और सुक्खू सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमीरपुर में प्रस्तावित स्पाइस पार्क स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ेगा और युवाओं के लिए रोजगार व उद्यमिता के नए अवसर पैदा करेगा। यह मुख्यमंत्री सुक्खू का हमीरपुर जिले के लिए बहुत बड़ा तोहफा है। विधायक ने कहा कि जहां मुख्यमंत्री प्रदेश में परिवर्तन ला रहे हैं, उसी तरह उन्होंने सुजानपुर विधानसभा की काया को पलटने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। विधायक ने कहा कि पंचायत करोट के लिए मुख्यमंत्री ने डे-बोर्डिंग स्कूल की बहुत अच्छी सौगात दी है।

# सागर स्पोर्ट्स अकादमी में 27 को ट्रायल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी द्वारा भोरंज क्षेत्र के युवाओं के लिए ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रायल में भाग लेने के लिए पात्र लड़के और लड़कियों का चयन किया जाएगा, जिनका जन्म एक जनवरी, 2012 को या उसके बाद हुआ है, उनका चयन अकादमी में किया जाएगा। सागर स्पोर्ट्स अकादमी ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि वह 27 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे सागर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आधार कार्ड के साथ उचित किट के साथ आएं। ट्रायल केवल स्थानीय लड़के और लड़कियों के लिए सीमित हैं। ट्रायल का संचालन विद्यासागोस शर्मा पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच, बीसी कौशल पूर्व मुख्य कोच एनएसएनआई पटियाला, अनूप कांत एक प्रख्यात वॉलीबाल खिलाड़ी और बिक्रम सिंह वॉलीबाल कोच द्वारा किया जाएगा।

# नड्डा अपने राज्य में आकर बन जाते हैं झूठ बोलने की फैक्टरी : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पर जोरदार हमला बोला है। उनके हिमाचल दौरे को लेकर कौशल ने कहा कि वे जब भी हिमाचल दौरे के लिए यहां पहुंचते हैं, वे झूठ बोलने की फैक्टरी बन जाते हैं।

प्रदेश सरकार एवं नेशनल हेराल्ड मुद्दे पर उनके द्वारा दिए गए वक्तव्यों पर हमीरपुर में पत्रकार वार्ता में प्रेम कौशल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अपने राज्य में आकर झूठ बोलने की फैक्टरी बन जाते हैं। कौशल ने कहा कि जब नड्डा हिमाचल के दौरे पर आते हैं, तो उनके हिमाचली होने के नाते प्रदेश वासियों को उनसे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे प्रदेश के लिए किसी ठोस आश्वासन अथवा केंद्रीय सहायता की उम्मीद रहती है, लेकिन वे सदैव झूठ बोलकर और राजनीतिक बयानबाजी कर प्रदेश वासियों को मायूस करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड के फर्जी केस में ईडी का दुरुपयोग कर, जो साजिश भाजपा सरकार ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी तथा आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले समाचार पत्र के विरुद्ध रची है, वह राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता तथा नरेंद्र मोदी की खराब होती छबि की झुंझलाहट एवं बौखलाहट का ही नतीजा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि नड्डा का हिमाचल सरकार के न चल पाने और सत्ता छोड़ देने के वक्तव्य के पीछे भी उनकी हताशा झलकती है क्योंकि उनका संबंध हिमाचल से है और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष होते ही प्रदेश के चुनावों में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा। उसके उपरांत उन्हीं के द्वारा प्रदेश सरकार को गिराने के लिए रचे गए चक्कर व्यूह में भी वह खुद फंस कर रह गए।

# विश्व हिंदू परिषद की इकाई को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विश्व हिंदू परिषद हमीरपुर में कार्यक्रम के मुख्यातिथि केंद्रीय संयुक्त महामंत्री विहिप सुरेंद्र जैन, महंत सर्वेश्वरानंद सरस्वती, प्रांत महामंत्री विहिप तुषार डोगरा, कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल सोनी, पंकज भारतीय, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी, जिला संरक्षण नरेश कपिल, जिला महामंत्री शेर सिंह ठाकुर, सुजानपुर के अध्यक्ष सुरेश रांगड़ा, उपाध्यक्ष प्रकाश सडियाल और जिला के पदाधिकारी और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इसमें महंत और सुरेंद्र जैन ने प्रदेश और देश में विश्व हिंदू परिषद की पूरी परिक्रमा और अपने देश में अनेक घटनाओं का विवरण दिया और इस कार्यक्रम में सुजानपुर विश्व हिंदू परिषद की इकाई को सम्मानित किया गया। इसका समापन हिंदू समाज एक हैं, तो श्रेष्ठ हैं और भारत माता के नारों के साथ हुआ।

**आयोजन** वॉलीबाल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन, 8 टीमों ने लिया हिस्सा

# रैल की टीम ने जीता वॉलीबाल टूर्नामेंट


पन्याली पंचायत में यूथ क्लब पन्याली की ओर से वॉलीबाल टूर्नामेंट के आयोजन पर ट्रॉफी के साथ विजेता रैल की टीम।

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

पन्याली पंचायत में यूथ क्लब पन्याली ने एकदिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस टूनामेंट में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में युवा भाजपा नेता राहुल चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया व टूर्नामेंट का अंतिम मुकाबला पन्याली और रैल की टीमों के बीच खेला गया। इसमें रैल की टीम ने पन्याली टीम को पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। रैल की विजेता टीम को 5100 रुपए और रनर टीम पन्याली को 3100 रुपए और मोमेंटो दिए गए। इस मौके पर राहुल चौहान ने युवाओं को नशों से दूर रहने को कहा। उन्होंने कहा कि खेलों के महत्व को समझने से खेल भावना का निर्माण करने में मदद मिलती है और खेलों में शामिल व्यक्ति सफलता और असफलताओं से अधिक उत्पादक रूप से निपटने में सक्षम होते हैं। जीतना और हारना प्रक्रिया का एक हिस्सा है और इस प्रकार यह समझ पैदा करना आवश्यक होगा कि खेल मानव प्रगति के लिए कैसे फायदेमंद हो सकते हैं।

### क्रिकेट टीम का ट्रायल 24 को अमतर में

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम अमतर में अंतर जिला स्तरीय वुमेन सीनियर क्रिकेट टीम के ट्रायल का आयोजन वीरवार 24 अप्रैल को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि 24 अप्रैल को इंटर जिला स्तरीय वुमेन सीनियर क्रिकेट टीम के ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रायल सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी समय पर स्टेडियम में पहुंचकर अपनी डॉक्यूमेंटेशन करवाएं।

# डांस, सिंगिंग और एक्टिंग के लिए ऑडिशन 26 को

**शशि सोनल, नादौन।** नादौन के भरमोटी में स्थित आर्या पब्लिक स्कूल में टैलेंट वर्ल्ड सीजन 4 के लिए ऑडिशन का आयोजन 26 अप्रैल को किया जा रहा है। इसमें स्कूली बच्चों से लेकर 50 साल की आयु तक के लोग अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डांस, सिंगिंग, एक्टिंग, मॉडलिंग, आर्ट-क्राफ्ट, योग आदि में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिलेगा।

ऑडिशन निशुल्क होंगे। यह जानकारी देते हुए साधना प्लस के प्रसिद्ध प्रोग्राम टैलेंट वर्ल्ड के प्रतिनिधि एसके अरोड़ा ने बताया कि सीजन-3 के ऑडिशन हो चुके हैं, अब सीजन 4 के ऑडिशन शनिवार को शाम 3 बजे से 5 बजे तक भरमोटी में होने जा रहे हैं। पहले व दूसरे राउंड के ऑडिशन टीवी पर नहीं दिखाए जाएंगे, जबकि 3-4 राउंड के ऑडिशन दिखाए जाएंगे। सीजन -4 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पांच लाख तक के ईनाम दिए जाएंगे। स्कूली बच्चों को होने वाले ऑडिशन बारे जागरूक किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया प्रशिक्षु अध्यापकों का जन्मदिन


त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्रशिक्षु अध्यापकों का जन्मदिन मनाते हुए।

**सुनील कुमार, हमीरपुर**

त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज के अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में फरवरी से अप्रैल तक के महीने में आने वाले प्रशिक्षु अध्यापकों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

प्रशिक्षु अध्यापकों के जन्मदिवस पर उत्साह पूर्वक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षु अध्यापकों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रशिक्षु अध्यापकों को कॉलेज प्रबंधन की तरफ से उनके जन्म दिवस पर सुंदर-सुंदर तोहफे दिए। प्रशिक्षु अध्यापकों ने जन्म दिवस को मनाने के लिए एनकेशर्मा का धन्यवाद किया और बताया कि यह उनके जीवन का पहला जन्मदिन है, जो कि इतने अच्छे से कॉलेज परिसर में सबके साथ मनाया गया। प्रशिक्षु अध्यापकों ने अपने जन्मदिन बनाने के लिए धन्यवाद किया। कॉलेज अध्यक्ष ने प्रशिक्षु अध्यापकों को बताया कि जीवन में खुश रहने के लिए छोटी-छोटी खुशियों में खुश रहना चाहिए। ईको क्लब की संयोजक चंपा ठाकुर ने प्रशिक्षण अध्यापकों से पौधरोपण करवाया। कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्य पूनम भारद्वाज ने भी प्रशिक्षण अध्यापकों को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में कॉलेज की कार्यकारी प्रॉचार्य तथा अन्य स्टाफ व बीएड द्वितीय व चतुर्थ सत्र तथा डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापक शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ओवरलोड बोलेरो खाई में गिरी, एक मौत, 25 घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के दूरस्थ क्षेत्र डोडरा क्वार में सोमवार को एक ओवरलोड बोलेरो कैंपर (एचपी 10ए-6385) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें एक महिला की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। यह हादसा दिन में करीब सवा 11 बजे छबोड़ कैंची के पास हुआ जब बोलेरो डोडरा से गोसंगों पुल की ओर जा रही थी। हादसे में जान गंवाने वाली महिला की पहचान 35 वर्षीय शाना देवी पत्नी कमल चंद, निवासी डा गांव (डोडरा क्वार) के रूप में हुई है। वाहन में कुल 26 लोग सवार थे जो सभी डोडरा क्षेत्र के निवासी हैं। हादसे के वक्त बोलेरो में तीन बच्चे भी सवार थे और वे सौभाग्यवश सुरक्षित हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो में क्षमता से अधिक लोग बैठे हुए थे। इस वजह से वाहन असंतुलित हो गया और गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तथा राहत दल मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बेहतर इलाज के लिए सिविल अस्पताल संधासू रैफर किया गया है जबकि अन्य 20 घायलों का इलाज डोडरा क्वार अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही चिड़गांव थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। डीएसपी रोहड़ू प्रणव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बोलेरो में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। इससे गाड़ी नियंत्रण खो बैठी और यह हादसा हो गया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है और चिड़गांव थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### राज्यपाल ने लिया मां ज्वालाजी का आशीर्वाद



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कांगड़ा जिला के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ज्वालाजी पहुंचे। उन्होंने मां के चरणों में शीष नवाया और पूजा अर्चना की। उन्होंने इस दौरान प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक देहरा मयंक चौधरी तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### चिट्टा तस्करी गिरोह पर शिकंजा, पांच काबू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला की ठियोग पुलिस ने चिट्टा तस्करी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कार्तिक वर्मा पुत्र ओपी वर्मा निवासी आयुष भवन, नांगल देवी, तहसील ठियोग, जिला शिमला, उम्र 25 वर्ष, राहुल शर्मा पुत्र रामानंद निवासी गांव थूंड, डाकघर जनेरघाट, सब-तहसील जुंगा, जिला शिमला, उम्र 25 वर्ष, संदीप पुत्र राय सिंह निवासी गांव शपड़ा, डाकघर चांबी, तहसील कोटखाई, जिला शिमला, उम्र 32 वर्ष, अंकुश टांटा पुत्र देवेंद्र टांटा निवासी गांव मिहाना, डाकघर डोची, तहसील जुब्बल, जिला शिमला, उम्र 35 वर्ष और पपिल भूषण पुत्र गैहरू राम निवासी गांव निहाड़ी, डाकघर रत्नाड़ी, तहसील कोटखाई, जिला शिमला, उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है। दरअसल इस मामले में 9 जनवरी 2025 को रहिघाट बाइपास के समीप एक आरोपी हर्ष सैनी निवासी गांधी कॉलोनी, रुड़की, हरिद्वार से 76 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। डीएसपी सिद्धार्थ शर्मा का कहना है कि पुलिस इस गिरोह की गतिविधियों और नेटवर्क को उजागर करने के लिए लगातार छापेमारी और पूछताछ में जुटी हुई है।

### युमनाघाट के पास पेड़ से लटका शव बरामद

**अनंत ज्ञान, पांवटा।** यमुना घाट के नजदीक रास्ते पर बीते रविवार को पेड़ से लटकी एक अज्ञात व्यक्ति के लाश बरामद की है। सूचना मिलते ही पांवटा पुलिस की टीम एसएचओ देवी सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और पेड़ से लटकी क्षत विक्षत हालत में उतारकर कब्जे ली। पुलिस ने अज्ञात शव को पोस्टमार्टम के लिए पांवटा सिविल अस्पताल भेज दिया है। एसएचओ देवी सिंह ने मौके पर पुष्टि करते हुए कहा कि लगता है कि शव कई दिनों से लटका है। जोकि क्षत विक्षत हालात में था। अभी तक पुलिस स्टेशन में कोई मिसिंग रिपोर्ट दर्ज नही हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है शव की शिनाख्त के लिए कार्रवाई जारी है।

# मशीनों में नहीं हो रही एंट्री, डिपोधारक कैसे दें उपभोक्ताओं को राशन?

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

### प्रदेश में बुरी तरह चरमरा चुका है पीडीएस सिस्टम



प्रदेश में पीडीएस सिस्टम चरमराया कहीं गोदामों से भेजा राशन की पीओएस मशीनों में नहीं हो रही एंट्री तो कहीं निगम के गोदामों से डिपुओं तक राशन पहुंचाने ठेकेदार कर रहे आनाकानी। डिपो संचालक व उपभोक्ता परेशान प्रदेश में पीडीएस सिस्टम बुरी तरह चरमरा चुका है।

यह आरोप प्रदेश डिपो संचालक समिति ने लगाया। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में डिपो धारकों के बिल निगम के गोदामों से कट चुके हैं और डिपो धारकों ने अपने डिपुओं में मिलने वाले निर्धारित कोटे के पैसे भी जमा करवा दिए हैं और डिपुओं में राशन भी आ चुका है, लेकिन डिपुओं पर लगी पीओएस मशीनों में राशन की एंट्री न होने की वजह से डिपो धारक उपभोक्ताओं को राशन वितरित करने में असमर्थ हैं।

### निगम डिपोधारकों को गोदामों से कम किराये पर राशन उठाने का बना रहा दबाव

**प्रदेश** अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि कई जिलों में डिपो धारकों ने निगम के गोदामों में करीब दस दिन पूर्व अपना राशन का परमिट दे दिया है और निगम ने राशन की पूरी राशि भी डिपो धारकों से निगम के खाते में जमा करवा ली है, लेकिन ठेकेदारों द्वारा माह के अंत तक भी डिपुओं पर राशन उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कई जिलों में तो ठेकेदार बीच में ही ठेका छोड़कर भाग गए हैं। अब निगम डिपो धारकों को गोदामों से कम किराए पर राशन उठाने का दबाव बना रहा है। खाद्य आपूर्ति निगम डिपो धारकों को जिस किराए पर राशन उठाने के लिए बाध्य कर रहा है उस किराए में कोई भी गाड़ी वाला निगम के गोदाम से राशन पहुंचाने के लिए तैयार नहीं है। स्थिति यह है कि यदि निगम द्वारा दिए जा रहे कम किराए पर डिपो धारक राशन उठते हैं तो गाड़ी का अतिरिक्त किराया डिपो धारकों को अपनी जेब से भरना पड़ेगा और डिपो धारक इस किराए में राशन नहीं उठाते हैं तो न तो डिपो धारकों को राशन पर मिलने वाला कमीशन मिलेगा और न ही उपभोक्ताओं को सस्ता राशन।

### सरकार और विभाग समस्या का करे शीघ्र समाधान : अशोक कवि

**अशोक** कवि ने कहा कि डिपुओं पर आए राशन की एंट्री मशीनों में न होने के बारे मे जब हेल्प लाइन 1967 पर कॉल कर रहे हैं तो टेक्निकल इशू बता कर पल्ला झाड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब माह के मात्र नौ दिन शेष बचे हैं जिन डिपुओं पर अधिक राशन कार्ड दर्ज हैं उन डिपो धारकों को इतने कम समय में राशन वितरित करना संभव नहीं होगा। माह के अंतिम दिनों में हमेशा सर्वर की समस्या भी रहती है। ऐसी स्थिति में प्रदेश में हजारों की संख्या में लोग सस्ते राशन से वंचित रह जाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने सरकार व विभाग से इस इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

# हिमाचल कांग्रेस में बड़े मंथन की तैयारी

## प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में आज होगी बैठक, सूबे के कई बड़े नेता होंगे शामिल

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

अहमदाबाद में सीडब्ल्यूसी की मीटिंग के बाद हिमाचल कांग्रेस ने राज्य मुख्यालय में मंथन की तैयारियां सिरे चढ़ा दी है। जिसमें प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री समेत पार्टी के तमाम संगठन शामिल होंगे। ये बैठक सूबे के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित होगी। बैठक दोपहर बाद 3:00 बजे शुरू होगी। बाकायदा इस संदर्भ में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित सभी मंत्रियों व विधायकों को बैठक के लिए सूचित किया है।

**नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर होगा पलटवार**

काबिले गौर है कि देशभर में आजकल सुर्खियां बटोर रहे नेशनल हेराल्ड मामले की सच्चाई बताने राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी मंगलवार को शिमला पहुंच रहे हैं। पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में गहलोत मीडिया से मुखातिब होंगे और भाजपा के आरोपोन पर सरकार का पक्ष रखेंगे।

वहीं पर यह भी बताया जा रहा है कि 23 अप्रैल को कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल के भी शिमला पहुंच रही है। विधायक दल की बैठक से पहले रजनी पाटिल सभी विधायकों, 2022 विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों, बोर्डों और निगमों के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और राज्य फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों, कांग्रेस के साथ बैठक करेंगी। बैठक में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और सभी मंत्री और विधायक शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

**सीएम की अध्यक्षता में होगी बैठक**



### कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन को लेकर होगा विचार

**संभावना** जताई जा रही है कि प्रदेश में कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन लेकर भी विचार विमर्श हो सकता है। बीते दिनों ही प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को रिपोर्ट सौंप चुकी हैं। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से भी गठन को लेकर मंजूरी मिल चुकी है। ऐसे में कि शिमला पहुंचकर पाटिल पार्टी के नेताओं से चर्चा कर जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर सकती हैं।

### सीडब्ल्यूसी की बैठक में लिए निर्णयों पर होगी चर्चा : प्रतिभा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया है कि अहमदाबाद में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कार्य समिति की बैठक व बेलगाम में विस्तारित सीडब्लूसी की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी।

### संविधान बचाओ अभियान की रूपरेखा पर होगी बातचीत

**बैठक** में संविधान बचाओ अभियान की रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श करते हुए इस अभियान के कार्यन्वयन को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रतिभा सिंह ने प्रदेश विधानसभा के सभी विधानसभा हलकों के पार्टी विधायको और जो 2022 के विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी रहें हैं, सभी आमंत्रित नेताओं को इस बैठक में आवश्यक तौर पर उपस्थित होने को कहा है।

# देशभर में नेशनल हेराल्ड स्कैम का बचाव करना शर्मनाक : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा नेशनल हेराल्ड में हुई धांधलेबाजी को भ्रष्टाचार न बताना अत्यंत शर्मनाक है। कांग्रेस नेताओं द्वारा देश भर में घूम-घूम कर उनका बचाव करना कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है कि वह लोग देश की संपत्ति को गांधी परिवार की संपत्ति समझते हैं।

देश की संपत्ति के साथ भ्रष्टाचार करना कांग्रेस अपना अधिकार समझती है, लेकिन अब वह दौर बीत गया है जब कांग्रेस जैसे चाहे भ्रष्टाचार करे और उसके ऊपर कोई उंगली न उठे। नेशनल हेराल्ड के खिलाफ चल रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई कोर्ट के निर्देश पर हो रही है। कांग्रेस के बड़े-बड़े वकीलों द्वारा सारे प्रयास करने के बाद भी किसी भी कोर्ट द्वारा कांग्रेस को कोई राहत नहीं मिली है।

स्पष्ट है कि इस पूरे प्रकरण में घोटाला हुआ है। घोटालेबाजों को कानून के दायरे में लाना देश की जांच एजेंसियों का दायित्व है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार सारा काम छोड़कर कांग्रेस के नेताओं ने पहले ईडी कार्यालय का पूरे देश में घेराव कर दबाव में लेने की कोशिश की। इसके बाद भी उन्हें कोई लाभ नहीं हुआ तो अब कांग्रेस के नेता पूरे देश में घूम-घूम कर नेशनल हेराल्ड मामले में हुए भ्रष्टाचार का समर्थन कर रहे हैं। उससे कांग्रेस की मूल प्रवृत्ति सामने आती है। जब तक सत्ता में रहे तब तक कांग्रेस की सरकार ने लाखों करोड़ों के घोटाले किए। एक कंपनी जिसमें 5000 शेयर धारक हों और जिसके पास 2000 करोड़ की अचल संपत्ति हो उस कंपनी को 90 करोड़ का लोन राजनीतिक पार्टी द्वारा देना और एक नई कंपनी बनाकर 2000 करोड़ की संपत्ति 50 लाख में खरीद लेना और राजनीतिक पार्टी द्वारा लोन माफ कर देना क्या भ्रष्टाचार नहीं है?

वहीं जयराम ठाकुर ने कहा कि शिमला सचिवालय के पास प्रदर्शन कर रहे दिव्यांगजनों के साथ पुलिस द्वारा किया गया बल प्रयोग गलत है। सरकार उनकी मांगों पर फानभूतपूर्वक विचार करें। साथी उनके साथ संवाद स्थापित करे, उनके साथ इस प्रकार बार-बार का बल प्रयोग गलत है।

# सिरमौर में 5000 खैर के पेड़ों के कटान पर हाईकोर्ट सख्त

**अनंत ज्ञान, शिमला**



सिरमौर में 5000 खैर के पेड़ों का अवैध कटान पर हाईकोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया व न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने उक्त मामले में राज्य सरकार को वास्तुस्थिति से अवगत करवाने के आदेश जारी किए हैं। मामले पर सुनवाई 27 मई को निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि सिरमौर जिले के त्रिलोकपुर जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध खैर कटान का मामला सामने आया था। मुख्य न्यायाधीश के नाम लिखे पत्र के अनुसार, पिछले 8 महीनों में करीब 5000 खैर के पेड़ काटे जा चुके हैं, और इस दौरान जंगल की भूमि को तीन फीट तक खोदकर जड़ें तक उखाड़ ली गई हैं। इस अवैध कटान में हिमाचल और हरियाणा के ठेकेदारों की मिलीभगत बताई गई है। यह खैर कटान त्रिलोकपुर के प्रसिद्ध बालासुंदरी मंदिर और वन विभाग के रेंज ऑफिसर कार्यालय के पास ही हो रहा था, लेकिन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह माफिया रातों-रात लकड़ी को फैक्टरियों या अन्य स्थानों पर बेच रहा था, जिससे करोड़ों का अवैध व्यापार हुआ।

खैर माफिया ने पहले निजी भूमि से पेड़ काटने की अनुमति ली थी, लेकिन इस अनुमति की आड़ में जंगल के हजारों पेड़ काट दिए। खैर की लकड़ी की बाजार में भारी मांग है और एक पेड़ की कीमत एक लाख तक हो सकती है। ऐसे में, 5000 पेड़ों के अवैध कटान से करोड़ों का अवैध कारोबार होने की आशंका जताई जा रही है। पत्र में लोगों ने इस मामले में सख्त जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सीबीआई जांच की मांग पर किरण नेगी पहुंची हाईकोर्ट

**पुष्पेंद्र, शिमला।** चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी ने सीबीआई से इस मामले की जांच करने की याचिका दायर की गई है।


प्रार्थी ने अभी तक की एसआईटी जांच से असंतुष्ट होते हुए हाईकोर्ट से मांग की है कि इस मौत से जुड़े मामले की निष्पक्षता से जांच सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई को जांच सौंपने के आदेश जारी करने की मांग की है।

प्रार्थी ने एसआईटी अथवा प्रदेश पुलिस द्वारा विमल नेगी की मौत को बिना जांच आत्महत्या का मामला ठहराने पर अपनी आपत्ति दर्ज की है।

इस मामले में दस मार्च से लापता एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर रहे विमल नेगी निदेशक का शव 18 मार्च को बिलासपुर स्थित गोबिंदसागर झील में मिला था। (अनंत ज्ञान)

# भ्रष्टाचार के आरोप निराधार, नड्डा कर रहे बेतुकी बयानबाजी : नरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार जिला सोलन के नालागढ़ में बनने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क का कार्य तेजी से कर रही है। उन्होंने जगत प्रकाश नड्डा द्वारा प्रदेश सरकार पर मेडिकल डिवाइस पार्क पर ताला लगाने और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों को निराधार और हास्यास्पद बताया। नरेश ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा द्वारा आज हिमाचल में एक भी बड़ी परियोजना या कार्य पर काम नहीं किया है जिनका श्रेय हम नड्डा या केंद्र सरकार को दे पाएं। मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना को बंद करने और भ्रष्टाचार के निराधार आरोपों पर नड्डा को घेरते हुए कहा कि केंद्र सरकार नाम लेकर बताए कि हिमाचल सरकार में कौन भ्रष्ट है।

### कांग्रेस सरकार ने प्रदेश हित से कभी समझौता नहीं किया

**नरेश** ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कभी भी किसी भी मुद्दे पर प्रदेश हित से समझौता नहीं किया, राज्य सरकार ने पार्क के लिए केंद्र से प्राप्त 25 करोड़ रुपए ब्याज सहित वापस लौटाए हैं तथा 300 करोड़ इस परियोजना को स्वयं पूरा करने का निर्णय लिया है।

### मेडिकल डिवाइस पार्क में 130 करोड़ के काम सरकार कर रही

**इस** मेडिकल डिवाइस पार्क में 130 करोड़ के कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे है। पानी पहुंचाने का कार्य अंतिम चरण में है, बिजली का काम प्रगति पर है, सड़क निर्माण सहित अधोसंरचना विकास के कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। इस पार्क में राज्य सरकार विश्व स्तर की सुविधाएं प्रदान करेगी ।

# वकीलों ने किया छोटा शिमला थाने का घेराव

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सोमवार को शिमला के नवबहार में हुए अधिवक्ता प्रणव शर्मा पर पुलिस कर्मी द्वारा क्रूर हमले के विरोध में छोटा शिमला पुलिस थाने का घेराव किया।

सैकड़ों अधिवक्ता पुलिस थाना छोटा शिमला के सामने इकट्ठे हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बार एसो. ने इस मामले की तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव गांधी ने अधिवक्ताओं को यह बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ तुरंत ही निष्पक्ष जांच करते हुए एक सप्ताह के भीतर जांच की प्रतिलिपि बार एसोसिएशन को भेज दी जाएगी। आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल ने इसे अत्यंत गंभीरता से लिया तथा इस बात पर जोर दिया कि कानून को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार लोगों द्वारा इस तरह की कार्रवाई अस्वीकार्य है।

**वकील पर क्रूर हमले के खिलाफ भड़की बार एसो.**





**शिक्षा**

## स्विफ्ट चैट तकनीक के माध्यम से विद्यार्थी देश की किसी भी लाइब्रेरी से जुड़कर पढ़ सकेंगे किताबें

# बिलासपुर के 25 स्कूलों में शुरू होगी हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी सुविधा

**शुभम राही, बिलासपुर**



शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए बिलासपुर जिला हिमाचल प्रदेश का पहला ऐसा जिला बनने जा रहा है, जहां सरकारी स्कूलों की पारंपरिक लाइब्रेरी को पूरी तरह डिजिटल स्वरूप में बदला जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा शुरू की गई इस नवाचार पहल के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जिले के 25 स्कूलों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है।

यह परियोजना शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। जानकारी के अनुसार अब विद्यार्थी अपने स्कूल में बैठकर ही देश की किसी भी डिजिटल लाइब्रेरी से पुस्तकें पढ़ सकेंगे। इसके लिए स्विफ्ट चैट नामक एक आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, जो विभिन्न डिजिटल पुस्तकालयों को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ती है। इस माध्यम से बच्चे केवल स्थानीय किताबें ही नहीं, बल्कि देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों की डिजिटल सामग्री तक भी पहुंच बना सकेंगे। शिक्षा उच्च उपनिदेशक रेणु कौशल ने निर्देश जारी करते हुए बताया कि इन 25 स्कूलों में प्रत्येक को 400 से 500 स्क्वेयर फुट स्थान डिजिटल लाइब्रेरी के लिए समर्पित करना होगा। साथ ही उच्च गति इंटरनेट, कंप्यूटर, टैबलेट और स्मार्ट स्क्रीन जैसी आवश्यक तकनीकी सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी।

इस सुविधा के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ ई-बुक्स, ऑडियो बुक्स, वीडियो लेक्चर्स और इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स भी मिलेंगे। यह परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उस उद्देश्य के अनुरूप है, जिसमें डिजिटल शिक्षा को व्यापक बनाने की बात कही गई है। इसके माध्यम से न केवल विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होगा, बल्कि डिजिटल साक्षरता में भी भारी इजाफा होगा। इस पहल से यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में समानता लाई जा सके। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान खास खबर**

### शिक्षकों को मिलेगा लाभ

**डिजिटल** लाइब्रेरी केवल विद्यार्थियों तक ही सीमित नहीं होगी, बल्कि शिक्षक वर्ग भी इसका लाभ उठा सकेगा। अध्यापक स्वयं भी शोध और पाठ्य योजना निर्माण के लिए विविध स्रोतों तक पहुंच बना सकेंगे। साथ ही वे विद्यार्थियों को टेक-फ्रेंडली शिक्षा पद्धति अपनाकर और अधिक प्रभावशाली ढंग से पढ़ा सकेंगे।

### स्टाफ को दी जाएगी तकनीकी ट्रेनिंग

**शिक्षा** विभाग बिलासपुर का कहना है कि अगर यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहता है, तो भविष्य में जिले के अन्य स्कूलों में भी लागू किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा बजट आवंटन, उपकरणों की आपूर्ति और स्टाफ की तकनीकी ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### अनूठी पहल शिक्षा के क्षेत्र में बनेगी एक आदर्श मिसाल



**वहीं,** आपको बता दें कि बिलासपुर जिले की यह अनूठी पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श मिसाल बन सकती है। डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं न केवल बच्चों की सोच और ज्ञान को वैश्विक स्तर पर ले जाएंगी, बल्कि यह तकनीकी युग के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। यदि इस तरह की पहल प्रदेश के अन्य जिलों में भी अपनाई जाती है, तो हिमाचल प्रदेश डिजिटल शिक्षा की दिशा में देशभर में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकता है।



बिलासपुर जिला के 25 स्कूलों में स्विफ्ट चैट के माध्यम से डिजिटल लाइब्रेरी की जा रही है। इस सुविधा से देश के किसी भी कोने की लाइब्रेरी की किताब को विद्यार्थी अपने स्कूल में पढ़ सकता है। विद्यार्थियों को स्कूल में अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए इस कार्ययोजना पर कार्य किया गया है।

–रेणू कौशल, उच्च शिक्षा उपनिदेशक बिलासपुर।

दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम् ॥ सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति । वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते ॥

अर्जुन बोले-हे कृष्ण! युद्ध क्षेत्र में डटे हुए युद्ध के अभिलाषी इस स्वजन समुदाय को देखकर मेरे अंग शिथिल हुए जा रहे हैं और मुख सूखा जा रहा है तथा मेरे शरीर में कंप एवं रोमांच हो रहा है॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 22 अप्रैल 2025

# यहां माथा टेकने से मिलता है सभी संकटों से छुटकारा

# चांदी से बना है इस मंदिर का गर्भगृह, रोजाना लगती है भीड़

“

**भारत** में बहुत सारे खास मंदिर हैं। कुछ मंदिर तो इसलिए प्रसिद्ध हैं कि वहां जाने के कुछ दिन बाद ही लोगों को खुशखबरी मिल जाती है। ऐसा ही एक मंदिर है उत्तर प्रदेश के काशी के सीतापुर के महमूदाबाद कस्बे में। यह मंदिर मां संकटा का है। कहा जाता है कि इस मंदिर में जो भी सच्चे दिल से मांगा जाता है, वो जरूर मिलता है। काशी को यूं ही मोक्ष की नगरी नहीं कहा जाता है। यहां पर ऐसे-ऐसे सिद्धपीठ हैं, जहां पर दर्शन करने से भक्तों के सारे दुख खत्म हो जाते हैं। काशी की धार्मिक मान्यता है कि यहां के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर खुद भगवान शिव भक्तों को तारण मंत्र देकर जन्मों के बंधन से मुक्त करते हैं। यहीं से कुछ दूरी पर मां संकटा का मंदिर है, जहां पर दर्शन करने से जीवन में आने वाले सभी कष्ट खत्म हो जाते हैं।



# यहां पांडवों ने एक पैर पर खड़े होकर की थी पूजा



**धार्मिक** मान्यताओं के अनुसार, पांडव जब अज्ञातवास में थे तो उस समय वह आनंद वन (काशी को पहले आनंद वन भी कहते थे) आए थे और मां संकटा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर बिना अन्न-जल ग्रहण किए ही एक पैर पर खड़े होकर पांचों भाइयों ने पूजा की थी। इसके बाद मां संकटा प्रकट हुई और आशीर्वाद दिया कि गो माता की सेवा करने पर उन्हें लक्ष्मी व वैभव की प्राप्ति होगी। पांडवों के सारे संकट दूर हो जाएंगे। इसके बाद महाभारत के युद्ध में पांडवों ने कौरवों को पराजित किया था। मंदिर में दर्शन करने के बाद भक्त गो माता का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते हैं। इस सिद्धपीठ में जो भी भक्त सच्चे मन से मां को याद करते हुए उनकी पूजा करता है उसके सारे संकट दूर हो जाते हैं।

## मंदिर का इतिहास व महत्व

**संकटा मंदिर का गर्भगृह चांदी से बना है और यहां रोजाना भीड़ लगी रहती है। इस अनोखे मंदिर में माता संकटा देवी की मूर्ति स्थापित है। मंदिर सिर्फ न सिर्फ सीतापुर, बल्कि बाराबंकी, बहराइच, लखनऊ सहित पूर्वांचल के जिलों के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इतिहास में राजपूतों के संकट हरने के कारण इस मंदिर को संकटा देवी मंदिर के नाम से जाना जाने लगा। हालांकि, अब यह मंदिर धीरे-धीरे धाम बनता जा रहा है। मंदिर में मां संकटा के अलावा करीब एक दर्जन छोटे बड़े मंदिर स्थापित हैं। गंगा घाट किनारे स्थित माता संकटा का मंदिर सिद्धपीठ है। यहां पर माता की जितनी अलौकिक मूर्ति स्थापित है उतनी ही अद्भूत मंदिर की कहानी भी है। धार्मिक मान्यता है कि जब मां सती ने आत्मदाह किया था तो भगवान शिव बहुत व्याकुल हो गये थे। भगवान शिव ने खुद मा संकठा की पूजा की थी इसके बाद भगवान शिव की व्याकुलता खत्म हो गयी थी और मां पार्वती का साथ मिला था।**




## मुख्य द्वार पर गीता का संदेश

**मुख्य मार्ग पर स्थापित होने के कारण गुजरने वाले राहगीरों को मंदिर की भव्य छटा बरबस आकर्षित करती है। मंदिर के बाहर तीन दरवाजों में से मध्य द्वार पर महाभारत के दौरान अर्जुन को गीता का संदेश देते भगवान कृष्ण की झांकी स्थापित है। इसी के साथ माता रानी के सम्मुख भगवान विष्णु मंदिर व यज्ञशाला के साथ गगनचुंबी बद्री विशाल, जगन्नाथ, अन्नपूर्णा, संतोषी माता, काली माता, भैरव नाथ, बजरंगबली, द्वारिकाधीश, नवरत्न, पीतांबरा माई, खाटू श्याम मंदिर भी निर्मित हैं। मंदिर के गर्भगृह परिक्रमा मार्ग में भगवान राम, हनुमान, आदिदेव शंकरा राधा कृष्ण के मंदिर हैं। सरोवर में आदिदेव भगवान शंकर की आदमकद रौद्र रूपी प्रतिमा विराजमान है।**

## पाटेश्वरी देवी के अंश के रूप में है मान्यता

**संकटों** का नाश करने वाली मां भगवती के नाम पर बने इस मंदिर का नाम संकटा देवी कैसे पड़ा? इसको लेकर कोई खास प्रमाण नहीं है। संकटा देवी मंदिर की स्थापना भर्र राजपूतों ने ओर से करवाई गई थी। कहा जाता है कि भर्र राजपूतों ने अपनी कुल देवी पाटन (पाटेश्वरी) के अंश को लाकर स्थापना की थी और राजपूत किसी भी संकट के समय देवी की विधि- विधानपूर्वक पूजा-अर्चना किया करते थे। मान्यता है कि देवी मां से मांगी गयी मन्नत अवश्य पूर्ण होती है।



## कैसे पहुंचें संकटा मंदिर

**संकटा** मंदिर तक जाने के लिए नाव का प्रयोग किया जा सकता है। दशाश्वमेध या राजघाट से नाव लेकर सिंधिया घाट पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा चौक या मैदागिन की गलियों से होकर मंदिर तक जाने का रास्ता है। दोनों नवरात्र में यहां भक्तों की भीड़ होती है। शुक्रवार के दिन दर्शन-पूजन का विशेष महत्व है।

## नारियल व चुनरी के प्रसाद से खुश हो जाती हैं मां

**मां** संकटा को नारियल व चुनरी का प्रसाद चढ़ाया जाता है जिससे मां खुश हो जाती है। यहां पर चढ़ाए हुए नारियल का स्वाद भी बेहद अलग होता है। प्रसाद ग्रहण करते ही समझ में आ जाता है कि किसी सिद्धपीठ का दर्शन किया है।

## भक्तों के सहयोग से मिला मंदिर को भव्य स्वरूप

**अध्यक्ष** रमेश वाजपेयी बताते हैं कि आजादी के पूर्व तक संकटा देवी मैया का दरबार एक छोटी मठिया के स्वरूप में था। आजादी के बाद भक्तों द्वारा मंदिर के विकास में निरंतर करवाए जा रहे निर्माण के चलते मंदिर का स्वरूप पहले की अपेक्षा काफी भव्य हुआ है। गर्भगृह को चांदी से सुसज्जित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त अब मंदिर का परिसर काफी विशाल हो चुका है।

# कुंडली में सरकारी नौकरी का योग

**सरकारी** नौकरी लगने के लिए पहले सरकारी नौकरी का योग और सरकारी नौकरी में करियर, रोजगार होना चाहिए तब ही सरकारी नौकरी मिल पाएगी। बलवान दसवां भाव, दसवें भाव स्वामी और सूर्य मंगल गुरु यह इन्हीं की कृपा और आपसी इन ग्रहों का संबंध बलवान और शुभ दसवें भाव या दसवें भाव स्वामी से होने पर ही सरकारी नौकरी मिल पाएगी।





विभा शर्मा
ज्योतिषाचार्य, जोगिंद्रनगर

### मिथुन लग्न

**मिथुन** लग्न में दशमेश गुरु बलवान और शुभ होकर शुभ बलवान सूर्य या मंगल या सूर्य-मंगल दोनों के साथ संबंध में है या सूर्य मंगल दसवें भाव में बैठे हों, तब सरकारी नौकरी मिलने का योग बनता है।

### कर्क लग्न

**कर्क** लग्न में दशमेश मंगल है। स्वयं अब मंगल यहां सूर्य के साथ बलवान स्थिति में है या स्वयम दसवे भाव मे मंगल या सूर्य बलवान और शुभ स्थिति में बैठे हैं, तब सरकारी नौकरी मिल जाएगी।

### धनु लग्न

**धनु** लग्न में दशमेश बुध बलवान और शुभ होकर सूर्य या मंगल के साथ संबंध में हो या सूर्य मंगल दसवें भाव में हो तब यहां दशमेश बुध या सूर्य मंगल या इन ग्रहों के साथ है तो सरकारी नौकरी मिल जाएगी।

# काल अष्टमी : शिव ने भैरव रूप धारण कर काटा था ब्रह्मा का पांचवां सिर

**शिव** पुराण व स्कंद पुराण में एक कथा आती है, जिसमें काल भैरव कि उत्पति की जानकारी मिलती है। कहते हैं कि एक बार सृष्टि के निर्माता देव ब्रह्मा, पालक देव विष्णु व संहारक देव महेश में आपसी तकरार होने लगा, जिसमें तीनों अपने आप को एक दूसरे से श्रेष्ठ होने का दावा करने लगे। आपसी इस तकरार को समाप्त करने के लिए देव लोक के सभी ऋषि मुनि और देवता एकत्र होकर समस्या का निदान करते हुए उन्होंने भगवान शिव को सबसे ऊपर बता कर अपना निर्णय दे दिया। देवताओं के इस निर्णय को सब ने एक मत से स्वीकार कर लिया, लेकिन देव ब्रह्मा इसके लिए आना कानी करते हुएदेव शिव पर बरस पड़े और उन्हें गुस्से में कुछ अप शब्द कहने लगे। इस पर देव शिव भी आग बबूला होकर देव ब्रह्मा पर काल भैरव रूप (जिसे कालेश्वर महादेव के नाम से



भी जाना जाता है) धारण करके टूट पड़े थे और उनके पांच सिरों में से एक सिर को ही काट डाला। उस समय देव शिव के उग्र रूप को देखकर सभी उपस्थित देव व ऋषि मुनि डर गए। जिस दिन देव शिव उस रुद्र रूप में आए थे, उस दिन मार्ग शीर्ष की दसवीं अष्टमी थी, इसीलिए इसे काल अष्टमी के नाम से जाना जाता है। आगे देव शिव को इसी ब्रह्म हत्या के दोष के लिए (दंड के रूप में काल भैरव को) कई तीर्थों का भ्रमण भी करना पड़ता था तथा देव ब्रह्मा ने भी अपनी भूल के लिए क्षमा मांग ली थी। अंत में काल भैरव (भगवान शिव) भी अपने वास्तविक शिव के रूप में आकर वाराणसी में जन पालक रूप में और वहीं काल भैरव देव शिव के संरक्षक रूप में स्थापित हो गए। तभी से हर माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को काल अष्टमी कहते हैं और काल भैरव भी इसी दिन ही तो प्रकट हुए थे। तभी तो इनके लिए यह व्रत रखा जाता है और पूजा-अर्चना की जाती है। नारद पुराण के अनुसार काल भैरव की आराधना से सभी प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं और पुराने से पुराने रोगों से मुक्ति मिलती है तथा सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। इस महीने की काल अष्टमी 21 अप्रैल को है और व्रत भी इसी दिन होगा।

## काल अष्टमी पर करें शिव-पार्वती की पूजा

काल अष्टमी पर पूजा-अर्चना के लिए सबसे पहले स्नान आदि करके, भगवान शिव पार्वती के चित्रों के साथ ही साथ काल भैरव का चित्र स्थापित करके गंगाजल के छिड़काव के साथ गुलाब के फूलों व हारों से शृंगार किया जाता है। कुमकुम हल्दी से टीका लगा कर, गूगल धूप के साथ शिव चालीसा व भैरव चालीसा का पाठ किया जाता है। चढ़ावे में काल भैरव को कच्चा दूध, कहीं शराब, हलवा पूरी, जलेबी या अन्य पांच प्रकार की मिठाइयों का भोग लगाया जाता है। काल अष्टमी के दिन ॐ उन्मत भैरवाय नमः का जाप किया जाता है। व्रत के पश्चात काले कुत्ते को मीठी रोटी के साथ कच्चा दूध पिलाया जाता है। अर्ध रात्रि को भी काल भैरव का पूजन धूप, उड़द की दाल,काले तिल तथा सरसों के तेल के साथ करके दान किया जाता है साथ ही भजन कीर्तन का आयोजन भी रहता है। इन्हीं सभी बातों के साथ ही साथ काल भैरव के कुछ एक मंत्रों का भी उच्चारण किया जाता है, जैसे कि

**ॐ काल भैरवाय नमः।**
**ॐ भयहरम्ण च भैरवः। आदि-आदि।**



डॉ. कमल के. प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

# मूलांक 5 के जातक पर बुध का प्रभाव

## स्वतंत्रता, जिज्ञासा और बहुमुखी प्रतिभा के धनी

**अंक ज्योतिष में मूलांक 5 बुध द्वारा नियंत्रित होता है जो परिवर्तन, अनुकूलनशीलता और संचार का प्रतीक है। जिन व्यक्तियों का जन्म किसी भी महीने की 5,14 या 23 तारीख को होता है, उनका मूलांक 5 होता है। यह संख्या स्वतंत्रता, जिज्ञासा और बहुमुखी प्रतिभा की ऊर्जा रखती है जो व्यक्ति को गहराई से प्रभावित करती है।**

### मूलांक 5 के जातक का करियर

इन व्यक्तियों की जीवनयात्रा परिवर्तन, अनुकूलनशीलता और संचार से जुड़ी होती है।

**संचार और मीडिया :** इनका उत्कृष्ट संचार कौशल इन्हें पत्रकारिता, लेखन, जनसंपर्क और विपणन जैसे क्षेत्रों में सफल होने में मदद करता है।

**यात्रा और पर्यटन** इनकी नए अनुभवों की खोज इन्हें यात्रा, पर्यटन आथित्य जैसे क्षेत्रों में सफल होने में सहायता कर सकती है।

**स्वतंत्र व्यवसाय** इनकी स्वतंत्रता की इच्छा इन्हें स्वतंत्र व्यवसाय और उद्यमिता में सफल होने में मदद करती है।

### चुनौतियां

**अस्थिरता पर नियंत्रण :** इन्हें एक ही चीज पर ध्यान केंद्रित करना और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाना सीखना चाहिए।

**अधीरता पर नियंत्रण :** इन्हें धैर्य रखना और तुरंत परिणाम की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

**स्थिरता और स्वतंत्रता का संतुलन :** इन्हें अपनी स्वतंत्रता और स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखना सीखना चाहिए।

**अव्यवस्था को दूर करना :** इन्हें अपने जीवन में व्यवस्था लाने की कोशिश करनी चाहिए।



प्रदीप जोशी, न्यूमेरोलॉजिस्ट
और वास्तु कंसलटेंट

### अनुकूल रंग

इनके लिए हरा और फिरोजा

मूलाकं 5 के

### मित्र मूलांक

1,2,3,5,6,9




### व्यक्तित्व

- ✔ मूलांक 5 वाले व्यक्ति स्वाभाविक रूप से जिज्ञासु, बहुमुखी और अनुकूलनीय होते हैं। ये परिवर्तन को अपनाते हैं और नए अनुभवों की तलाश में रहते हैं।
- ✔ ये उत्तम संचारक होते हैं और आसानी से दूसरों से जुड़ सकते हैं।
- ✔ मूलांक 5 वाले लोग किसी भी परिस्थिति में अपने आप को ढाल सकते हैं। ये परिवर्तन को सकारात्मक रूप से लेते हैं।
- ✔ ये बहुमुखी प्रतिभा के धनी होते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में रूचि रखते हैं।
- ✔ ये स्वाभाविक रूप से जिज्ञासु होते हैं और सदैव नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक रहते हैं।
- ✔ ये उत्कृष्ट संचारक होते हैं और आसानी से दूसरों से जुड़ सकते हैं।
- ✔ ये स्वतंत्रता को महत्व देते हैं और अपनी शर्तो पर जीना पसंद करते हैं।
- ✔ ये जीवन के प्रति उत्साही होते हैं और नए अनुभवों की तलाश में रहते हैं।
- ✔ इन व्यक्तियों में अस्थिरता की प्रवृत्ति हो सकती है। इन्हें एक ही चीज पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है।
- ✔ ये अक्सर अधीर होते हैं और तुरंत परिणाम चाहते हैं।
- ✔ कभी कभी ये लोग अव्यवस्थित रहते हैं और हमेशा एक जगह से दूसरी जगह घूमना पसंद करते हैं।

### सुझाव

- ✔ **अपनी बहुमुखी प्रतिभा का उपयोग करें। विभिन्न क्षेत्रों में रुचि लें और नई चीजें सीखें।**
- ✔ **अपने संचार कौशल को विकसित करें। सार्वजनिक भाषण, लेखन और बातचीत जैसे कौशल विकसित करें।**
- ✔ **परिणामों के लिए धैर्य रखें। अपनी स्वतंत्रता को महत्व दें लेकिन स्थिरता बनाए रखें।**
- ✔ **अपने जीवन में व्यवस्था लाएं,**
- ✔ **योजना बनाएं और अपने कार्यों को व्यवस्थित करें।**
- ✔ **मूलांक 5 वाले व्यक्ति बुध के परिवर्तन और अनुकूलनशील का प्रतीक हैं।**
- ✔ **ये जिज्ञासु, रोमांटिक और बहुमुखी होते हैं। यदि ये अपनी चुनौतियों का सामना करें और अपनी क्षमता का सही उपयोग करें तो सफलता प्राप्त करने में सक्षम होते हैं।**



# कुल देवता दोष

## कुल देवता के नाखुश होने से जीवन में आती हैं बाधाएं

ज्योतिष के अनुसार कुल देवता दोष एक ऐसा सूक्ष्म दोष है, जो जन्म कुंडली में प्रत्यक्ष रूप से नहीं लिखा होता, लेकिन ग्रहों और भावों की स्थिति से इसके संकेत स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। कुल देवता का संबंध व्यक्ति के कुल, परंपरा और पूर्वजों से होता है। जब जातक इनसे दूर हो जाता है, विशेष रूप से कुल देवता की उपासना न करने से तो जीवन में विविध प्रकार की बाधाएं उत्पन्न होती हैं, जिन्हें कुल देवता दोष कहा जाता है। इस दोष की पहचान ज्योतिष में विशेष रूप से नवम भाव, पंचम भाव, सूर्य, और दशम भाव के माध्यम से की जाती है। नवम भाव धर्म, भाग्य, और कुल परंपरा का प्रतीक होता है। यदि नवम भाव में राहु, केतु, शनि या मंगल जैसे पाप ग्रह स्थित हों, या नवम भाव का स्वामी नीच राशि में हो, शत्रु राशि में हो या अस्त हो, तो यह दर्शाता है कि जातक की कुल परंपरा से दूरी बनी हुई है और संभवतः उसने कुल देवता की उपासना बंद कर दी है।

पंचम भाव पूर्वजों, संतान और संस्कारों का कारक होता है। पंचम भाव या उसके स्वामी पर पाप ग्रहों की दृष्टि या युति हो, या पंचमेश (पंचम भाव का स्वामी) अशुभ स्थिति में हो, तो यह पितृ दोष या कुल दोष की ओर संकेत करता है। इसके अतिरिक्त सूर्य ग्रह, जो पितरों का कारक है, अगर नीच का हो, पाप ग्रहों से ग्रसित हो या अष्टम/द्वादश भाव में स्थित हो, तो भी यह कुल देवता के असंतोष की ओर संकेत करता है। दशम भाव कर्म और कुल की प्रतिष्ठा को दर्शाता है। दशम भाव पर यदि शनि या राहु-केतु का अशुभ प्रभाव हो, तो जातक के कर्म में रुकावटें और कुल से दूरी संभव होती है।

ज्योतिषीय दृष्टि से ऐसे दोषयुक्त योग होने पर जातक को जीवन में बार-बार असफलता, मानसिक अशांति, संतान संबंधी बाधाएं, विवाह में विलंब, आर्थिक संकट, और पारिवारिक



कलह जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार जातक को अपने सपनों में कुल देवी या देवता अप्रसन्न अवस्था में दिखाई देते हैं, या बार-बार किसी विशेष स्थान या मंदिर का सपना आता है। ये भी कुल देवता दोष के सूचक हैं। इस दोष से मुक्ति के लिए जातक को सबसे पहले अपने कुल देवता का नाम और स्थान जानकर, उनके मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करनी चाहिए। साथ ही, नवम भाव और सूर्य से संबंधित ग्रह शांति के उपाय करने चाहिए। यदि पितृ दोष भी जुड़ा हो, तो श्राद्ध, तर्पण और ब्राह्मण भोजन जैसे कर्म करें। कुल देवी-देवता का बीज मंत्र या विशेष स्तुति का जाप नियमित रूप से करें। इन उपायों से कुंडली में बने कुल देवता दोष को शांति मिलती है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं।

प्रस्तुतिः अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम से की देर रात तक डीजे बजाने की शिकायत

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सीनियर सिटीज़न फोरम का प्रतिनिधिमंडल उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद व महासचिव सुभाष पठानिया की अगुवाई में एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीश शर्मा से मिला। फॉर्म के सदस्यों ने एसडीएम से देर रात तक लोगों द्वारा डीजे बजाने और लाउड स्पीकर पर शोर मचाकर जनता की नींद में खलल मचाने की समस्या बारे अवगत करवाया। सदस्यों ने बताया कि देर रात तक शोर शराबा होने से बुजुर्गों, बीमारों व स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सदस्यों ने यह भी बताया कि प्रशासन पूर्व में भी एडवाइजरी जारी कर डी जे मालिकों को कानून का उलंघन नहीं करने की हिदायत दे चुका है लेकिन समारोह आयोजकों व डीजे मालिकों द्वारा इस संबंध में अक्सर लापरवाही की जाती रही है जो कि चिंताजनक है। एसडीएम ने कानून का वास्ता देते हुए सभी के लिए हिदायत दी कि रात दस बजे के बाद कोई शोर-शराबा नहीं करना चाहिए अन्यथा भारी जुर्माने के साथ साथ वाद्य यंत्रों को जब्त भी किया जा सकता है। अतः सभी कानून का पालन करें । अगर कोई फिर भी नहीं माने तो शिकायत करें । शिकायत आने पर रात में ही कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

### सालगिरह पर संजना व पूजन भंडारी ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** समाजसेवी दंपति संजना भंडारी व पूजन भंडारी ने अपनी 30वीं सालगिरह के मौके पर रक्तदान व पौधरोपण किया। पूजन भंडारी ने कहा कि रक्तदान एक महादान है और हर उस इंसान को जो शरीर से स्वस्थ है अपना खून दान करना चाहिए। आपका दिया हुआ एक यूनिट खून तीन जिंदगियां बचा सकता है। दंपति हमेशा से सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भाग लेकर सराहनीय कार्य काम करते रहते हैं। पूजन भंडारी ने 17वीं बार भगवान बुद्धा ब्लड सेंटर वीरता में रक्तदान किया। दंपति ने फूलों के पौधे भी लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए जब भी किसी के घर में किसी का जन्मदिन हो या सालगिरह हो या शादी हो या कोई भी खुशी का मौका हो तो उस दिन को यादगार बनाने के लिए कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए या आप उपहार के तौर पर किसी को पौधा भी दे सकते हैं।




### जालग में वॉलीबाल प्रतियोगिता 26 से

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विकास खंड लंबागांव के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जालग में नव चेतन युवा क्लब के द्वारा 26 व 27 अप्रैल को शहीद हवलदार मस्तराम वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । रिटायर्ड इंस्पेक्टर रतन चंद ने बताया कि के मैदान में दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम 25 अप्रैल 2025 को शाम पांच बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। उन्होंने कहा कि दूर से आने वाली टीमों को रहने खाने का भी प्रबंध किया जाएगा। रतन चंद ने बताया कि विजेता टीम को 51 हजार, उप विजेता टीम को 31 हजार व बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट अटैकर को 5100 रुपए का इनाम दिया जाएगा। इस वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक राम सिंह व विशेष अतिथि सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार प्राकम चंद द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह ईश्वर दास रिटायर्ड वित्तीय सलाहकार सीएस व प्रधान वीरेंद्र कुमार गुरु रविदास महा इकाई ब्लॉक लंबागांव विशेष अतिथि रहेंगे।

### दो आरोपियों से 700 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस ने दो आरोपितों से 700 ग्राम चरस बरामद की है। इनमें एक जिला मंडी और दूसरा जिला कुल्लू का निवासी है। जिला पुलिस प्रमुख शालिनी अग्निहोत्री ने जारी बयान में बताया कि इस मामले में एक आरोपित तिलक राज पारली करेरी, बाली चौकी का रहने वाला है और दूसरा टेक चंद जंगाला, बंजार का निवासी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# नगरोटा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क किया जाएगा सुदृढ़: बाली

## अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष व कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा समयबद्ध निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

सोमवार को नगरोटा बगवां में लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है तथा सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विकास की कार्य योजनाएं तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं इसमें आम जनमानस के सुझाव भी मांगे गए हैं ताकि लोगों की डिमांड के मुताबिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।


लोक निर्माण विभाग कार्यालय नगरोटा में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते आरएस बाली।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रही है और समाज के हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वयन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जनमानस की समस्याओं का गंभीरता से हल करने तथा प्रदेश के नागरिको को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के गरीब तथा वंचित वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं और अधिकारी फील्ड में कैम्प लगा कर योजनाओं का प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें ताकि पात्र लोगों तक इनका लाभ पहुंच सके। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति पर भी अधिकारियों से रिपोर्ट ली।

उन्होंने कहा कि सुखविंद्रसिंह सुक्खू सरकार सुशासन की सरकार है और लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए अनावश्यक परेशान न हो इसके लिए व्यवस्था विकसित की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं को हल करवाने के लिए लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगवाएं।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर में हवन के साथ नए सत्र का आगाज

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल चनौर (इंदौरा) में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत आध्यात्मिक वातावरण में की गई। स्कूल में हवन किया गया, जिसमें स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन, डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन, एमडी डॉ. रिचा महाजन, प्रिंसिपल रेणु परमार व स्कूल के अध्यापकगण और बच्चों ने भाग लिया। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रांगण में एक भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ईश्वर से छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने यह भी बताया की हवन का संचालन आचार्य जी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को वैदिक परंपराओं के महत्व के बारे में बताया। हवन में स्कूल के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंत्रों की दिव्यता और अग्नि की आहुतियों ने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेणु परमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति से जुड़ाव को बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का भी संचार करते हैं। हवन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है, बल्कि यह छात्रों में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का विकास भी करता है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को समग्र रूप से विकसित करना है, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों की भी अहम भूमिका है। स्कूल में इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी निरंतर होते रहेंगे और विद्यार्थियों को एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण प्राप्त होता रहेगा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और सभी के मंगलमय भविष्य की कामना के साथ किया गया। (अनंत ज्ञान)

> ईश्वर से की छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

## जसूर में 6.10 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



जसूर में 6.10 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़े गए दो आरोपी पुलिस टीम के साथ।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही अमल में लाई गई है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस थाना नूरपुर के अधीन छतरोली (जसूर) में गश्त के दौरान आरोपी अभिषेक राणा पुत्र कृष्ण कुमार निवासी सोलधा व आकर्षित पुत्र माता दास निवासी त्रिलोकपुर दोनों निवासी तहसील जवाली के कब्जे से 6.10 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। उपरोक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ अभियोग संख्या 79/25 अधीन धारा 21,25,29 ND&PS Act पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। जांच यह भी पाया गया है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी कुख्यात अपराधी है, जिन पर अन्य भी अभियोग दर्ज हैं।

## डोगी में जय बाबा कड़ाहू मेला 25 से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की ग्राम पंचायत गढ़ खास की आईटीआई गढ़ जमूला के समीप डोगी में पहली बार जय बाबा कड़ाहू छिंज मेला 25 से 27 अप्रैल तक करवाया जा रहा है । जय बाबा कड़ाहूछिंज मेला कमेटी के प्रधान अनूप राणा ने प्रेस को दिए बयान में कहा कि इस मेले का मुख्य आकर्षण महिला मंडलों की रस्सा-कस्सी व पहलवानों की कुश्ती रहेगी। उन्होंने कहा कि किसान भाई अपने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी इस मेले में निशुल्क लगा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले मेले के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान होंगे। दूसरे मेले में मुख्यातिथि की भूमिका सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं समाजसेवी डॉ. ऋषि राम भाटिया निभाएंगे, जबकि तीसरे एवं बड़े मेले में मुख्यातिथि के रूप में विधायक विपिन सिंह परमार शिरकत करेंगे।

## किराये के भवन में चल रहीं फतेहपुर और संसारपुर टैरेस की फायर ब्रिगेड चौकियां

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगड़ा की विधानसभा फतेहपुर व विधानसभा जसवां-परागपुर के संसारपुर टैरेस में स्थित फायर ब्रिगेड चौकियों के पास अपना एक अदद भवन भी नहीं है। लंबे समय से फतेहपुर में रैहन टू फतेहपुर मार्ग पर स्थित किराये के भवन और दुकानों मे दमकल विभाग की यह चौकी चलाई जा रहा है। कर्मचारी इन्हीं कमरों में सोते हैं, जबकि इतनी मंहगी गाड़ी चाहे बरसात हो या गर्मी उसे खड़ी करने का कोई प्रबंध नहीं है।

वहीं, औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरेस से पांच किलोमीटर दूर संसारपुर टैरेस-जंडोर मार्ग पर स्थित दमकल विभाग की चौकी के हालत भी कुछ ऐसे ही हैं। यह चौकी बैसे तो औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होनी चाहिए थी, ताकि किसी कंपनी में अचानक अनहोनी पर निपटा जा सकता, क्योंकि उद्योगों में आग लगने का डर ज्यादा रहता है। करीब पांच सालों से दमकल विभाग की इन चौकियों का अपना भवन न होने से कर्मचारियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।


फायर ब्रिगेड के पास अपना भवन नहीं होने के चलते खुले में खड़ी दमकल गाड़ी।

वहीं, आग बुझाने के लिए प्रयुक्त होने वाली महंगी गाड़ियां खुले में सड़क पर खड़ी करनी पड़ रही हैं। जहां पर किराये के भवन में यह कार्यालय चल रहे हैं, वहां न तो प्रॉपर रूप से इक्विपमैंट रखने के लिए जगह है, न ही गाड़ियों को रखने के लिए प्रॉपर व्यवस्था है। इस बारे में फायर अफसर धर्मशाला कर्म चंद का कहना है कि इन दोनों जगहों पर भवन बनाने के लिए भूमि विभाग के नाम हो चुकी। अभी तक बजट न होने से अभी तक जहां पर भवनों का निर्माण नहीं हो पाया है। उच्चधिकारियों को बजट के लिए लिखा गया है।

## अनिल को चुना स्कूल प्रवक्ता संघ गढ़ जमूला का प्रधान

**अनंत ज्ञान, डरोह**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के त्रिवार्षिक चुनाव 27 अप्रैल को होने निर्धारित हुए हैं। इस संदर्भ में सोमवार को यूनिट स्तर पर सर्वसम्मति से गढ़ जमूला यूनिट के प्रधान पद के लिए अनिल कुमार प्रवक्ता इतिहास तथा सचिव पद के लिए रमन कश्यप प्रवक्ता जीव विज्ञान को चुना गया । यह चुनाव पर्यवेक्षक काजल कुमारी प्रवक्ता रसायन विज्ञान की देखरेख में संपन्न हुआ। यूनिट ने एकजुट होकर जिला स्तर पर प्रधान पद के लिए सिकंदर मिन्हास प्रवक्ता रसायन विज्ञान स्कूल थुरल को पूर्ण रूप से समर्थन देने की घोषणा की।

### नरेश राणा को चुना नौरा का प्रधान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के त्रिवार्षिक चुनाव दिनांक 27 अप्रैल को निर्धारित हुए हैं। इस संदर्भ में सोमवार को यूनिट स्तर पर सर्वसम्मति से नौरा यूनिट के प्रधान के लिए नरेश राणा प्रवक्ता अर्थशास्त्र, उपप्रधान अमित कुमार प्रवक्ता रसायन विज्ञान, सचिव संजय कुमार प्रवक्ता भौतिकी, सदस्य सुभाष कुमार प्रवक्ता कॉमर्स को चुना गया। यह चुनाव प्रक्रिया स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा कुमारी की देखरेख में संपन्न हुई।

## दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, गगल।** थाना गगल के अंतर्गत बीती रात धर्मशाला सड़क मार्ग पर वीर चौक में एक स्कूटी और बाइक की आपने सामने टक्कर हो गयी जिसमे स्कूटी सवार कुलजीत कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी गांव चैतड़ू और बाइक सवार सुनील कुमार पुत्र रविंद्र कुमार गांव सहोड़ा और उसके साथ बाइक पर बैठा संजीव कुमार पुत्र अमर चंद निवासी गांव उपरली कोठी तीनो घायल हुए, जिन्हें उपचार टांडा अस्पताल ले जाया गया गया, जहां पर स्कूटी सवार कुलजीत कुमार की मृत्यु हो गयी है। दुर्घटना की जानकारी देते हुए संकल्प पुलिस थाना की प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया की पुलिस ने मामला दर्ज करके दुर्घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

### भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर बोला हमला

## कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण कमजोर हो रही प्रदेश की आर्थिक स्थिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश को सुक्खू सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पूरी तरह से वित्तीय कुप्रबंधन का शिकार हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। सोमवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा कांगड़ा जिले के साथ विकास कार्यों में जानबूझकर भेदभाव किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चाहे 15 अगस्त हो या 15 अप्रैल, केवल कम आबादी वाले स्थानों पर जाकर गारंटियों को पूरा करने की घोषणाएं कर रहे हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश का सबसे बड़ा राजस्व स्रोत एक्साइज और टैक्सेशन विभाग भी सरकार की नीतियों के कारण घाटे में चल रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि शराब के ठेके टेंडर प्रक्रिया के बावजूद नहीं बिके हैं। क्या अब मिल्कफेड, वन विभाग या नगर निगम शराब के ठेके चलाएंगे।

ये सब वित्तीय कुप्रबंधन का स्पष्ट प्रमाण है। सुधीर शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश में तीन प्रदेशों पर मेडिकल डिवाइस पार्क स्वीकृत किए गए थे, जिसमें हिमाचल प्रदेश भी शामिल था, लेकिन 300 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को यह कहकर वापस कर दिया गया कि उसकी जमीन की कीमत प्रोजेक्ट लागत से अधिक है। ऐसे में निवेशक हिमाचल में क्यों निवेश करेंगे।

## कंदोर की टीम ने फतेहपुर को हराकर जीती वॉलीबाल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगड़ा के उपमंडल फतेहपुर की परशुराम सभा फतेहपुर द्वारा बनाल में वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन करवाया गया, जिसमें भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा नेता पंकज हैप्पी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, मुख्यातिथि का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर सभा और उपस्थित लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

जानकारी देते हुए आयोजक टीम ने बताया टूर्नामेंट में भिन्न -भिन्न क्षेत्रों की कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फतेहपुर व कंदोर टीम के बीच में फाइनल मैच खेला गया, जिसमें कंदोर की टीम ने फतेहपुर टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, मुख्यातिथि पंकज हैप्पी ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा नशे की तरफ प्रभावित हो रहा है, जिसे सही दिशा दिखाने के लिए ऐसे आयोजनों का करवाया जाना बहुत ही जरूरी है।

उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर आयोजनकर्ताओं को बधाई दी। इस मौके पर सभा प्रधान लोरेंस शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल शर्मा, सचिव सौरभ शर्मा, सदस्य ऋषभ शर्मा, वंश शर्मा, विशेष आमंत्रित जगदीश शर्मा, संजीव कालिया, अरुण जरियाल, संजीव शर्मा, ईशान राणा, नियम, मोहित सहित अन्य उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्पर्श शीर्ष समिति एवं महिला अध्ययन और विकास केंद्र के माध्यम से हिमाचल सशस्त्र पुलिस एवं प्रशिक्षण केंद्र शिमला के सहयोग से सोमवार को तीनों परिसरों धर्मशाला, शाहपुर और देहरा में 10 दिवसीय स्वरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम 2 मई तक प्रतिदिन दो घंटे तक चेलगा। इस कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। यह महत्वपूर्ण पहल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, संवेदनशीलता, एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है।

उनके मार्गदर्शन एवं समर्थन से ही यह सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम संभव हो सका। विश्वविद्यालय ने इस प्रयास को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस के महानिरीक्षक का आभार व्यक्त किया है। हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा इव कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षक नियुक्त किएगए हैं। धर्मशाला परिसर में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रो. प्रदीप कुमार, डीन (शैक्षणिक) द्वारा की गई।

इस अवसर पर प्रो. आशीष नाग, परिसर निदेशक डॉ. अर्चना कटोच समन्वयक, परिसर शिकायत समिति तथा प्रो. सूर्य रश्मि रावत, अध्यक्ष स्पर्श शीर्ष समिति एवं महिला अध्ययन और विकास केंद्र मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

## कुलदीप को प्रधान, नवीन को चुना वरिष्ठ उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बार एसोसिएशन कांगड़ा के चुनाव अध्यक्ष व वकील एस के गुप्ता की अध्यक्षता मे संपन्न हुए, जिसमें वकील कुलदीप चौधरी को प्रधान व वकील नवीन सैनी को वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया है। वकील नीतू चौधरी व धीरज शर्मा को उपप्रधान वकील पूजा पाराशर को महासचिव वकील कपिल देव को सयुंक्त सचिव सर्वसम्मति से चुना गया है। इस अवसर पर एसोसिशन के लगभग 120 सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने उपरोक्त कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से चुना।

## एसडीएम खुद करें सामुदायिक भवन दरंग का निरीक्षण: प्रवीण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा चार दिन पहले आए तूफान से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरंग की छत के कुछ टीन अर्थात चादर उड़ गई। आनन-फानन में स्कूल प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन को रिपोर्ट की। स्थानीय नायब तहसीलदार ने मौका निरीक्षण करके स्कूल भवन की जो रिपोर्ट प्रेषित की उसके तहत एसडीएम ने दरंग के सामुदायिक भवन में कक्षाएं चलाने के फरमान जारी कर दिए। पूर्व विधायक ने कहा कि अगर घर की छत उड़ी होती तो एकदम मिस्त्री को बुलाकर ठीक कर ली जाती, लेकिन यह सरकार की छत है, यहां तो वह कहावत ही चरितार्थ होती है जब गाय दूध देती है, तो हमारी है जब दूध देना बंद कर दिया तो सरकारी है। पूर्व विधायक ने कहा उन्होंने इसी स्कूल से मैट्रिक की है। जब वह विधायक बने तो उन्होंने पूरे हलके के स्कूलों का निरीक्षण किया। जहां लगा स्कूल में नए भवन की आवश्यकता है, वहां नए भवन या जहां लगा छात्र अनुपात के दृष्टिगत अतिरिक्त भवन की आवश्यकता है, वहां उस हिसाब से समुचित धन की व्यवस्था करवाई।

पूर्व विधायक ने एसडीएम का ध्यान आकर्षित करते हुए आग्रह किया है कि लकीरों के फकीर बनने के बजाए स्वयं इस भवन का निरीक्षण करके अवलोकन करें कि क्या यह भवन वाकय ही असुरक्षित है।

# मनकोटिया ने जन्मदिन पर किया रक्तदान

## संसारपुर टैरेस ट्रक यूनियन के सदस्यों की मौजूदगी में काटा केक

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

दी ग्रीन वैली गुड्स कैरियर ट्रांसपोर्ट सोसायटी संसारपुर टैरेस में सोमवार को पहले रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। संसारपुर टैरेस ट्रक यूनियन उपप्रधान राकेश कुमार व सचिव हरमिंद्र सिंह व उनके कमेटी सदस्यों की मौजदूगी में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मेडिकल अधिकारी डॉ. मनीष व उनकी टीम रितु, शालिनी, पंकज, राजकुमार, अशोक व निखिल की मौजदूगी में इस रक्तदान का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 55 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने अपने 61वें जन्मदिन के मौके पर संसारपुर टैरेस में रक्तदान किया व इसके बाद उन्होंने ट्रक यूनियन में केक काटकर जन्मदिन मनाया।


संसारपुर टैरेस ट्रक यूनियन के सदस्यों के साथ जन्मदिन मनाते सुरिंद्र मनकोटिया।

इस दौरान उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशासन की तरफ से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने लोगों व युवाओं को जन्मदिन पर नशे से दूर रहकर सादा जीवन जीने का संदेश दिया। इस दौरान जसवां-टैरस जोन अध्यक्ष पुष्पिंद्र कुमार, स्टोन क्रशर मालिक विनय डोगरा, युवा जिला उपाध्यक्ष कांगड़ा शुभम नांगला, जसवां यूथ प्रधान विकास ठाकुर, उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस साहिल, समाजसेवी राजिंद्र ठाकुर, रूपलाल, नरेश शर्मा व रविंद्र कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जागरूकता** — हिमाचल प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में युवाओं की सबसे ज्यादा भूमिका : प्रो. शशि कुमार धीमान

# इंदौरा में नशे के विरुद्ध आज निकाली जाएगी रैली

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान को एक जन आंदोलन बनाने में युवाओं की सबसे ज्यादा भूमिका रहेगी। हिमाचल को नशा मुक्त बनाने में हर युवाओं को जन सहभागी होना पड़ेगा, ताकि किसी को भी नशे की बीमारी न लग सके। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने इंदौरा के मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यशाला में कही।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, जिला प्रशासन कांगड़ा और मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा द्वारा नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया। कुलपति ने कहा कि तकनीकी विवि द्वारा नशे के विरोध में इस प्रकार के जन जागरण अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों के विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदौरा उपमंडल में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला में इंदौरा उपमंडल के युवा स्वयंसेवी मंगल सिंह, डीएसपी इंदौरा संजीव यादव, स्वास्थ्य विभाग नूरपुर के एमडी डॉक्टर तुषार सैनी, फोरेंसिक साइंस नूरपुर के सहायक निदेशक डॉक्टर विजय कुमार ने मिनर्वा कॉलेज के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, नशे के बचाव बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को इंदौरा में हरी झंडी दिखाएंगे और उसके बाद विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करेंगे। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, मिनर्वा कॉलेज के चेयरमैन जरनैल सिंह पटियाल, प्राचार्य डॉक्टर कपिल कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।



इंदौरा के मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान व अन्य।

### कार्यक्रम में राज्यपाल शुक्ल करेंगे शिरकत

**इंदौरा।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल इंदौरा उपमंडल मुख्यालय में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, जिला प्रशासन कांगड़ा के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। राज्यपाल इंदौरा बैरियर चौक से नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। उसके बाद तकनीकी विवि से संबद्ध मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा के परिसर में सार्वजनिक कार्यक्रम को राज्यपाल संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में इंदौरा महाविद्यालय सहित आसपास के निजी व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा ने अंबेडकर की उपलब्धियां गिनाईं

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती सप्ताह के तहत भाजपा चौपाल अनुसूचित जाति मोर्चा ने पुलवाहल में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें चौपाल के विधायक बलबीर वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे व भाजपा के मंडल अध्यक्ष कुलदीप मेहता जिला अध्यक्ष हरिचंद्र डोगरा चौपाल मंडल अध्यक्ष जोगिंद्र झिंगटा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया व उनके योगदान को याद किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि अगर सही मायने में अंबेडकर को सम्मान दिया है तो वह भाजपा ने दिया है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री विक्रम शर्मा, प्रकाश रफ्टा, नीलम कुमारी, किरण कुमारी, सुनील शर्मा, पवन चौहान, पवन रफ्टा, विक्की बोरा, अमन चौहान, मोहर सिंह बेस्टा, गगनदीप कालटा, नरेंद्र रफ्टा, अक्षय सिंहाईक, सुरेश कुमार, रमेश व सुमन आदि ने भाग लिया।

### मारपीट मामले में हाईकोर्ट वकीलों का फूटा गुस्सा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट के वकीलों ने सोमवार को छोटा शिमला थाना का घेराव करते हुए सचिवालय के बाहर चक्का जाम कर दिया। यह विरोध 12 अप्रैल को हुए उस विवाद के खिलाफ किया गया जिसमें शहर के नवबहार चौक पर एक पुलिसकर्मी और वकील के बीच झड़प हो गई थी। इस प्रदर्शन के कारण शहर में यातायात प्रभावित रहा और कुछ घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। इससे पहले हाईकोर्ट परिसर में जनरल हाउस की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वकील के साथ पुलिसकर्मी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सैकड़ों वकील छोटा शिमला थाने पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव किया। दरअसल विवाद की जड़ 12 अप्रैल को नवबहार चौक पर हुई उस घटना को लेकर हुई जब वकील प्रणव शर्मा और कॉन्स्टेबल रमन ठाकुर के बीच कहासुनी हो गई थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ दिख रहा है कि पुलिसकर्मी ने वकील को कॉलर से पकड़कर थप्पड़ मारे।

# बच्चों के लिए खतरा बने लटकते पेड़

## तेज तूफान से नोहरा मधोना स्कूल परिसर में गिरे पेड़, छुट्टी होने से टला बड़ा हादसा

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**



रविवार को तूफान के कारण नोहरा मधोना स्कूल परिसर में गिरे पेड़।

**उपमंडल** चौपाल के दूरदराज राजकीय प्राथमिक स्कूल नोहरा मधोना में छोटे-छोटे छात्र डर के साये में पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूल के चारों तरफ बड़े-बड़े पेड़ लटके हुए है, जिस वजह से हर समय यही खतरा बना रहता है कि कब कहां पर कौन सा पेड़ स्कूल के ऊपर गिरकर कहर बरपा दे। गत रविवार को भी तेज तूफान के चलते यहां स्कूल परिसर में तीन पेड़ गिरे, लेकिन गनीमत यह रही की स्कूल में छुट्टी थी नहीं तो यहां पर बड़ा हादसा हो सकता था।

हालत यह है कि तेज बारिश या हवाएं चलने पर कई बार पेड़ की बड़ी-बड़ी शाखाएं गिरकर उनके स्कूल में पहुंची हैं। छात्रों के अभिभावकों का कहना है कि यहां पर हमेशा ही पेड़ गिरने का खतरा बना रहता है, इसके चलते कई बार तो बारिश या तेज हवा आते ही स्कूल में छुट्टी करनी होती है, जिसके चलते उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती है। स्थानीय निवासियों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के इर्द-गिर्द पड़े पेड़ों को हटाया जाए, ताकि कोई बड़ा हादसा देखने को न मिले। वहीं स्कूल में तैनात अध्यापक रमेश शर्मा का कहना है कि यहां पर पेड़ गिरने की घटनाएं पहले भी हो चुकी है, जिसके चलते यहां पर स्कूल की छत और दो कमरे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिसका कार्य अभी भी चल रहा है।

अध्यापक रमेश ने कहा कि स्कूल के चारों तरफ कई ऐसे भी पेड़ हैं जो कभी भी स्कूल के ऊपर गिर सकते हैं जिससे की बड़ा नुकसान हो सकता है। उनका कहना है कि वह कई बार इससे पहले भी इस विषय के बारे में लिखित रूप से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। छात्रों के अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने विभाग व प्रशासन से मांग की है कि इन पेड़ों का कोई उचित समाधान निकाला जाए ताकि यहां पढ़ने वाले नौनिहालों को डर के साये से निजात मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# कुमारसैन में ओलावृष्टि से सेब की फसल को पहुंचा नुकसान

**आत्मा सिंह, कुमारसैन**

**कुमारसैन** उपमंडल के कई गांव में सोमवार को भारी ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि और तेज हवाओं से सेब के बगीचों में जहां फ्लोरिंग थी फूल झड़ गए और निचले स्थान में जहां सेब की सेटिंग को चुकी थी वहां पर ओलावृष्टि से खासा नुकसान पहुंचा है। आज दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदली, जिससे कई गांव में ओलावृष्टि और तेज आंधी तूफान आया।

जानकारी के अनुसार कांगल, आहर, कचीन घाटी, सवलोग, करेवथी, शैला, नरठी, कुपडी और नारकंडा के ऊपरी क्षेत्रों में ओलावृष्टि के कारण सेब सहित अन्य फलदार बगीचों को भारी नुकसान पहुंचा है।

करेवती पंचायत के प्रधान विनोद कंवर व अन्य स्थानीय बागवानों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समय सेब की फसल संवेदनशील अवस्था में है, और ऐसे में ओलावृष्टि व आंधी फलों की गुणवत्ता व उत्पादन दोनों को प्रभावित कर सकती है। प्रभावित बागवानों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का आकलंन करने के लिए टीम भेजी जाय। ताकि ओलावृष्टि से प्रभावित बागवानों को मुआवजा राशि का प्रावधान किया जा सके। (अनंत ज्ञान)



### बागवानों की चिंता बढ़ी

**मौसम** विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम खराब रहने की संभावना है। इससे बागवानों की चिंता और बढ़ गई है। ओले की मार से कई क्षेत्रों में तो बागवानों की हेलगन नेट को भी नुकसान पहुचा है। कुदरत की इस दोहरी मार से बागवान खासे चिंतित हैं।

# ठिरशू मेले में कलाकारों ने नचाए दर्शक

## देवताओं के पारंपरिक नृत्य के साथ सांस्कृतिक संध्या का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**



ठिरशू मेले में गायक हनी नेगी कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

19 व 20 अप्रैल को ठिरशू मेला पूरे उल्लास के साथ टूटू तहसील ननखड़ी में मनाया गया। मेले में देवताओं के पारंपरिक नृत्य के साथ-साथ सांस्कृतिक संध्या का भी भव्य आयोजन किया गया।

19 अप्रैल की संध्या को प्रसिद्ध गायक हनी नेगी, राजीव शर्मा, डॉनी चौहान और शबनम ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग बिखेरा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एमआर शर्मा, प्रबंध निदेशक, हिमालयन प्रोफेशनल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, सोलन उपस्थित रहे। इनके साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में देव रथ गौतम, भाग चंद, मदन कश्यप और वरुण चौहान भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

यह मेला देवता वनवीर और देवता पल्थन देलथ के सम्मान में आयोजित किया जाता है, जिनकी पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियाँ मेले का मुख्य आकर्षण रहीं। इसके अलावा स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने मेले में और भी उत्साह भर दिया। 20 अप्रैल को दौलत डोगरा मुख्यातिथि रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गुड्डी भारती ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नवयुवक मंडल के प्रधान चंदर शर्मा ने मेले की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएँ दीं। उपप्रधान दीक्षित और सचिव रवि शर्मा ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किय। पूरा कार्यक्रम बड़े धूमधाम, श्रद्धा और एकता के साथ संपन्न हुआ। इसमें मंदिर कमेटी और अन्य स्थानीय लोगो ने भाग लिया

## हाईकोर्ट ने लगाई 50000 की कॉस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** वाइल्ड फ्लावर हॉल के स्वामित्व व शेयरों के हस्तांतरण से जुड़े मामले में प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रधान सचिव (पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन) पर 50,000 की कॉस्ट लगाई है। न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ ने कास्ट की राशि एडवोकेट जनरल कार्यालय में जमा करवाने के आदेश पारित किए हैं। कोर्ट ने प्रधान सचिव पर्यटन एवं नागरिक उद्यान को एडवोकेट जनरल की शक्तियों के विरुद्ध कार्य करने पर यह कास्ट लगाई है। कोर्ट ने अपने आदेशों में स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव की ओर से महाधिवक्ता द्वारा कोर्ट में दिए गए वक्तव्य को अनजाने में दिया हुआ बताकर एक गलत दिशा में उठाया गया और अपमानजनक कदम है, जो विभिन्न कार्यालयों की परिभाषित सीमाओं का उल्लंघन करता है। कोर्ट ने कहा कि महाधिवक्ता राज्य का प्रथम एवं सर्वोच्च विधि अधिकारी है। कोर्ट ने कहा कि पर्यटन सचिव द्वारा दायर आवेदन के समर्थन में शपथ पत्र देने से पहले उक्त अधिकारी द्वारा महाधिवक्ता से परामर्श भी नहीं किया गया था।

## तीन दिवसीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव मीमांसा 2025 का हुआ समापन

# बच्चों ने अपने प्रदर्शन और पढ़ने के कौशल को निखारा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**भाषा** एवं संस्कृति विभाग और कीकली चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव मीमांसा 2025 का समापन एक विचारोत्तेजक विशेष सत्र के साथ हुआ। समापन चर्चा में प्रसिद्ध पौराणिक कथाकार और लेखक देवदत्त पटनायक और प्रतिष्ठित लेखक श्रीनिवास जोशी के बीच एक आकर्षक बातचीत हुई। उनके आकर्षक संवाद ने समकालीन साहित्य में पौराणिक कथाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और बच्चों के साहित्य में देवदत्त के योगदान पर प्रकाश डाला।

आयोजन के समापन समारोह के अवसर पर सचिव, भाषा एवं संस्कृति राकेश कंवर विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित, संयुक्त निदेशक मंजीत शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार श्रीनिवास जोशी, डॉ. उषा बंदे और अन्य गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों और छात्रों सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

सुबह के सत्र में बच्चों की किताब कोको और नन्हीं नव का दिल को छू लेने वाला नाटकीय वाचन किया गया। युवा पाठकों स्नेहल, ध्रुव, श्रागवी व आराध्या ने अपने भावपूर्ण अभिनय से कहानी को जीवंत कर दिया, जिससे कहानी में एक कोमल और कल्पनाशील स्पर्श जुड़ गया।

इस सत्र में बच्चों में पढ़ने की आदतों के महत्व को भी रेखांकित किया गया। सोहेला कपूर के मार्गदर्शन में, जिन्होंने कार्यक्रम से पहले के दिनों में विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किए, बच्चों ने अपने प्रदर्शन और पढ़ने के कौशल को निखारा। उनकी सलाह ने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों के लिए अनुभव को काफी समृद्ध किया। (अनंत ज्ञान)



### समृद्ध यात्रा को जारी रखने की जताई इच्छा

**मीमांसा** 2025 युवा मन के बीच साहित्य, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने में एक व सफल अध्याय साबित हुआ। भविष्य की ओर देखते हुए, आयोजकों ने इस समृद्ध यात्रा को जारी रखने की आशा व्यक्त की व अगले साल भी मीमांसा का इंतजार कर रहे हैं।

### समकालीन बच्चों के साहित्य पर एक नया और युवा दृष्टिकोण दिखा

**मुख्य** आकर्षण डॉ. सोना शर्मा की दो रमणीय बच्चों की किताबों-मंदीप मीट्स मंदीप और द एडवेंचर्स ऑफ बूंदा एंड बूंदी पर आधारित सत्र था। मीमांशी चौधरी द्वारा संचालित इस सत्र में युवा समीक्षकों अमृता डोगर, श्रीशा, मृणाली व निवेदिता ने कहानियों पर अपनी अंतर्दृष्टि और विचार साझा किए, जो समकालीन बच्चों के साहित्य पर एक नया और युवा दृष्टिकोण पेश करते हैं।

# राशन डिपुओं में नहीं रिफाइंड तेल दालों का कोटा भी अधूरा : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश सरकार की राशन वितरण प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकांश डिपुओं में उपभोक्ताओं को पिछले तीन महीनों से रिफाइंड तेल नहीं मिल रहा है, वहीं दालों का कोटा भी पूरा नहीं दिया जा रहा है। कहा कि राशन डिपो में पूरा राशन न मिलने के चलते उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

डिपो में दालों का पूरा कोटा नहीं है, वहीं, पिछले तीन महीने से रिफाइंड तेल की सप्लाई भी ठप है। उचित मूल्यों की दुकानों से जरूरी वस्तुएं गायब होने से लोग अब बाजार से महंगे दामों में सामान खरीदने के लिए मजबूर है। हालात यह है कि प्रदेश के कई जिलों में तो उपभोक्ताओं को पिछले कई महीनों में रिफाइंड तेल और दालों का कोटा नहीं मिला है। इससे उपभोक्ताओं को डिपो से मिलने वाले राशन का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व मंत्री गर्ग का कहना है कि डिपो में जहां सभी दालें नहीं मिल रही है, वहीं रिफाइंड तेल भी नहीं मिल रहा है। इस तरह की लापरवाही उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात यह है कि उपभोक्ताओं को पिछले तीन माह से रिफाइंड तेल नहीं मिल रहा है। जबकि विभाग इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है, इससे गरीब तबके के लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गर्ग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में करीब 19 लाख से अधिक राशन कार्ड उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं को उचित मूल्यों की दुकानों के माध्यम से सस्ता राशन उपलब्ध करवाया जाता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बीते तीन महीने से डिपो में रिफाइंड तेल नहीं मिल रहा है। वहीं, अब डिपो में दालें भी नहीं मिल रही हैं।

# अक्तूबर तक बन जाएगा नंद-नगरांव पुल

## विधायक कटवाल ने प्रदेश के सबसे बड़े स्टील सस्पेंशन ब्रिज के काम का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



निर्माणाधीन नंद-नगरांव पुल के काम का जायता लेते झंडूता के विधायक कटवाल।

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत पनौल-जेजवीं मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर निर्माणाधीन नंद-नगरांव पुल आगामी अक्तूबर माह तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। पिछड़ा कहे जाने वाले झंडूता के कोटधार क्षेत्र की तकदीर व तस्वीर बदलने में यह पुल अहम भूमिका निभाएगा। सोमवार को झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने प्रदेश के इस सबसे बड़े स्टील सस्पेंशन ब्रिज का मुआयना किया। कुल 387 मीटर लंबे इस पुल में 260 मीटर तक कंकरीट डालने का काम पूरा हो चुका है। जीतराम कटवाल ने पुल का बाकी काम जल्द पूरा करने के साथ ही इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जीतराम कटवाल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़कें सबसे अधिक जरूरी हैं। सड़कों को भाग्य रेखाएं कहा जाता है। इसी के मद्देनजर झंडूता विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का नेटवर्क मजबूत करने के साथ ही कई पुलों का निर्माण भी किया जा रहा है।

गोबिंद सागर पर बागछाल पुल के निर्माण के बाद अब नंद-नगरांव पुल का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसमें मोदी सरकार और प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने डबल इंजन सरकार के समय अपने प्रयासों से इस पुल के लिए 57 करोड़ के बजट का प्रावधान करवाया था। इसका काम 6 फरवरी 2021 को शुरू किया गया था। दिसंबर 2022 तक लगभग 70 फीसदी काम पूरा हो चुका था। पिछले ढाई वर्षों में महज 15 फीसदी काम हुआ है। जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने के लिए उनका मुख्य फोकस गांवों तथा पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर है। इसी के मद्देनजर उन्होंने बजट का मुख और विकास का रुख इन क्षेत्रों की ओर मोड़ा है।

### पुल तकनीकी कौशल का एक बेजोड़ नमूना

**कटवाल** ने कहा कि बागछाल की तरह नंद-नगरांव पुल भी तकनीकी कौशल का एक अद्भुत व बेजोड़ नमूना है। इसके बनने पर कोटधार से झंडूता की दूरी कम हो जाएगी। इतना ही नहीं, चंडीगढ़ से हमीरपुर व कांगड़ा की दूरी भी लगभग 60 किलोमीटर कम हो जाएगी। बाद में उन्होंने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के उपकुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा से रोहल पंचायत के भदोल गांव में स्थित उनके आवास पर मुलाकात करके उनका कुशलक्षेम जाना। इसके अलावा उन्होंने रोहल, कलोल, सलवाड़, बरठीं, बडगांव और बलोह पंचायतों का दौरा भी किया। इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी गई। ज्यादातर समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। बाकियों के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए गए।

# मंगरोट में पीडब्ल्यूडी के साथ परिवार का भूमि विवाद गहराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलालपुर**

धर्मशाला-शिमला एनएच पर घागस व ब्रह्मपुखर के बीच मंगरोट नामक स्थान पर एक परिवार व लोक निर्माण विभाग के बीच चल रहा भूमि विवाद गहराता ही जा रहा है। स्थानीय परिवार के सदस्यों सीता शर्मा व राजनकांत शर्मा ने सोमवार को बिलासपुर में पत्रकार वार्ता कर अपनी व्यथा बताई व प्रदेश मुख्यमंत्री से मांग की कि वे इस मामले में स्वयं संज्ञान लें व उन्हें इंसाफ दिलवाएं। उन्होंने कागजात दिखाते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग ने वर्ष 1974 में सड़क के लिए यहां 1 बीघा 14 बीस्वा जमीन ली। वर्तमान में लोक निर्माण विभाग की अधिगृहीत भूमि किनारे पर है व सड़क उनके सहित अन्य ग्रामीणों की 17 बीस्वा भूमि पर बनी है।

यह लोक निर्माण विभाग का नाजायज कब्जा है। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी 2025 को एसडीएम सदर के आदेशों के बाद तहसीलदार सदर ने मौके पर निशानदेही दी व इस निशानदेही की रिपोर्ट में उन्होंने लिखा कि खसरा नं. 324/217/119/1 की 17 बीस्वा जमीन सीता देवी व अन्य की मलकीयत भूमि है व मौके पर इस जमीन पर लोक निर्माण विभाग की पक्की सड़क बनी हुई है। वहीं, खसरा नं. 216/119/1 की 17 बीस्वा जमीन व खसरा नं. 324/217 की जमीन हिमाचल सरकार कब्जा लोक निर्माण विभाग के नाम पर दर्ज है, लेकिन इस जमीन पर मंगरोट निवासी अन्य लोगों का कब्जा होना पाया गया है। सीता देवी व राजनकांत ने कहा कि वर्ष 2009 में उन्होंने इस मुस्तरका भूमि की तकसीम का केस दायर किया है, लेकिन अभी तक राजस्व विभाग तकसीम नहीं कर रहा है। सीता शर्मा व राजनकांत ने कहा कि उनका सड़क या किसी अन्य से कोई बैर-विरोध नहीं है व उनका सिर्फ इतना कहना है कि उनकी जमीन की तकसीम की जाए व उनकी जमीन का कब्जा उन्हें दिया जाए जो कानूनन रूप से उनका हक है। उन्होंने कहा कि विभाग व सरकार को चाहिए कि वे अपना जायज हक मांग रहे ग्रामीणों को तंग न करें व गलत कार्य करने वाले अपने अधिकारियों पर कार्रवाई करें।

**पोषण** घुमारवीं महाविद्यालय में पोषण पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

# विद्यार्थियों को बताए पोषक तत्वों के स्त्रोत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



पोषण पखवाड़े के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक और विद्यार्थी।

महाविद्यालय महिला शिकायत निवारण समिति, हिंदी विभाग तथा महिला विभाग के संयुक्त तत्वावधान में घुमारवीं महाविद्यालय में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के उप प्राचार्य प्रो.प्रीतम लाल ने की। उन्होंने बच्चों के लिए अच्छे पोषण के महत्व पर बोलते हुए विद्यार्थियों को संतुलित आहार लेने के लिए प्रोत्साहित किया ।

महिला विभाग की ओर से बाल विकास परियोजना अधिकारी रंजना शर्मा ने कहा कि भारत जैसे विकासशील देश में प्रत्येक नागरिक का स्वस्थ होना अति आवश्यक है तभी हम 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के उद्देश्यों को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला यदि सही आहार लेगी तो उसका परिवार भी स्वस्थ होगा और इस प्रकार देश में बीमारियों पर होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है। सीडीपीओ रंजना ने रक्त में हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए खाना खाने के सही तरीकों की भी जानकारी दी।

सुपरवाइजर कीर्ति ने पोषण अभियान के उद्देश्य पर बात करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में कुपोषण को कम करना है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की समय समय पर जांच की जाती है ताकि गर्भवती महिलाएं स्वस्थ बच्चों को जन्म दे सके । उन्होंने पोषण ट्रैकर मोबाइल ऐप की भी जानकारी दी। वहीं, सुपरवाइजर निधि शर्मा ने संतुलित आहार और पोषक तत्वों के विभिन्न स्त्रोतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं पोषण के अभाव में एनीमिया का शिकार हो रही हैं , जिससे वे कुपोषित बच्चों को जन्म देती है। सुपरवाइजर श्वेता ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को इन योजनाओं की जानकारी अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने शगुन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बेटी है अनमोल योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना तथा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना क्या है, इनके लिए पात्रता और लाभार्थियों की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोरमा ने बाल विकास परियोजना अधिकारी रंजना शर्मा, सुपरवाइजर, उपप्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल, वरिष्ठ आचार्य व अन्य शिक्षकों तथा उपस्थित विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा डॉ. अंजना ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी समितियों के समन्वयक डॉ. सुरेश शर्मा, प्रो. सीताराम, सहायक आचार्य राजीव, डॉ. अंजना, डॉ.अंजू, डॉ. रीता, सहायक आचार्य पूनमा, डॉ. प्रवीण, सहायक आचार्य राकेश, सहायक आचार्य पूजा, सचिन संतोष, नितिन तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ रिटायरमेंट एज बढ़ाने के खिलाफ

**अनंत ज्ञान, दधोल**

**कहा, बढ़ाने की बजाय कम की जाए सेवानिवृत्ति की आयु**

हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल रणौत ने सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का विरोध किया है। कहा कि सेवानिवृत्ति आयु बढ़ने से विभाग में सभी कर्मचारियों को जिन्होंने पदोन्नत होना होता है, उनके लिए पदोन्नति के अवसर कम हो जाते हैं। यदि रिटायरमेंट एज को बढ़ाना भी है तो वह सिर्फ 1 साल के लिए न बढ़ाकर उसको परमानेंट 59 ही कर दिया जाए, ताकि पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों को इसका कोई नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि सरकार रिटायरमेंट एज सिर्फ एक साल के लिए ही बढ़ा रही है, उसके बाद फिर 58 कर दी जाएगी, जो कि कर्मचारियों के साथ सरासर धोखा है। संघ का मानना है कि रिटायरमेंट एज को बढ़ाने के बजाय कम कर दिया जाए, ताकि बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार मिल सके यदि रिटायरमेंट एज बढ़ाई जाती है तो लाखों की तादाद में जो बेरोजगार युवा कमीशन की तैयारी कर रहे हैं। वह नौकरियों से महरूम हो जाएंगे।

उनका समय पर नौकरी प्राप्त नहीं होगी जो कि युवाओं के साथ सरासर धोखा होगा। इसलिए संघ सरकार से मांग करता है की रिटायरमेंट एज को यथावत रखा जाए ताकि न तो कर्मचारियों को कोई नुकसान झेलना पड़े और न ही बेरोजगारों को कोई जोखिम उठाना पड़े। इसी में हम सब की भलाई है तथा तथा सरकार से अनुरोध करता है कि सभी विभागों में खाली पड़े पदों को शीघ्रता से भरा जाए तथा एक्सटेंशन रिटेंशन पॉलिसी को भी बंद किया जाए, ताकि नए रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें व पदोन्नति के अवसर भी न रुकें।

### अंबेडकर के नाम पर कांग्रेस को कोसना बंद करें : संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अभी हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में अबकी बार चार सौ पार का नारा देकर बैसाखियों पर आई भारतीय जनता पार्टी के नेता हर सभा हर मंच हर कार्यक्रम में कांग्रेस को निशाना बनाने से नहीं चूकते। कार्यक्रम का मसौदा कोई भी हो, इनका लक्ष्य केवल कांग्रेस का स्तुतिगान करना ही होता है। देश को कांग्रेस मुक्त करने का ख्बाव देखने वाले भाजपा नेता अब कांग्रेस नेता की टी-शर्ट के रंग से भी भय खाने लगे हैं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि जिले के समोह में भाजपा द्वारा झंडूता विधानसभा क्षेत्र में भारत रतन डा. भीम राव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था, जिसमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्य मेहमान के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम को भले छह दिन बाद मनाने की याद भाजपाईयों को आई हो, लेकिन इसमें भी भाजपा के नेताओं ने बाबा साहेब की विचारधारा पर एक शब्द तक नहीं बोला, बल्कि इसके विपरीत कांग्रेस के गुणगान में ही सारी सभा का समय ले लिया। संदीप सांख्यान ने कहा कि सिंबल ऑफ नॉलेज डा. बीआर अंबेडकर के जीवन के संघर्ष को लेकर उपस्थित लोगों को अवगत करवाते, तो कितना बेहतर होता।

### सेल्स मैनेजर के 6 पदों के लिए इंटरव्यू 25 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी बिलासपुर द्वारा सेल्स मैनेजर के 6 पदों हेतु 25 अप्रैल को जिला रोजगार कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। उक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक होना अनिवार्य है तथा चयनित अभ्यर्थियों को 25 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। साक्षात्कार महिला व पुरुष उमीदवार दोनों भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का रोजगार पोर्टल eemis.hp.nic.in पर पंजीकरण अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए एसबीआई लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी बिलासपुर के प्रतिनिधि से 95012-882323 पर संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आय व इकट्ठी की राशि का दें पूरा हिसाब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्री राजपूत सभा मंडी हिमाचल प्रदेश कोर ग्रुप, इकाई प्रधानों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक राजपूत भवन जेल रोड मंडी में जिला प्रधान डॉ अमर सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संस्था के 2024-25 वर्ष के कामकाज का ऑडिट करके कार्यकारिणी ने पास किया। राजपूत भवन के अधूरे भवन को पूरा कंस्ट्रक्ट करने की जिम्मेदारी राजपूत सभा ट्रस्ट तथा इसके ट्रस्टीज को इनकी इच्छा अनुसार मंजूर की गई। बैठक में निर्णय लिया कि कोषाध्यक्ष ट्रस्ट और सभा हर इकाइयों से आय व इकठ्ठी की गई राशि का पूरा हिसाब दें तथा ट्रस्ट में जमा राशि का हिसाब पेश करें। हिसाब में तथा इकाइयों के रिकॉर्ड्स में अगर कोई असमानता दिखती है तो समय पर उसे दुरुस्त किया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जाति विशेष की तुष्टिकरण के नाम पर राजपूत व सामान्य वर्ग के जरूरतमंद युवाओं तथा विभिन्न अकैडमिक व प्रोफेशनल कॉलेज कर रहे बच्चों की अनदेखी व भेदभाव करने पर कड़ा संज्ञान लिया गया।

### पेयजल की समस्या से निपटने के करें प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी गर्मियों के मौसम में संभावित जल संकट और उससे निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पहले से पुख्ता इंतजाम करें। उन्होंने कहा कि जहां जल स्रोतों में कमी की संभावना है वहां पर जल स्रोतों की सफाई एवं मरम्मत आदि पर विशेष ध्यान दें। बैठक में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्षा होने से वर्तमान समय में कहीं पर पानी की समस्या नहीं है।

### 24 एफसीए प्रस्तावों को मिल चुकी अंतिम मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को मंडी में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के अंतर्गत लंबित प्रस्तावों की समीक्षा के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों और वन विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कुल 64 एफसीए मामलों पर बिंदुवार चर्चा की गई, जिनमें 40 प्रस्ताव परिवेश 1.0 पोर्टल से और 24 प्रस्ताव परिवेश 2.0 पोर्टल से संबंधित थे। इन मामलों में न्यायिक परिसरों, सड़कों, भवनों, और अन्य हाइडल परियोजनाओं से जुड़े प्रस्ताव शामिल थे। इसके अतिरिक्त ऐसे 25 प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई जिन्हें विगत 5 से 10 वर्षों से स्टेज-1 (सैद्धांतिक) का अनुमोदन मिल चुका है, किंतु वे अभी तक स्टेज-2 (अंतिम) अनुमोदन के लिए लंबित हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 17 मार्च 2023 से लेकर अप्रैल 2025 तक विभिन्न विभागों के कुल 24 एफसीए प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी मिल चुकी है।

### जोगिंद्रनगर में अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर में आज प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य एवं सहायक अप्रेंटिसशिप सलाहकार इंजीनियर नवीन कुमारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संस्थागत प्रबंधन समिति के चेयरमैन एवं हाईवे रीट्रेडर्स लिमिटेड के मालिक शिव कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अप्रेंटिसशिप के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। मेले में कुल 14 प्रतिष्ठानों ने भाग लिया और 50 रिक्तियों को अधिसूचित किया गया। इसमें कुल 138 युवाओं ने पंजीकरण कर विभिन्न क्षेत्रों में अप्रेंटिसशिप हेतु आवेदन किया। इंजीनियर नवीन कुमारी ने बताया कि ऐसे आयोजन युवाओं को तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाने और उन्हें रोजगार से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी सहयोगी संस्थानों, प्रतिष्ठानों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### पद्धर अग्निशमन चौकी को भेंट किया फ्रिज

**अनंत ज्ञान, पद्धर।** दिल बड़ा हो तो क्या नहीं होता है। ऐसा ही कुछ पद्धर में हुआ। हुआ यूं कि पद्धर अग्निशमन चौकी में शीतल पेयजल की बात चली हुई थी कि चौकी के कर्मचारियों को जब कभी गर्मी में अपनी ड्यूटी देकर वापस आते है तो उन्हें शीतल पानी पीने से मोहताज होना पड़ता है। रात दिन तैनात अग्निशमन कर्मचारियों को एक शीतल पानी तक नसीब नहीं होती है। बस उतने में ही शादी समारोह में आए नंद लाल ने उनकी ये बात सुनी अगले रोज यानी आज अगली सुबह ही अपनी पत्नी बिमला देवी के हाथों अग्निशमन विभाग पद्धर चौकी में एक फ्रिज के साथ पहुंच गए और कहा लो ये आपका फ्रिज। बता दें कि उपमंडल पद्धर के गांव डाडू पद्धर के एचआरटीसी से ड्राइवर के पद से सेवानिवृत्त नंद लाल ने अपनी धर्मपत्नी बिमला देवी से पद्धर अग्निशमन विभाग चौकी को नया फ्रिज दान में दिया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी हेम सिंह व समस्त चौकी प्रभारी के सदस्यों ने बिमला देवी और उनके पति नंद लाल का धन्यवाद किया है।

### भंडार में स्थापित हुए बड़ा देव कमरुनाग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मंडी जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरुनाग राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में शिरकत करने के बाद 21 दिन उपरांत रोहांडा के मझोठी स्थित अपनी कोठी में विराजमान हो गए हैं। वहीं देव कमरूनाग की वापसी पर क्षेत्र में उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला। बड़ा देव कमरूनाग ने अपने इस मंगलकारी देव फेर में 54 भक्तों के घरों में पधारे और उनका स्नेहपूर्ण आथित्य स्वीकार किया। देवलुओं संग देवता ने जन-जन को आशीर्वाद प्रदान किया और क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। बड़ा देव कमरूनाग की रोहांडा के मझोठी स्थित भव्य कोठी में आज विधिवत पूजन के उपरांत देवता के सूरज पख्खे को भंडार में स्थापित कर दिया है। बता दें कि राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में बड़ा देव कमरूनाग की उपस्थिति भक्तों के लिए विशेष महत्व रखती है और इसे समृद्धि व आस्था का प्रतीक माना जाता है। बीते 31 मार्च को बड़ा देव कमरूनाग ने मझोठी कोठी से सुंदरनगर के लिए प्रस्थान किया था।

# पुखरी में खाई में गिरी कार एक की मौत, छह घायल

## चंबा-तीसा मार्ग पर रविवार रात को पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा-तीसा मार्ग पर पुखरी के पास गहरी खाई में लुढ़की कार।

**चंबा-तीसा** मार्ग पर रविवार रात को पुखरी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया, जब एक सफेद रंग की कार अनियंत्रित होकर लगभग 30 मीटर से भी अधिक गहरी खाई में जा गिरी। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य छह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना के बाद से ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल घटनास्थल पर तैनात हैं, लेकिन हादसे के 24 घंटे बीत जाने के बावजूद सोमवार शाम तक भी कार को खाई से बाहर नहीं निकाला जा सका है। खाई की गहराई और दुर्गम स्थल के कारण राहत कार्य में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर सुरक्षा रेलिंग लगाई जाए और वहां उचित संकेतक लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस द्वारा हादसे की जांच जारी है और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## निविदा प्रक्रिया को पुन: किया जाए पंचायतों के अधीन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी जायज मांगों को लेकर राज्य सरकार से एक निर्णायक अपील की है। प्रदेश पंचायतीराज महासंघ द्वारा पुनविन सिंह सुरजी को सौंपे गए ज्ञापन में पंचायतीराज व्यवस्था को सशक्त, सम्मानजनक और सुचारु रूप से संचालित करने के लिए 13 प्रमुख मांगों को रखा गया है। महासंघ ने मांग की है कि पंचायतों में निविदा प्रक्रिया को पुन: पंचायतों के अधीन किया जाए। मनरेगा की शर्तों में बदलाव की भी अपील की गई है, विशेष रूप से 20 कार्यों की सीमा हटाने और 60-40 की बजाय 40-60 अनुपात लागू करने की आवश्यकता बताई गई है। महासंघ ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछली आपदा के समय जब राज्य का अधिकांश भाग क्षतिग्रस्त हुआ, तब मनरेगा के माध्यम से ही कार्यों को पूरा किया गया और प्रतिनिधियों ने बिना स्वार्थ सेवा की, जबकि अब उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है।

## चंबा की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं व कमजोर कनेक्टिविटी पर जताई चिंता



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला चंबा की वर्षों से उपेक्षित समस्याओं को देश के शीर्ष नेतृत्व के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्पित जरयाल ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के दो दिवसीय चंबा दौरे के दौरान विद्यार्थी परिषद ने उन्हें एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इसमें चंबा जिले की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था, मेडिकल कॉलेज में आवश्यक सुविधाओं की कमी, बढ़ती मरीजों की संख्या और गंभीर कनेक्टिविटी की समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में बताया कि चंबा मेडिकल कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। कई बार एक ही बिस्तर पर दो से तीन मरीजों को रखा जाता है और फिर भी उन्हें उचित इलाज नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में मरीजों को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ता है, लेकिन खराब सड़क संपर्क और कनेक्टिविटी के कारण कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।

नड्डा ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए परिषद के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि वे इन सभी गंभीर मुद्दों पर प्राथमिकता से काम करेंगे।

## रमेश को दूसरी बार मिली राज्य के मुख्य प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/चामुंडा**

**जिला** कांगड़ा के चामुंडा मंदिर के समीप स्थित जालंधर धर्मशाला में हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी के चुनाव हुए। इसमें भरमौर (चंबा) के सपूतों ने एक बार फिर संगठन में अपना दबदबा कायम करते हुए प्रमुख पदों पर चयन हासिल किया। रमेश भोला को दूसरी बार राज्य के मुख्य प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनका चयन सर्वसम्मति से अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह की अगुआई में हुआ। रमेश ने सभी कार्यकारिणी सदस्यों और अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। मैं इस दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से निभाऊंगा। रमेश भोला मूलत: तहसील होली, भरमौर (जिला चंबा) के निवासी हैं। उनका चयन गद्दी समुदाय की एकता और उनके सक्रिय सामाजिक योगदान का प्रतीक माना जा रहा है। इस संगठन में गद्दी सिप्पी, गद्दी हाली, गद्दी वादी, गद्दी रिहाड़ा, गद्दी ढोगरी और गद्दी लोहार – इन छह उपजातियों को एक मंच पर संगठित



किया गया है। कार्यक्रम में भरमौर से एक और महत्वपूर्ण नाम मनोहर लाल का भी चयन हुआ, जिन्हें राज्य कार्यकारिणी का स्थायी सदस्य नियुक्त किया गया है। वे भी मूलत: होली, भरमौर से हैं और उन्हें जल्द ही जिला चंबा संगठन में विशेष जिम्मेदारी दी जाएगी। देव राज पुजारी, जो पंचायत गेहरा, भरमौर से हैं। इनको हिमालयन गद्दी यूनियन चंबा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मनोहर लाल को भी राज्य कार्यकारिणी का स्थायी सदस्य नियुक्त किया गया है। वे मूल रूप से होली, भरमौर (जिला चंबा) के रहने वाले हैं और उन्हें जल्द ही जिला चंबा संगठन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## कल मैहला में किसान मेले में शिरकत करेंगे राज्यपाल शिव प्रताप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 23 अप्रैल को मैहला में आयोजित होने वाले एकदिवसीय किसान मेला एवं नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। सहायक आयुक्त पीपी सिंह ने हुए बताया कि राज्यपाल 22 अप्रैल (मंगलवार) को सांय चंबा पहुंचेंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह में रहेगा । उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को राज्यपाल सुबह 9:15 बजे ग्राम पंचायत मैहला को प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल खेल मैदान मैहला में आयोजित होने वाले एकदिवसीय किसान मेला एवं नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर में मुख्यातिथि होंगे। इस दौरान विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा किसानों और बागवानों को उन्नत तकनीकी जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएंगी। साथ में विभागीय प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से उपयोगी जानकारी भी साझा की जाएगी। शिविर में नशे से होने वाले घातक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे।

## किडनैपिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, 5 दिन का पुलिस रिमांड

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** क्षेत्र में सनसनीखेज किडनैपिंग और फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अंकुश कुमार निवासी गांव गनकेहड़, डाकघर व तहसील बैजनाथ (कांगड़ा) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि आरोपी को घटासनी क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया गया और उसे सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पांच दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

**पीड़ित को रस्सी से बांध कर मांगी थी फिरौती**

गौरतलब है कि सूरज कुमार पुत्र नाग चंद, निवासी गांव रोपा, डा. गुम्मा, तहसील जोगिंद्रनगर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 18 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे उसे और महेंद्र सिंह को विजय कुमार नामक व्यक्ति ने ऑल्टो कार में चौंतड़ा ले जाने के बहाने बुलाया, लेकिन जबरन बैजनाथ की ओर ले गया। मचकेहड़ में विजय के साथियों को भी गाड़ी में बैठाया गया और सुनसान इलाके अवाई नाग मोड़ में गाड़ी रोक कर सूरज और महेंद्र से मारपीट की गई, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व अन्य दस्तावेज छीन लिए गए।

इसके बाद पीड़ितों को गुनेहड़ के एक कैंपिंग साइट में ले जाकर बंधक बना लिया गया। सूरज कुमार को कुर्सी से रस्सी में बांधा गया और 50,000 रुपये की फिरौती की मांग की गई। पीड़ित ने डर के मारे पत्नी से 20,000 रुपये विजय कुमार के खाते में ट्रांसफर करवाए। अगले दिन 30,000 रुपये की और मांग की गई, लेकिन किसी तरह मौका देखकर सूरज को घर भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जाएगी और मामले के हर पहलू तक पहुंचा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## विभाग की सौंपीं जा रही यूनिफॉर्म मंजूर नहीं : हरिप्रसाद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** अध्यापक संघ के जिला प्रधान हरिप्रसाद शर्मा ने कहा कि हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ इकाई जिला चंबा शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए पत्र जिसमें ड्रेस कोड को लगाने की बात की गई है का विरोध करता है। एक तरफ विभाग पत्र जारी करके स्वेच्छा से फॉर्मल ड्रेस लगाने की बात करता है तो दूसरी तरफ रंग, कोट का रंग टाई इत्यादि की वैरायटी का पत्र जारी करके फोटो को तुरंत भेजने की बात करता है। अध्यापक संघ के जिला प्रधान हरिप्रसाद शर्मा, महासचिव सतेंद्र राणा, वित्त सचिव विशाल शर्मा, वरिष्ठ राज्य उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मोहन, नारायण सिंह, विनय कुमार खंड प्रधान जिसमें संजीव कुमार, देशराज, ओम प्रकाश, संदीप शर्मा, मदनलाल, कमलेश कुमार, कासिम्बानी, कुलदीप कुमार, सुरजीत अत्री, अमित कश्यप, राकेश कुमार, पवन कुमार, विजय कुमार, पवन कुमार, व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने एकमत होकर कहा है कि विभाग द्वारा सौंपी जा रही यूनिफॉर्म मंजूर नहीं और फॉर्मल ड्रेस से कोई परहेज नहीं और अगर स्वेच्छा से फॉर्मल ड्रेस लगाने की बात की है तो उसे अध्यापक की इच्छाओं पर ही छोड़ देना चाहिए।

## महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना बनेगी सहारा

### नगर निगम मंडी के महापौर की अध्यक्षता में साधारण बैठक का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नगर** निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में साधारण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने सरकार का धन्यवाद किया कि उन्होंने शराब के प्रबंधन व संचालन के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग को जिम्मेदारी दी है। इसी के साथ सदन में महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना की जानकारी प्रदान की गई।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य वाल्मीकि समाज से संबधित ऐसे व्यक्ति जो सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत हों तथा आश्रयहीन हों अथवा स्वंय का पक्का मकान न हो, को पक्का आवास बनाने हेतु 3 लाख रूपए की धनराशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 2.50 लाख रुपए व शेष 50 हजार रुपए की राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। वाल्मीकि समाज के ऐसे व्यक्ति हो, जो हिमाचल प्रदेश के स्थाई निवासी हों। वाल्मीकी समाज से सम्बधित सफाई कर्मचारी जो किसी भी रूप में सफाई कामगार के रूप में संग्लन व सेवारत हों। ऐसे व्यक्ति जिनके पास निजी आवास न हो अथवा कच्चा जीर्ण अवस्था मे मकान हों। ऐस व्यक्ति जिनके परिवार कि वार्षिक आय समस्त स्त्रोतों से 2.50 लाख से अधिक न हों, जिनके पास आवास निर्माण के लिए राजस्व अभलेख से कम से कम 45 वर्ग मीटर भूमि दर्ज हो। योजना के अन्तर्गत अनुदान राशि 25 वर्ष में एक बार ही स्वीकृत कि जाएगी बशर्त कि आवास प्राकृतिक आपदा से नष्ट न हुआ हो।

#### ऐप से मिलेगी जानकारी

**बैठक** में निर्णय लिया कि शीघ्र ही नगर निगम के क्षेत्राधिकार में सभी ऐतिहासिक मंदिरों, गुरूद्वारों, मस्जिदों बावडियों, ऐतिहासिक स्थल इत्यादि की जानकारी मंडी दर्शन ऐप के माध्यम से आमजनमानस व बाहरी राज्यों से आने वाले टूरिस्टों को प्रदान की जाएगी। नगर निगम के क्षेत्राधिकार में ओला, उब्बर की तर्ज पर शहर में ऑटो की सुविधा भी मिलेगी।

#### विकास कार्यों को मिलेगी गति

**नगर** निगम के क्षेत्राधिकार में शीघ्र ही विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। बैठक में चर्चा कर फैंसला लिया गया कि शीघ्र ही निगम द्वारा पूर्व में परिषद के समय में दुकानों व खोखे के जो किराए निंधारित किए गए थे निगम द्वारा नियमों में संशोधन कर उन दुकानों व खोखें के किरायों को मार्किट वैलयू के हिसाब से बढ़ाया जाएगा।

## चंबा में 150 पदों पर होंगे कैंपस इंटरव्यू 28 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के युवाओं के लिए एक शानदार अवसर सामने आया है। जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा की ओर से 28 अप्रैल से 3 मई तक विभिन्न उप-रोजगार कार्यालयों में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने साझा की। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड (सूचना का अधिकार) हमीरपुर के माध्यम से सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 150 पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। इन इंटरव्यू में केवल पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास, आयु सीमा 19 से 40 वर्ग न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी और वजन 54 से 95 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। चयनित उम्मीदवारों को एक माह के प्रशिक्षण के बाद 16,500 से 22,000 मासिक वेतन के साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। सभी इच्छुक एवं पात्र पुरुष अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय प्रमाणपत्र, बायोडाटा और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि व स्थान पर प्रात: 11 बजे उपस्थित हो।

**Public Notice**

It is hereby informed to General Public at large that Sh. Shiv Kumar (Prop. S.K. Hardware) son of Sh. Garib Dass son of Sh. Kikkar Singh, has availed Secured loan from AU SMALL FINANCE BANK LIMITED, Vide RLOS No.-821258 from its Branch Office at Kangra on the property comprised in Khata number-201 min, Khatauni number-270 min, Khasra numbers-463, 484, 485, 990, 994 and 995, Kita-06, area measuring 00-29-66 Hectares, situated at Mohal Baduhi, Hadbast number-54, Patwar Circle-Khanni, Tehsil Nurpur and District Kangra (H.P.) vide Jamabandi for the years 2018-19. That the original Release-Deed bearing registration number-1505/2017 dated 24.11.2017. A Police Report has also been registered in this regard vide DDR No.-31 dated 16.04.2025 at P.S.-Nurpur. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim or claiming any prior rights or interest in any manner in this property or has raised Objection by depositing the aforesaid document to any person/ bank/ corporation/financial institution may approach the undersigned and submit objection within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of period of this no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be false, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law. Please Take Note.

Thanking You,

Yours Sincerely
Rohit Sharma, Advocate,
Dharamshala (H.P.)

### सूडोकू नवताल- 7408

★★★★★ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7407 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## 'कियां भुलणा तेरा ख्याल' गाना यू-ट्यूब पर रिलीज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** की सुरम्य वादियों से एक और खूबसूरत सैड सॉन्ग 'कियां भुलणा तेरा ख्याल' यू-ट्यूब पर रिलीज होते ही संगीत प्रेमियों का दिल जीतने लगा है। यह गीत जालपा माता प्रोडक्शन के बैनर तले विधिवत रूप से लॉन्च किया गया है, जिसे चंबा की उभरती हुई प्रतिभाशाली गायिका सरोलवी सुरभि ने अपनी मधुर और भावनात्मक आवाज में गाया है। इस गीत को संवारा है चर्चित संगीतकार विनोद मंगोली ने, जबकि गीत के दिल को छू लेने वाले बोल वरिष्ठ साहित्यकार चंचल कुमार सरोलवी की लेखनी से निकले हैं। गीत का निर्देशन और वीडियोग्राफी अबी ने की है और मिक्सिंग की ज़िम्मेदारी नीरज ने बखूबी निभाई है। एल्बम की शूटिंग सरोल बाग समेत अन्य खूबसूरत स्थानों पर की गई है, जिसमें गायिका सुरभि ने अभिनय भी किया है। एल्बम के प्रोड्यूसर हैं गौरव सलवानी।

वरिष्ठ साहित्यकार चंचल सरोलवी ने जानकारी देते हुए संगीत प्रेमियों, कलाकारों और आम जनता से अपील की है कि वे 'जालपा माता प्रोडक्शन चंचल कुमार' यूट्यूब चैनल पर जाकर इस गीत को जरूर देखें, शेयर करें और सुरभि को अपना स्नेह व आशीर्वाद दें




गायिका सरोलवी सुरभि ने मधुर आवाज में गाया 'कियां भुलणा तेरा प्यार' गाना।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 22 अप्रैल 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत चैत्र, **तिथि** नवमी (06:16): **नक्षत्र** श्रवण (12:45), **पक्ष:** कृष्ण, **योग :** शुभ (09:12) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:45) **राहुकाल** (03:35-05:13)।

### विशेष दिन

- 22 अप्रैल 2025: चंडिका नवमी आज।
- 22 अप्रैल 2025: पंचक आज से ।

**मेष:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृषभ:** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुन:** रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। आवास, मकान व वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**कर्क:** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंह:** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

**कन्या:** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**तुला:** वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला है।

**वृश्चिक:** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु:** बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**मकर:** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ:** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**मीन:** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

## सुंदरनगर शहर में पीलिया के मामले आने पर जल शक्ति विभाग अलर्ट

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** शहर में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस क्षेत्र में पीलिया के दो मामले सामने आने के बाद जलशक्ति विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया है। इसको लेकर विभाग ने सोमवार को पेयजल के उपयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है।

जल शक्ति मंडल सुंदरनगर के अधिशाषी अभियंता ई. रजत गर्ग ने कहा कि शहर के रेस्ट हाउस क्षेत्र में पीलिया के दो मामले रिपोर्ट होने पर उपभोक्ताओं को पेयजल के उपयोग को लेकर सावधानियां बरतने की एडवाइजरी जारी की गई है। इसके अंतर्गत पेयजल टैंकों को नियमित अंतराल में साफ करने, उबला हुआ पानी पीने, ताजा पके हुए भोजन का सेवन करने और स्ट्रीट फूड स्टालों के खाने से परहेज करने की सलाह दी गई है। इसके साथ विभाग ने पूरी तरह से ठीक होने तक वसायुक्त और तैलीय खाद्य पदार्थों से बचाव, घरों और आसपास उचित स्वच्छता बनाए रखने और जल सेवा कनेक्शन की जांच करने की हिदायत दी है।

ई. रजत गर्ग ने बताया कि शहर के विभिन्न हिस्सों से हर रोज नियमित रूप से पानी के सेंपल एकत्रित और परीक्षण किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

#### विभागीय जलापूर्ति के सैंपल पाए गए सुरक्षित

**रजत** गर्ग ने बताया कि शहर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस क्षेत्र में पीलिया के दो मामलों में जांच करने पर प्रभावित लोगों के निजी भंडारण टैंकों से लिए गए सेंपलों को छोड़कर विभागीय जलापूर्ति सेंपल सुरक्षित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसका रिजल्ट संबंधित टेलीफोन के साथ-साथ लिखित रूप में भी सूचित किए गए हैं। इसके अलावा पानी के नमूनों को जैविक जांच के लिए ईको पर्यावरण प्रयोगशाला मोहाली भेजा गया और सभी पेयजल सप्लाई के सेंपल पीने के लिए फिट पाए गए हैं।

#### विभाग ने उपभोक्ताओं को सावधानियां बरतने की दी हिदायत

**नगर परिषद सरकाघाट जिला मण्डी (हि0 प्र0)**
फोन:- 01905-230620, फैक्स: -01905-230620
email:-mc.sarkaghat9@gmail.com , web: http:/wwwnpsarkaghat.com.com
सख्या:- न0परि0 / सरका0/2025-863 दिनांक- सरकाघाट 21-4-2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सरकाघाट की कार पार्किगं की खुली बोली दिनांक 24-04-2025 को प्रात: 11:00 बजे नगर परिषद कार्यालय में 11 मास के लिये प्रतिमाह बोली पर बाछिंत शर्तों के अनुरूप दी जायेगी । बोली की नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में पढ़ी जा सकती हैं जो कि आरा मशीन के साथ है। कार पार्किगं के लिये बोली दाता बोली बोलने से पहले मु0 50,000/- रूपये नगद बतौर धरोहर / प्रतिभूति राशी जमा करवायेंगें उसके उपरान्त ही बोली बोलने के हकदार होगें जिसके पक्ष में बोली छुटेगी उसकी प्रतिभूति राशी वापिस नहीं की जायेगी तथा अन्य बोलीदाताओं की प्रतिभूति राशी उसी दिन वापिस कर दी जायेगी, बोली में अधोहस्ताक्षरी बतौर पीठासीन अधिकारी होगें और पीठासीन अधिकारी उक्त बोली को बिना कारण बताये कभी भी स्थगित या निरस्त करने का अधिकार होगा। अत: इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त दिनांक व समय पर नगर परिषद कार्यालय में बोली दे सकता है । **हस्ता**

**कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद सरकाघाट**
**जिला मण्डी (हि0 प्र0)**

**बुद्धिमान** का उद्देश्य खुशी को सुरक्षित रखना नहीं होता है, बल्कि दु:ख को दूर रखना होता है। –अरस्तु

## संपादकीय

### भारत-बांग्लादेश में तनाव

जबसे शेख हसीना निर्वासित हुई हैं और नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने सत्ता संभाली है, तब से भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते निरंतर खराब होते जा रहे हैं। अब बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ एक और साजिश रची है। वह दक्षिण त्रिपुरा में मुहुरी नदी के पास एक और तटबंध बना रहा है। इसकी वजह से सीमा से सटे शहरों में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। भारत और बांग्लादेश के रिश्तों का ऐतिहासिक और भौगोलिक महत्व दोनों देशों की स्थिरता और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोहम्मद यूनुस के सत्ता में आने के बाद से बांग्लादेश की विदेश नीति में बदलाव साफ नजर आ रहा है। इस नई परिस्थिति में बांग्लादेश की ओर से दक्षिण त्रिपुरा में मुहुरी नदी के पास तटबंध निर्माण करने की खबर निश्चित रूप से चिंता का विषय है, खासकर तब जब इससे भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मुहुरी नदी त्रिपुरा और बांग्लादेश के नोआखाली जिले के बीच बहती है। यह नदी मानसून के समय तेज बाढ़ लाती है और इसके पानी की दिशा में जरा भी बदलाव या छेड़छाड़ त्रिपुरा के सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे बेलोनिया, सबरूम और सोनामुरा में गंभीर जलभराव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बांग्लादेश की ओर से बिना पूर्व सूचना और आपसी समझौते के तटबंध निर्माण करना 1975 के बाद से चली आ रही आपसी सहमति और 'साझा नदी नीति' का सरासर उल्लंघन है।

यह न सिर्फ भारत की संप्रभुता पर सवाल खड़ा करता है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि क्या केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस गंभीर मसले पर हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए? भारत सरकार के गृह मंत्रालय का यह कर्तव्य है कि वह सीमावर्ती राज्यों की सुरक्षा, पर्यावरण और लोगों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर तुरंत प्रतिक्रिया दे। ऐसे मामलों में गृह मंत्रालय को तत्काल संयुक्त निरीक्षण करना चाहिए, ताकि वस्तुस्थिति से दोनों देश अवगत हो सकें। भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षाबल और बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड्स के बीच एक संयुक्त निरीक्षण दल बनाकर मौके की स्थिति का मूल्यांकन करना श्रेयस्कर रहेगा। विदेश मंत्रालय के माध्यम से बांग्लादेश से औपचारिक विरोध दर्ज कराया जाना चाहिए और स्पष्ट किया जाना चाहिए कि इस तरह के एकतरफा निर्णय से द्विपक्षीय रिश्ते प्रभावित होंगे। इस मसले पर राजनयिक स्तर पर बातचीत अवश्य होनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन को समय रहते सतर्क कर देना चाहिए। त्रिपुरा सरकार को बाढ़ संभावित क्षेत्रों के लिए आपातकालीन तैयारी के निर्देश दिए जाने चाहिए।

इस मुद्दे को लेकर संसद की एक विशेष समिति गठित की जा सकती है जो जल संसाधन, आंतरिक सुरक्षा और विदेश नीति के विशेषज्ञों के साथ इस मामले की व्यापक समीक्षा करे। अगर पिछले सालों की तह तक जाएं और उनका विश्लेषण करें तो भारत-बांग्लादेश संबंधों में बहुत ज्यादा गिरावट आई है, जिसके कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नेतृत्व परिवर्तन है। शेख हसीना भारत की प्रबल समर्थक थीं और उन्होंने आतंकवाद, सीमावर्ती अपराधों और पानी के बंटवारे पर भारत के साथ सहयोग को प्राथमिकता दी थी। मोहम्मद यूनुस के सत्ता में आने से यह संतुलन बदल गया है। युनुस पर चीन का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। कई रणनीतिक परियोजनाएं जिनमें चीन की भागीदारी है, वे भारत को घेरने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही हैं। आंतरिक राजनीति भी इसके लिए बराबर जिम्मेदार है। भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए और एनआरसी जैसे मुद्दों को बांग्लादेश में नकारात्मक रूप में देखा गया, जिससे वहां की जनता और सरकार में भारत विरोधी भावना बढ़ी। आखिर दोनों के बीच रिश्तों को सुधारा कैसे जा सकता है? सबसे पहले राजनयिक संवाद बढ़ाया जाना चाहिए। दोतरफा संवाद की प्रक्रिया को तेज करना आवश्यक है। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों और विदेश मंत्रियों के बीच नियमित बैठकें इस तनाव को कम कर सकती हैं।

जल समझौतों की समीक्षा करनी चाहिए। गंगा, तीस्ता और अन्य साझा नदियों पर निष्पक्ष जल वितरण समझौते किए जाने चाहिए। इससे विश्वास बहाल होगा। भारत को बांग्लादेश के साथ व्यापार घाटा कम करने की कोशिश करनी चाहिए और टेक्सटाइल, फार्मा और कृषि में संयुक्त उद्यम स्थापित करने चाहिए। सीमा पर तारबंदी, निगरानी और संयुक्त पेट्रोलिंग को और सशक्त बनाना होगा, ताकि तस्करी, घुसपैठ और सीमा विवाद जैसे मुद्दों को समय रहते सुलझाया जा सके। भारत को बांग्लादेश में अधिक निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के जरिए चीन के प्रभाव को संतुलित करने की आवश्यकता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बांग्लादेश एक अहम पड़ोसी देश है और इतिहास गवाह है कि सहयोग और साझेदारी से ही दक्षिण एशिया में स्थायित्व और शांति सुनिश्चित की जा सकती है। ■

# हमारी शक्ति, हमारा ग्रह-एक सामूहिक संकल्प

जब मैं कक्षा छह की छात्रा थी, तब पहली बार नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बारे में किताबों में पढ़ा। उन अक्षरों को पढ़ते-पढ़ते एक दृढ़ विश्वास और कल्पना मन में आकार लेने लगी कि बड़े होकर एक दिन हम सौर कुकर में खाना पकाएंगे और हमारी ऊर्जा जरूरतें प्रकृति से पूरी होंगी। 2011 में जब मुझे विज्ञान दिवस पर एक रिसोर्स पर्सन के रूप में व्याख्यान देने का अवसर मिला, तब यह एहसास हुआ कि किताबों और जमीनी सच्चाई के बीच एक लंबा फासला है। उस क्षण फिर यही बात दोहराई और कल्पना की कि हमें पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम कर, नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाने चाहिए और आज जब मैं यह लेख लिख रही हूं, तो फिर भीतर एक उम्मीद जाग रही है कि वह समय अब दूर नहीं जब हम सामूहिक रूप से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर उन्मुख होंगे। यह सिर्फ जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। हर वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। यह केवल एक पर्यावरणीय आयोजन नहीं, बल्कि एक सामूहिक चेतना का आह्वान है-एक गहरी पुकार कि यदि हमने अब भी अपनी जीवनशैली और सोच में बदलाव नहीं किया, तो हमारी आने वाली पीढ़ियां एक उजाड़, असंतुलित और जलवायु आपदाओं से ग्रस्त पृथ्वी पर जीने को विवश होंगी।



लेखिका : डॉ. तारा देवी सेन
बॉटनी विभागाध्यक्ष, मंडी कॉलेज




इस वर्ष 2025 की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' इस चेतावनी को एक दिशा देती है-यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा, सामुदायिक सहभागिता और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की ओर एक निर्णायक कदम है। इसका स्पष्ट लक्ष्य है : 2030 तक वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को तीन गुना करना, लेकिन यह तभी संभव है जब हम सब आम नागरिक, किसान, शिक्षक, छात्र, नीति-निर्माता एकजुट होकर पर्यावरणीय जिम्मेदारियों में अपनी भूमिका निभाएं। रास्ट्रपिता महात्मा गांधी का यह कथन कि धरती माता के पास 'प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतें पूरी करने के लिए सब कुछ है, लेकिन लालच के लिए नहीं' आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। बीते कुछ दशकों में जो जीवनशैली हमारे पूर्वजों के लिए सहज और सामूहिक थी, वह आज विकास की दौड़ में एकल और उपभोक्तावादी होती जा रही है। एक कमरे में गूंजती हंसी अब आलीशान बंगलों की खामोशी में गुम है। एक वाहन से चलते परिवार अब अलग-अलग लग्जरी कारों में सफर करते हैं। यही असंतुलन, यही उपभोग की अंधी होड़ आज पृथ्वी के संतुलन को सबसे बड़ा खतरा बना चुकी है। औद्योगीकरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, जीवाश्म इंधनों का अत्यधिक उपयोग, प्लास्टिक प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के ह्रास जैसे मुद्दे एक साथ मिलकर हमारे पारिस्थितिक तंत्र को चरमरा रहे हैं।

यदि हम हिमाचल प्रदेश की बात करें, तो यह देवभूमि अपने पवित्र वनों और गहन लोक परंपराओं के कारण प्रकृति प्रेमियों के लिए एक उदाहरण रहा है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल में करीब 5,000 पवित्र वन ग्रामीणों द्वारा संरक्षित हैं, जो पूरे देश में सर्वाधिक माने जाते हैं। ये 'देव वन' न केवल पर्यावरण संरक्षण का आदिकालीन उदाहरण हैं, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा के स्रोत होने के साथ-साथ हमारे सांस्कृतिक और जैविक विरासत के प्रहरी भी हैं। यहां के लोगों ने हमेशा से मिट्टी के कुल्हड़, बांस की टोकरियां, टौर के पत्तों की पत्तल और पारंपरिक जल स्रोतों जैसे नौण, चशमे, कूहल आदि के माध्यम से प्रकृति के साथ सामंजस्य रखा है, लेकिन अब यह राज्य भी बदलती जलवायु और बेतरतीब विकास का शिकार हो रहा है। परिणामस्वरूप बर्फबारी में कमी, ग्लेशियरों का पिघलना, बादल फटना, जंगलों में आग लगना एवं असमय वर्षा और भूस्खलन जैसी घटनाएं आम होती जा रही हैं। 2023 की त्रासदियां-मंडी, कुल्लू और किन्नौर में आई आपदाएं इस असंतुलन की कठोर गवाही हैं। पारंपरिक जल स्रोत सूखने लगे हैं, जिससे गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। खेती-बागवानी प्रभावित हो रही है और औषधीय पौधों की कई प्रजातियां धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर बढ़ रही हैं। जल, जंगल और जमीन को बचाए बिना हम नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की कल्पना भी नहीं कर सकते।

ऐसे में 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' की भावना को मूर्त रूप देने के लिए हमें हिमालयी क्षेत्र में स्थानीय समाधान और वैश्विक सोच को साथ लेकर चलना होगा। इसके लिए न केवल पारंपरिक ज्ञान का पुनर्संवर्धन करना होगा, बल्कि इसे युवाओं और स्थानीय समुदायों से जोड़ना होगा। हिमाचल की धरती में परिवर्तन की गहन शक्ति निहित है। यहां की मिट्टी, वन, जल स्रोत और लोकपरंपराएं न केवल प्रकृति से संतुलन बनाए रखने में सक्षम है, बल्कि सतत विकास की मिसाल भी पेश कर सकती है।

यदि हम प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करें और उनसे माइक्रो-हाइड्रो प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा दें, बंजर जमीनों को उपेक्षित छोड़ने के बजाय वहां सहजन, बांस, जैट्रोफा, एलोवेरा, बान, देवदार, बुरांश, पलाश, खनौर, टौर, चील और नीम जैसे बहुउपयोगी पौधे लगाएं तथा जैविक खेती को अपनाएं तो न केवल हम बायो-एनर्जी स्रोतों का विकास कर सकते हैं बल्कि अपनी मिट्टी, जल और स्वास्थ्य- तीनों की रक्षा भी कर सकते हैं। हिमाचल की परंपराएं, संस्कृति और प्रकृति यदि साथ मिल जाएं तो यह राज्य हरित ऊर्जा, जल संरक्षण और आत्मनिर्भरता का आदर्श बन सकता है। जरूरत है तो केवल जनभागीदारी की, जागरूकता की ओर सामूहिक संकल्प की है, लेकिन यह जिम्मेदारी केवल सरकारों या वैज्ञानिकों की नहीं है। सही बदलाव तब आता है जब हर व्यक्ति उसका हिस्सा हो और परिवर्तन की शुरुआत हमारे अपने घर, गांव और व्यवहार से हो। जब हम प्लास्टिक की थाली छोड़कर पत्तल में भोजन करते हैं, जब हम कपड़े की थैली को अपनी खरीदारी का हिस्सा बनाते हैं,जब हम एलईडी बल्ब से ऊर्जा की बचत करते हैं और जब हम अपनी छत पर सौर पैनल लगाने की सोच अपनाते हैं तब हम सिर्फ उपभोगकर्ता नहीं रहते, हम परिवर्तन के वाहक बन जाते हैं। अब समय आ गया है जब नवीकरणीय ऊर्जा केवल किताबों का विषय नहीं, बल्कि हमारे जीवन की वास्तविकता बने।

शिक्षण संस्थानों, एनएसएस, एनसीसी जैसे संगठनों को केवल भाषणों और रैलियों तक सीमित न रखकर पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, पारिस्थितिकीय शिक्षा, लोकसांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा पर्यावरणीय चेतना को व्यवहार में बदलने की आवश्यकता है। हिमाचल के जंगली खाद्य संसाधनों और औषधीय पौधों को दस्तावेजीकृत कर आजीविका से जोड़ना, सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा देना, प्लास्टिक प्रतिबंध और ठोस कचरा प्रबंधन के लिए स्थानीय सहभागिता विकसित करना आज की जरूरत है।

इस वर्ष का पृथ्वी दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की ओर कैसे तेजी से बढ़ सकते हैं। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा, लघु जलविद्युत जैसे हरित विकल्प न केवल पर्यावरण की रक्षा करेंगे, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएंगे। इस पृथ्वी दिवस पर आइए, अपनी शक्ति को पहचानें और इस ग्रह को बचाने के लिए संकल्प लें कि हम -प्रकृति के साथ सामंजस्य, परंपरा के साथ नवाचार और अपनी सामूहिक शक्ति के साथ पृथ्वी को बचाएंगे। धरती हमारी मां है-इसकी सेवा, संरक्षण और सम्मान ही हमारा धर्म है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# सरकारी नौकरी और जिंदगी की समझ

मां और पिताजी, दोनों ही सरकारी नौकरी में थे। घर का माहौल कुछ यूं था कि पढ़ाई-लिखाई का अंतिम लक्ष्य नौकरी हासिल करना ही था और वह भी सरकारी नौकरी। कोई विकल्प नहीं, कोई और खवाब नहीं। आपकी स्थिति बिलकुल वैसी ही जैसे कोई घोड़ा तांगे में जुता हो और उसकी आंखों पर पट्टी बंधी हो, उसे केवल सीधा रास्ता दिखता है, इधर-उधर देखने का न कोई अधिकार, न उसकी आदत, अगर गुस्ताखी कर दिया तो फिर कोचवान की चाबुक तो है ही। सच कहूं, तो आज से तीस-चालीस साल पहले वैसे भी विकल्प कहां थे? अगर बच्चा विज्ञान में अच्छा है तो डॉक्टर बनेगा या इंजीनियर बस दो ही रास्ते। अगर Humanities की ओर रुझान है, तो फिर सिविल सेवा यही एकमात्र विकल्प समझा जाता था। बाकी सारे सपने, सारी संभावनाएं उस एक संभावना के बाद ही आती थीं, अगर आती थीं तो। कला, संगीत, लेखन- ये सब 'शौक' की श्रेणी में आते थे 'करियर' की नहीं।



लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मां हमेशा कहती थीं 'नौकरी की नहीं निभाई जाती है।' और पिताजी का अंदाज कुछ और ही था 'नौकरी न करी और करी तो न, न करी।' तब ये बातें किसी पहेली जैसी लगती थीं। लगता था, ये लोग कुछ ज्यादा ही पुराने ख्यालों के हैं। सच कहें तो गुलामी सी लगती थी ये सारी बातें। तब तो यही लगता था कि दुनिया मेरी मुट्ठी में है। मैं जो चाहूं, कर सकता हूं, लेकिन वक्त ने धीरे-धीरे, बहुत सलीके से यह सबक समझा दिया। तीन दशक की नौकरी के बाद अब जाकर समझ में आता है कि मां-बाप की बातें सिर्फ कहावतें नहीं थीं, वो अनुभव की निचोड़ थीं। ऐसी सच्चाइयां, जो किताबों में नहीं मिलतीं, लेकिन हर नौकरीपेशा के दिल में लिखी होती हैं।



आज जब सेवा नियमावली का पहला पन्ना पलटता हूं, तो हर शब्द जैसे चुभता नहीं, समझ आता है। ट्रांसफर, पोस्टिंग, प्रोमोशन, विजिलेंस जांच—ये शब्द महज औपचारिक प्रक्रियाएं नहीं हैं, ये हमारी पूरी जिंदगी की दिशा तय कर सकते हैं।' आपका पद आपकी पहचान नहीं है। व्यवस्था की डोर थामे रहना ही आपकी जिम्मेदारी है।' इसे समझने की जरूरत है। कभी आधी रात किसी दूर के जिले का ट्रांसफर ऑर्डर आता है, जो आपके मन माफिक नहीं है, तो कभी प्रमोशन की आस लेकर सालों बैठना पड़ता है। हर बार आपको एक निर्णय का पालन करना होता है, जो आपने खुद नहीं लिया। कभी वह निर्णय आपकी जिंदगी को संवार देता है, तो कभी एक ही पल में सब कुछ उथल-पुथल कर देता है।

आपको बेपटरी कर दे सकता है, पर इन सबके बीच आप मुस्कराते रहते हैं, रोज दफ्तर जाते हैं, फाइलें पलटते हैं, कंप्यूटर पर आंखें गड़ाए रहते हैं, मीटिंग्स करते हैं, मीटिंग्स का हिस्सा बनते हैं, क्योंकि यही आपकी जिम्मेदारी है, यही आपकी पहचान है। पर सुकून? वह तो शायद उस दिन आता है जब आप 'सेवानिवृत्त' होते हैं—बशर्ते कि आप उस दिन तक खुद को सही सलामत, मानसिक और शारीरिक रूप से, बचाकर ला सके हों। अब आपकी जिंदगी की दूसरी पारी शुरू होती है, पर प्रभाव कहीं न कहीं पहली पारी का ही होता है।

हर फॉर्म, हर फाइल, हर आदेश आपकी स्वतंत्रता की एक परत छीलता है। और फिर भी, हर महीने की पहली तारीख को मिलने वाली तनख्वाह ( महीने भर तन खपाने के बाद मिलने वाला ), उस छिले हुए आत्मसम्मान पर एक मरहम बन जाती है। ये नौकरी है साहब—कभी वरदान, कभी अभिशाप, लेकिन अंतत: एक ऐसा अनुभव, जो आपको जीवन के हर रंग से रू-ब-रू कराता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अपनी बात

**देश** व प्रदेश में नशे की तलब में कत्ल जैसी खौफनाक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। नशे की हालत में भी संगीन जुर्म हो रहे हैं। ड्रग्स की अवैध तिजारत से नशे के सरगनाओं की दौलत में बेहताशा इजाफा हो रहा है। अगर गुरबत व नादारी से जूझ रहे नशेड़ियों के परिवारों की आर्थिकी का तवाजुन बिगड़ चुका है। अदालतों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमों में लाभ हो रहा है। कानूनी शिकंजे में फंस चुके नशे के तलबगार बने कई युवाओं को बचाने के लिए अभिभावकों ने अपनी जमीन गिरवी रख दी है। धनवान बनने की लालच में कई मुलाजिमों ने अपना जमीर गिरवी रख दिया है। नतीजतन अंतरराष्ट्रीय सरहदों से शुरू हुई नशा सप्लाई की चेन नहीं टूट रही। ड्रग्स माफिया हर सूबे में अपने नशे का नेटवर्क कायम कर चुके हैं। सरकार को इस पर सख्त कदम लेने की जरूरत है।

**कमल सिंह, भड़वाल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता

**कानन** देवी भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। बगैर प्रशिक्षण हासिल किए कानन ने गायन की दुनिया में प्रवेश किया और अभिनय के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई। वह पहली बांग्ला कलाकार थीं, कानन देवी का जन्म पश्चिम बंगाल के हावड़ा में एक मध्यम वर्गीय बंगाली परिवार में हुआ था। बाल्यावस्था के दिनों में ही उनके दत्तक पिता रमेश चंद्र दास की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को देखते हुए कानन देवी अपनी मां के साथ काम में हाथ बंटाने लगीं। कानन देवी जब सिर्फ 10 वर्ष की ही थीं, तब अपने एक पारिवारिक मित्र की मदद से उन्हें 'ज्योति स्टूडियो' द्वारा निर्मित फिल्म 'जयदेव' में काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1934 में प्रदर्शित फिल्म 'मां' बतौर अभिनेत्री कानन देवी के सिने कैरियर की पहली हिट फिल्म साबित हुई। वर्ष 1949 में कानन देवी ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया।वर्ष 1976 में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कानन देवी के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें फिल्म जगत् के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। कानन देवी बंगाल की पहली अभिनेत्री बनीं, जिन्हें यह पुरस्कार दिया गया था। अपनी निर्मित फिल्मों, पार्श्वगायन और अभिनय के जरिए दर्शकों के बीच खास पहचान बनाने वाली कानन देवी 17 जुलाई, 1992 को इस दुनिया को अलविदा कह गईं। ■



कानन देवी
जन्म : 22 अप्रैल, 1916
मृत्यु : 17 जुलाई, 1992

# युगों-युगों तक मानव को अमर कर देती है अच्छाई व सच्चाई

अच्छाई युगों-युगों तक मानव को अमर कर देती है। मानव को हमेशा अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलना चाहिए। मानव जीवन अनमोल है। कहते हैं कि एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते हैं फिर भी पत्थर ही रहते हैं।

आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उड़ाई जाती है, प्रत्येक इंसान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए, भले ही कितनी ही विपत्ति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए, मानव को अपने स्वाभिमान के आंसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए। आधुनिक इंसान पत्थर दिल व आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। मानव संवेदनहीनता की हदें लांघ रहा है। यह समाज के लिए अशुभ संकेत है। मानव आज मानवता के खिलाफ होता जा रहा है। मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़ना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है, तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते हैं, परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी।



जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते हैं मगर दुख में साथ छोड़ देते हैं ,कहते अपने ही काम आते हैं मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है, कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल कि कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब, मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है, मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए।

जीवन बार-बार नहीं मिलता है, ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है। यह एक शाश्वत सत्य है और बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए, क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू लें।

एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए, वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए, क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। सांच को आंच नहीं आती। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इंसानियत को हमेशा जिंदा रखें किसी गरीब को न सताएं। मानवता ही मानव की असली पूंजी है। समाज के हर मानव की सहायता करनी चाहिए। यह अटल सच्चाई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## कविता

### आओ पृथ्वी दिवस मनाएं



*रवि सांख्यान, मैहरी काथला ,बिलासपुर*

*आओ पृथ्वी दिवस मनाएं, धरा का कर्ज चुकाएं।*
*वर्ष 1970 में आयोजन प्रथम बार, करीब दो सौ देश मनाते त्योहार।*
*धरा जीवनदायिनी बने सदाबहार,*
*समुचित सामायिक चिंतन करे विश्व परिवार।*
*हमारी शक्ति-हमारा ग्रह, थीम है इस बार।*
*मानव डराता,भागो जीव-जंतु,*
*यह तो अपना निवास स्थान।*
*व्यथित जीव-जंतु प्रति उत्तर देते, यह था हमारा पुस्तैदी मकान।*
*अब हम भी रहे कहां, विचार करें श्रेष्ठ मनु संतान।*
*पिघल रहे बर्फानी ग्लेशियर, ग्लोबल वार्मिंग का है असर।*
*आपदाएं नित बरसाती लहर, अल्पवृष्टि-अनावृष्टि का ढाते कहर।*
*अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा, जागो सुषुप्त प्राणी।*
*प्रकृति का इशारा समझ, हर दिन मनाएं पृथ्वी दिवस।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

## पाठकों के पत्र...

**दैनिक** अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों को स्टीक और त्वरित जानकारियां पहुंचाने का कार्य कर रहा है। नवाचार, स्टाइल शीट सहित खबरों का कंटेंट्स अनंत ज्ञान समाचार पत्र को अलग पहचान दिला रहा है। जरूरी और बड़ी खबरों को प्रमुख पृष्ठों में जगह मिल रही है। खबरों का संतुलन भी अच्छा है। कोशिश हो कि खबरों में अशुद्धियां न रहे। पाठकों की रुचि बनी रहे, इसके लिए सभी वर्ग की जरूरत के मुताबिक खबरें और संपादकीय पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। खबरों के अलावा हिमाचल की कला और संस्कृति को उजागर करने की पहल सराहनीय है। बेहतरीन लेआउट के साथ खबरों का चयन और प्रस्तुतीकरण सूझबूझ तरीके से किया जा रहा है। यह अनुभवी टीम और बेहतर प्रबंधन से ही संभव है। हेल्थ, कृषि, पर्यटन, स्वास्थ्य और नारी शक्ति विशेष कॉलम नियमित छापते रहें ताकि पाठकों की रोचकता बनी रहे।



**राजीव कुमार**
**मो. 9816601001**

**दैनिक** समाचार पत्र अनंत ज्ञान ने करीब डेढ़ साल के छोटे से अल्पकाल में प्रदेशभर में अपनी अलग पहचान स्थापित कर ली है। अनंत ज्ञान प्रदेश की जनता का पसंदीदा अखबार बनता जा रहा है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं के साथ-साथ विशेषताएं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के लेखकों के विभिन्न उम्दा लेखों को प्रकाशित किया जा रहा है तो वहीं, देश-विदेश की जानकारी हर दिन देखने को मिलती है। हर सोमवार को हर गांव कुछ कहता है सीरीज के माध्यम से गांवों के मसले उठाए जाते हैं तो वहीं हर रोज किसी न किसी खास व्यक्तित्व के जन्मदिन का जिक्र करना, इत्यादि अनेक प्रकार के खास प्रयास अनंत ज्ञान अखबार के माध्यम से किए जा रहे हैं। मैं अपने गांव की मूलभूत असुविधा का ध्यान आपके अखबार के माध्यम से सरकार एवं संबंधित विभाग की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा। जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव मिल्ला में दशकों से उठाऊ सिंचाई पेयजल योजना अधूरी है और आज भी उसी हाल में पड़ी है। समाज के बुद्धिजीवियों एवं जागरूक व्यक्तियों के अनुसार, गांव की जमीन विभिन्न फसल उत्पादनों के लिए अग्रणी मानी जाती है, जैसे- मुख्यत: अदरक, लहसुन, टमाटर बींस, मक्की, गेहूं, अरहर, मडुआ इत्यादि अनेक प्रकार के फसलों के लिए प्रसिद्ध मानी जाती है, परंतु सिंचाई के लिए पानी के अभाव में समस्त ग्रामवासियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। मजबूरन लोगों को दूरदराज के पानी के सोर्स से निजी पाइप के माध्यम से सिंचाई करनी पड़ती है जो कि पर्याप्त नहीं होता है। जनहित में सरकार एवं संबंधित विभाग से निवेदन और आग्रह रहेगा कि इस सिंचाई योजना को पूर्ण किया जाए, ताकि भविष्य में ग्रामवासियों को पानी की समस्या से निजात मिल सके। इसी परिप्रेक्ष्य में मेरा सुझाव रहेगा कि गर्मी के इस मौसम में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पानी की समस्याओं को समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से उठाने का प्रयास किया जाए, ताकि जनता को आपके इस सराहनीय प्रयासों से कहीं न कहीं लाभ प्राप्त हो।



**– ठाकुर हेमराज राणा**
**शिलाई, सिरमौर**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र दिनोंदिन निखर रहा है। पठनीय और रोचक खबरों की संख्या बढ़ना शुभ संकेत है। यह अखबार अब दूसरे समाचार पत्रों के समक्ष चुनौती देता हुआ प्रतीत हो रहा है। जनहित से जुड़े मसले तह तक जाकर काफी रोचक ढंग से उठाए जा रहे हैं। नियमित पाठक होने के नाते मैं भी आपके अखबार के माध्यम से एक गंभीर मसला उठाना चाहता हूं। महोदय, नगरोटा बगवां में आवारा पशु दिन-रात सड़कों पर विचरण करते रहते हैं, जिससे राहगीरों के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। कई पशु इतने खूंखार हो गए हैं कि अब वह लोगों पर भी हमला करने से नहीं चूकते। पिछले महीनों में यहां दो-तीन लोग पशुओं के आतंक के कारण मारे गए हैं, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है। आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या स्थानीय लोगों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। कई बार ये पशु अचानक सड़क पर आकर ट्रैफिक बाधित कर देते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। पशुओं को पकड़कर गौशालाओं या उचित आश्रय स्थलों में भेजने की व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही, पशुपालकों को भी अपने मवेशियों की निगरानी रखने के लिए जागरूक किया जाना जरूरी है। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या और भयावह रूप ले सकती है।



**–धनी राम, नगरोटा बगवां**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रियूर गांव को एनएच निर्माण कार्य से खतरा

## किसान सभा ने बरसात से पहले इन्हें सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र में एनएच निर्माण कंपनी द्वारा धर्मपुर से बरोटी मंडी की ओर निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग में गांव रियूर के पास किए कटान से अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के डेढ़ दर्जन परिवार आने वाली बरसात की आहट सुनाई देते ही दहशत में हैं। इन परिवारों के घरों के पास की कटिंग से बरसात में बहुत ज्यादा नुकसान होने की आशंका है, इसे रोकने के लिए कंपनी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है और न ही स्थानीय प्रशासन व विधायक कोई कदम उठा रहे हैं।

हिमाचल किसान सभा की जांच टीम ने इस गांव का दौरा किया व प्रभावितों से उनकी समस्याओं बारे चर्चा की और 28 अप्रैल को एसडीएम कार्यालय धर्मपुर पर इसके लिए धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। सभा की टीम का नेतृत्व कर रहे पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा, रणताज राणा, देश राज पालसरा, अनिल कटवाल आदि ने मौके पर जाकर जायजा लेने के बाद बताया कि कंपनी द्वारा की गई कटिंग को बरसात से पहले रिटेन नहीं किया तो यहां पर जान-माल का नुकसान हो सकता है। पूरा बनाल-रियूर का क्षेत्र स्लाईड कर रहा है और पूरी पहाड़ी नीचे खिसक गई है।

बीआरएन कंपनी ने घरों के आगे सौ फुट से भी ज्यादा ऊंची जमीन पर कटिंग कर दी है, लेकिन उसको गिरने से रोकने के लिए सुरक्षा दीवारें अभी तक नहीं लगाई है और अब बरसात में ये सारा गांव खतरे में है। किसान सभा ने 11 अप्रैल को एसडीएम धर्मपुर को इस बारे ज्ञापन सौंपा है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और बरसात आते ही वे कैसे और कहां रहेंगे इसकी चिंता उन्हें सत्ता रही है। बता दें कि कंपनी ने दो जगहों पर किसी निजी भूमि को डंपिंग के लिए खरीदा जरूर है, लेकिन उन जगहों पर डंपिंग करने के लिए रिटेनिंग दीवारें न लगाकर सारा मलबा ऐसे ही फेंका गया है तो बरसात में बह कर धर्मपुर पहुंच जाएगा और उसके कारण बहुत ज्यादा नुकसान होगा। इसलिए जहां पर ये डंपिंग की जा रही है वहां रिटेनिंग दीवारें लगाई जाएं।


हिमाचल किसान सभा की जांच टीम प्रभावित गांव का दौरा करती हुई तथा (दाएं) मकान में आई दरार।

**28 को धर्मपुर में प्रदर्शन करने का लिया निर्णय**

# पन्याली में एक माह से नहीं आया पानी, ग्रामीणों ने आंवला गलू में 26 को चक्का जाम की दी चेतावनी

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**उपमंडल** सरकाघाट की गुमहु पंचायत के पन्याली गांव के ग्रामीण पिछले एक माह से पानी की बूंद बूंद को तरस रहे हैं। पन्याली गांव में पानी न आने के कारण गांव लगे नल मात्र शोपीस का काम कर रहे हैं। पानी न आने कारण लोगों का पूरा दिन पानी लाने व ले जाने में व्यर्थ हो रहा है। जिस कारण लोग अपने रोजमर्रा के कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

स्थानीय लोगों में लक्ष्मी देवी, दीपा कुमारी, नर्बदा देवी, रेवती देवी, रतनी देवी, गुमती देवी, खिमी देवी, मीरा देवी, मीना कुमारी, दिशा कुमारी, रेखा देवी, सरस्वती देवी, धमेश्वरी देवी, रेवती ठाकुर, अनु कुमारी, हेमलता, चंद्रमु देवी व छतरी देवी आदि महिलाओं का कहना है कि हमारे गांव में हर वर्ष पानी की यही समस्या रहती है। कई बार कनिष्ठ अभियंता ढलवान, सहायक अभियंता बलद्वाड़ा, अधिशाषी अभियंता सरकाघाट से बार-बार मिलने व शिकायत करने के बाद भी जल शक्ति विभाग के कानों में आज दिन तक जूं तक नहीं रेंग रही है। वहीं न तो हमारे गांव में कोई बावड़ी है और न ही कोई प्राकृतिक स्रोत। हमे दूसरे गांव से जो लगभग दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है या गंदा पानी पीना पड़ रहा है। जिससे हम बीमार हो रहे हैं। वहीं हमारे गांव में एक राजकीय प्राथमिक विद्यालय भी है वहां भी पानी नहीं है। वहां पर बच्चे भी हैंडपंप का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। लोगो का कहना है कि पिछले एक माह में हमे एक बार ही पानी मिला।

लोगों का कहना है कि अगर अब हमें रोजाना या एक दिन छोड़ कर के भी पर्याप्त पानी नहीं दिया गया तो अब हम 26 अप्रैल को आंवला गलू चौक पर जल शक्ति विभाग के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसके लिए जल शक्ति विभाग की जिम्मेदार होगा। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहता है विभाग**

**इस** बारे में अधिशाषी अभियंता विवेक हाजरी से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस बारे में सहायक अभियंता बलद्वाड़ को आदेश दे दिए गए हैं। लोगों की पानी की समस्या को जल्द ही पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा।

**गांव में लगे नल बने शोपीस, लोगों को दूसरे गांव से लाना पड़ रहा पानी**

## न्यूज ब्रीफ

### घांघल सेतु हुआ जर्जर, नया बनाने की मांग

**भीम बसेड़, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र व बीबीएमबी कॉलोनी यानी सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र को जोड़ने वाला घांघल खड्ड पर बने पुराने सेतु की हालत देखकर कोई भी व्यक्ति इसे असुरक्षित करार दे सकता है। ऐसी स्थिति में नया सेतु निर्मित करना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि घांघल खड्ड वो खड्ड है जो लगातार तेज बारिश होने पर समय-समय पर दरिया बन भारी तबाही लाती रही है। पुराने संकरे सेतु के स्थान पर नया मजबूत पुल का शीघ्र निर्माण करना चाहिए। लोगों का कहना है कि समय रहते नया पुल बनाने की बड़ी-बड़ी बातें की गई, मगर अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है। जिससे स्थानीय जनता में संबंधित विभाग तथा सरकार के खिलाफ रोष है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही जनहित में उक्त असुरक्षित सेतु का जायजा लेकर नए पुल को बनाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)



### अक्षरा सहित अन्य मेधावी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट की स्कूल प्रबंधन समिति ने विद्यालय प्रांगण में मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। इस सम्मान समारोह का आयोजन हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट की पूर्व होनहार छात्रा अक्षरा वन्याल को सम्मानित करने के लिए किया गया। ज्ञात रहे की अक्षरा बन्याल स्पेस ओलंपियाड नेशनल लेवल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए उनका चयन सिंगापुर शैक्षणिक भ्रमण के लिए हुआ है अक्षरा के अलावा आस्था ठाकुर, धैर्य ठाकुर को दूसरा वह तीसरा स्थान प्राप्त करने तथा अन्य 21 प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मेडल वह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि मन लगाकर चरित्रवान तथा अनुशासित बनकर ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। समारोह की अंत में प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने सम्मानित छात्रों तथा वहां उपस्थित सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें और अधिक परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, महासचिव रणजीत सिंह योग आचार्य नेक राम शास्त्री, प्रकाश चंद, अनिल ठाकुर, आशीष, शिल्पी, पूजा, सुरेखा सपना, अध्यापक व गैर अध्यापक वर्ग व समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नए भाजपा कार्यकर्ताओं में भरी नई ऊर्जा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा मंडल सरकाघाट और भाजपा मंडल बलद्वाड़ा द्वारा शहर के एक निजी होटल में सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। दोनों मंडलों के 456 सक्रिय सदस्य हैं जो कि इस सदस्यता अभियान में मौजूद रहे। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्षा वंदना योगी व सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर इस सदस्यता अभियान में विशेष तौर पर उपस्थित रहे। वंदना योगी ने कहा कि इस सदस्यता सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना है, साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास कार्यों की गूंज हर घर तक पहुंचाना है। विधायक दलीप ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास पूरी तरह से ठप पड़ा है। बैठक में मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर, महामंत्री संदीप सहकारी बैंक निदेशक प्रियवत शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुदेश ठाकुर मीडिया प्रभारी विनय राणा, मनीष कवर, ख्याली राम, केएल राणा और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### योग, पोषण व स्वास्थ्य पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, करसोग।** महिला एवं बाल विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत बाल विकास परियोजना करसोग में 8 से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी 288 आंगनबाड़ी केंद्रों और मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर आधारित गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीडीपीओ करसोग विपाशा भाटिया ने बताया कि इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य शिशु एवं मातृ पोषण, स्वस्थ जीवनशैली तथा प्रारंभिक 1000 दिनों (गर्भधारण से लेकर बच्चे की दो वर्ष की आयु तक) के महत्व के प्रति समुदाय में जागरूकता लाना है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई हैं। जिसमें पोषण जागरूकता रैलियाँ, पौष्टिक थाली प्रदर्शन प्रतियोगिता, किशोरी बालिकाओं के लिए हीमोग्लोबिन परीक्षण और पोषण शिक्षा, शिशु एवं धात्री माताओं के लिए पोषण परामर्श, टीकाकरण और स्वच्छता पर कार्यशालाएँ, हरी सब्जियों और घर में उगाए जा सकने वाले पोषण वाटिका पर जानकारी प्रदान की गई हैं। इसी कड़ी में आज 21 अप्रैल को क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में %योग एवं मोटापा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों एवं आंगनवाड़ी बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। उन्हें नियमित योगाभ्यास, संतुलित आहार और मोटापे से होने वाले जोखिमों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने किया एक्स-रे मशीन व ईसीजी इकाई का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अतिरिक्त** उपायुक्त रोहित राठौर ने सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में रेडक्रॉस द्वारा स्थापित एक्स-रे मशीन व ईसीजी यूनिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य इन निदान उपकरणों की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता का आकलन करना था। यहां स्थापित एक्स-रे मशीन हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा मरम्मत कर कार्यशील की गई है। रोहित राठौर ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य यह जानकारी प्राप्त करना था कि मरम्मत के बाद यह मशीन स्थानीय निवासियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति में किस हद तक सहायक सिद्ध हो रही है। यह एक्स-रे मशीन इस क्षेत्र में अपनी तरह की एकमात्र मशीन है और इसकी विशेषता यह है कि यह मात्र दो मिनट में उच्च गुणवत्ता वाली एक्स-रे हार्ड कॉपी प्रदान करने में सक्षम है। यह आधुनिक तकनीक निदान प्रक्रिया को न केवल तीव्र बनाती है, बल्कि रोगियों को समय पर चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने में भी सहायक है।


एडीसी रोहित राठौर मंडी अस्पताल में एक्स-रे मशीन का निरीक्षण करते हुए।

## मंडी में वनों को आग से बचाने की तैयारियों पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित

# वनों की रक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी: अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**गर्मियों** के मौसम में वनों में आग लगने की बढ़ती संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सोमवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वनों में आग की संभावनाओं और उससे निपटने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वन, राजस्व, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, लोक निर्माण, जल शक्ति, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि और बागवानी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

उपायुक्त ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य वनों को आग से बचाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा करना और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वनों की रक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में तत्परता से निगरानी रखें और स्थानीय जनभागीदारी के माध्यम से वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इस दौरान उपायुक्त ने जंगलों में चीड़ की पत्तियों की सफाई, अत्यधिक संवेदनशील जंगल क्षेत्रों में फायर लाइन (आग की रोकथाम के लिए खाली पट्टी) का निर्माण, जल संग्रहण के लिए मनरेगा सेल्फ, फायर हाइड्रेंट, सतर्कता दलों का गठन, स्थानीय भागीदारी के लिए ग्राम पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों को सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने, आग की रोकथाम के लिए तकनीकी सहायता, वन मित्रों और सर्व स्वयंसेवियों को वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने, जल संसाधनों का लेखा-जोखा तैयार करने की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड स्तर पर सजग रहें और आग की किसी भी घटना की सूचना मिलते ही तुरंत प्रभावी कदम उठाएं। उपायुक्त ने कहा कि वनों की आग से केवल पेड़ों को ही नहीं, बल्कि वन्य जीवों को भी भारी नुकसान होता है। आग लगने से अनेक छोटे-बड़े जीव-जंतुओं की अकाल मृत्यु हो जाती है और उनका प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाता है। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार और एक्सईएन जल शक्ति राज कुमार सैनी, लोक निर्माण डी.आर. चौहान सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


जिला मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

# झूठ और भ्रम की राजनीति से सच्चाई नहीं छिपा सकती सुक्खू सरकार: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश की कांग्रेस सरकार आज हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। अपनी इस नाकामी से जनता का ध्यान भटकाने के लिए अब यह सरकार केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं पर निराधार, झूठे और भ्रामक आरोप लगाने में लगी है। लेकिन अब प्रदेश की जनता कांग्रेस के झूठ को पहचान चुकी है।भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उनके मंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के हर दौरे के बाद केंद्र सरकार को घेरने की असफल कोशिश करते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा अध्यक्ष नड्डा हिमाचल के सपूत है और इसका लाभ हिमाचल को मिल रहा है। उनके द्वारा समय- समय पर हिमाचल के विकास के लिए अलग-अलग परियोजनाएं हिमाचल को मिली है वे हिमाचल के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने उपमुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का दौरा पूरी तरह जनकल्याण और विकास की दृष्टि से था। जहां तक आपदा राहत का सवाल है, केंद्र सरकार ने तुरंत एनडीआरएफ की टीमें भेजीं और केंद्र से मिली हर सहायता का लेखा-जोखा राज्य सरकार के पास मौजूद है।

**मेडिकल डिवाइस व बल्क ड्रग पार्क केंद्र की देन**

मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क, रेलवे लाइन और सड़क परियोजनाएं - ये सब केंद्र सरकार की देन हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 100 करोड़ की केंद्रीय सहायता स्वीकृत हुई, 25 करोड़ की पहली किश्त जारी भी हुई, लेकिन कांग्रेस सरकार ने शर्मनाक तरीके से वह राशि यह कहकर लौटा दी कि वे योजना नहीं बना सकते। अब यह सरकार कह रही है कि ज़मीन सस्ते में उद्योगपतियों को देनी पड़ती, लेकिन अगर शर्तों पर आपत्ति थी तो पहले क्यों नहीं बताया? और अब जब यह योजना राज्य खुद करेगा, तो उसका डीपीआर कहां है? फंडिंग और टेंडर की प्रक्रिया कहां है।

# धावक सावन बरवाल ने जीता स्वर्ण

## 28 मिनट 57 सेकंड में पूरी की 10,000 मीटर दौड़, अब कोरिया में दिखेगा जलवा


**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**देश** के स्टार एथलीट सावन बरवाल ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 38वीं राष्ट्रीय सीनियर फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 की 10,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर एशियन चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने यह दौड़ 28 मिनट 57 सेकंड में पूरी कर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि क्वालीफाई मार्क 29 मिनट 30 सेकंड निर्धारित था।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के चौतड़ा ब्लॉक के रड्डा भखेड गांव से ताल्लुक रखने वाले सावन, कुलदीप बरवाल और सुभद्रा देवी के बेटे हैं। वर्तमान में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे सावन बरवाल को देश का नंबर-1 धावक माना जाता है। इससे पहले वे राष्ट्रीय खेलों में देहरादून में 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दोनों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना चुके हैं।

कोच गोपाल बरवाल ने सावन की प्रतिभा को बचपन में पहचाना और पिछले 10 वर्षों से उन्हें कड़ा प्रशिक्षण देकर एक विश्वस्तरीय खिलाड़ी बनाया। गोपाल का कहना है कि सावन 2026 के एशियन गेम्स में भारत के लिए स्वर्ण पदक जरूर लेकर आएंगे।

जून 2025 में दक्षिण कोरिया में आयोजित होने जा रही एशियन चैंपियनशिप में सावन को जापान और चीन जैसे देशों के धावकों को पछाड़ना होगा, जिसमें वे पूरी तरह से तैयार हैं। चैंपियनशिप के बाद सावन बरवाल खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर की नर्सरी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे, जहां कोच गोपाल बरवाल युवा धावकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। सावन की इस ऐतिहासिक जीत पर लूहनू स्टेडियम बिलासपुर और जोगिंद्रनगर में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। भारत को एक और गोल्ड मेडल की उम्मीद – सावन बरवाल के नाम एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने को तैयार।



# छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना डीएवी संस्थान का उद्देश्य: संजय


डीएवी जोगिंद्रनगर में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर को सोमवार डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर ने सोमवार को चौथा स्थापना दिवस मनाया । कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक हवन यज्ञ से की गई, जिसमें विद्यालय परिवार ने एकत्र होकर आहुतियां अर्पित कीं। इसके बाद प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि डीएवी संस्थान का उद्देश्य शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाना और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और सभी ने एक साथ मिलकर इस यादगार दिन को सफल बनाया।

# कब्जाधारियों को जारी नोटिस लिए जाएं वापस

## वनाधिकार कानून के बारे में सरकाघाट में आयोजित शिविर में लोगों ने उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**ज्ञान** विज्ञान समिति और हिमाचल किसान सभा द्वारा सोमवार को पंचायत समिति हाल सरकाघाट में वनाधिकार कानून-2006 के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें धर्मपुर और गोपालपुर खंडों के पांच दर्जन किसानों ने भाग लिया। इसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, रणताज राणा, दिनेश काकू और सुरेश शर्मा ने की।

कार्यशाला में हिमालय नीति अभियान के रिसोर्स पर्सन गुमान सिंह और संदीप मिन्हास ने वनाधिकार कानून की पृष्ठभूमि और वर्तमान सरकार द्वारा इसे लागू करने के निर्णय के बाद किसानों के कब्जे वाली भूमि उनके नाम नियमितीकरण के बारे में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। स्रोत व्यक्ति गुमान सिंह ने बताया कि वनाधिकार कानून को संसद द्वारा पारित किए गए बीस वर्ष से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन इसे हिमाचल प्रदेश में लागू नहीं किया गया लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे लागू करने का फैसला लिया है जो स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से वर्ष 2005 तक सरकारी भूमि जिसे वन भूमि भी कहा जाता है पर किसानों के कब्ज़े में 20 बीघा जमीन और मकानों को नियमित करने का प्रावधान है और उसके पट्टे किसनों के नाम जारी करने का प्रावधान है। जिसके लिए पंचायतों और राजस्व गांवों में वनाधिकार समितियां गठित होनी हैं जिनके माध्यम से कब्जाधारी व्यक्ति आवेदन करेगा और उनके कब्जे को उसी गांव के ही दो व्यक्ति सत्यापित करेंगे। उसके बाद वह प्रस्ताव एसडीएम की अध्यक्षता वाली ब्लॉक समिति और उसके बाद डीसी की अध्यक्षता वाली कमेटी में जाएगी और वहीं पारित हो जाएगी। लेकिन गांव स्तर के प्रस्ताव को ब्लाक व जिला कमेटी खारिज नहीं कर सकती है। गांव स्तर की कमेटी में 33 प्रतिशत महिलाएं होना अनिवार्य है और जामीन के पट्टे भी महिला व पुरुष दोनों के नाम संयुक्त रूप में जारी होंगे। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने धर्मपुर और सरकाघाट उपमंडलों में अवैध कब्जाधारीयों जिन्हें नोटिस जारी हुए हैं उनकी आरटीआई से जानकारी प्राप्त की है और पहले चरण में उनके आवेदन पत्र भरने के लिए कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान सभा अगले चरण में तहसील या उपतहसील स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिनमें आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि इस कानून को तेज़ी से लागू करने और कब्जाधारियों को जारी नोटिसों को वापस लेने की मांग को लेकर 28 अप्रैल को धर्मपुर तथा सरकाघाट में 5 मई को प्रदर्शन किए जाएंगे।

**28 को धर्मपुर व 5 मई को सरकाघाट में किए जाएंगे प्रदर्शन**

# नरोला में चल रहे भागवत महाशिवपुराण में विधायक दिलीप कुमार ने की शिरकत


नरोला गांव में महाशिवपुराण कथा को सुनते हुए विधायक दिलीप कुमार व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नरोला** गांव में आयोजित 15 अप्रैल से कथावाचक भोटा, हमीरपुर निवासी आचार्य जितेंद्र कुमार साख्यान द्वारा सुनाए जा रहे महाशिवपुराण की कथा के अवसर पर शनिवार शाम सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप ठाकुर ने भी शिरकत की। नरोला महिला मंडल कमेटी के सदस्यों तथा भागवत के आयोजक श्रीमती सत्या देवी, उमा देवी, संतोष कुमारी, मीरा देवी, ममता शर्मा, नीमा, शालू चंदेल तथा अन्य ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने निर्माणाधीन नए महिला मंडल भवन की मरम्मत के लिए एक लाख की राशि विधायक निधि से भी दी, जिसके लिए गांव वासियों ने विधायक दिलीप ठाकुर का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। विधायक के साथ भागवत स्थल के ऊपर लिए गए कुछ फोटोग्राफ इस प्रेस विज्ञप्ति के साथ सलंग्न है।

**तैयारियां** | प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ

# चार पंचायतों से 60 वॉलंटियर्स होंगे प्रशिक्षित

**सुनील शर्मा, गोहर**

**किसी** भी प्राकृतिक आपदा व मॉनसून के दौरान होने वाली आपदाओं से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा 21 से 23 अप्रैल तक तीन दिवसीय टास्क फोर्स स्वयंसेवक (वॉलंटियर) कार्यशाला का आयोजन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार गोहर कृष्ण सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में शुरू हुआ। कार्यशाला में उपमंडल गोहर के ग्राम पंचायत नौण, नेहरा, लोट, शिल्हणु से कुल 60 वालंटियर आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षिण दिया जाएगा।

तहसीलदार ने सभी वॉलंटियर को तीन दिन तक आयोजित किया जा रहे आपदा प्रबंधन कार्यशाला पर भूकंप, भूस्खलन, प्राथमिक उपचार, जंगलों में आग लगने से होने जलवायु में होने वाले दुष्प्रभाव व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने व उनसे संबंधित बचाव व राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर आपके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा होती है तो वालंटियर तुरंत सब डिविजनल आपदा प्रबंधन व्हाट्सएप ग्रुप और आपदा प्रबंधन कक्ष के नंबर 01907-250262 में तुरंत अवगत करवाएं तथा 1077 नंबर पर भी आपदा से संबंधित जानकारी दे सकते हैं। प्रशासन व वालंटियर आपसी समन्वय के साथ आपदा के दौरान बचाव और राहत कार्यों को अधिक तेजी व सुचारू रूप से संपन्न करें ताकि आपदा से होने वाली जान माल की क्षति को कम से कम किया जा सके। कार्यक्रम में जिला आपदा प्रबंधन मंडी प्राधिकरण से सर्व जिला समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा प्रबंधन पर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वालंटियर को अपने-अपने पंचायत में भूकंपीय क्षेत्र व भूमि कटाव क्षेत्र की जानकारी होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)


तीन दिवसीय टास्क फोर्स स्वयंसेवक कार्यशाला में भाग लेते हुए वॉलंटियर्स।

### नौदिवसीय अक्षय तृतीया महोत्सव आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पड्डल के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में नौदिवसीय अक्षय तृतीया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में महंत स्वामी श्री राजेश्वरानंद सरस्वती ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि अक्षय तृतीया महोत्सव 22 से लेकर 30 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पड्डल के जगन्नाथ मंदिर में हरिहर पूजन अर्चन एवं विधि के धार्मिक अनुष्ठान प्रातः 7 बजे से मध्यान 12 तक होगा तथा संगीतमय श्री राम चरित्र मानस नवाह पारायण पाठ मध्यान्ह 1 से 4 तक तथा प्रवचन नाम संकीर्तन सायंकाल 6 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को पूर्णाहुति मध्यान्ह 12:30 बजे, विशाल भंडारा महाप्रसादी मध्यान 1 बजे आयोजित किया जाएगा।

### सरकाघाट में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विद्युत उपमंडल सरकाघाट के अधीन आने वाले क्षेत्रों में 23 अप्रैल को दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता इंजी. राज सिंह पराशर ने बताया कि 33 के.वी. सब स्टेशन बरछवार में आवश्यक मुरम्मत कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसके चलते सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।उन्होंने बताया कि इस दौरान सभी 11 के.वी. फीडर-सरकाघाट, मसेरन, मोहिं, गोपालपुर, टीहरा, ओल्ड रिस्सा, न्यू रिस्सा और धर्मपुर के तहत आने वाले कई क्षेत्रों में बिजली कटौती रहेगी। सरकाघाट, दबरोग, बेहड़, लाका, कराड़ी, पपलोग, अल्याणा, नौणु, रोपड़ी, रिस्सा, चौक ब्रारता, कुठेड़, बाग, जमसाई, कुनालग, बरछवार, तताहर, नबाही, गोपालपुर, सैन, दारपा, बदार, गध्यानी, भुवानी, रखोह, जन्दरू, कांगू गलू, धाढ़, कलोट, डोडर, बसन्तपुर, हरलोट, कोठी, रसैन गलू, भलवान, कंघोल, बासी कोठी और मोरगल्लू के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# राज्यपाल व सीएम को दिया हरोली उत्सव का न्योता




अनंत ज्ञान, ऊना

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के सफल आयोजन की तैयारियों के तहत सोमवार को डीसी ऊना जतिन लाल ने शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें औपचारिक रूप से उत्सव में आमंत्रित किया।

डीसी ने आमंत्रण पत्र भेंट करते हुए दोनों गणमान्य व्यक्तियों को उत्सव की रूपरेखा एवं प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरोली उत्सव जनसहभागिता, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय प्रतिभाओं के सम्मान का पर्व है, जिसे भव्य और अविस्मरणीय बनाने के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। उपायुक्त ने बताया कि इसका आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक कांगड़ मैदान, हरोली में आयोजित किया जाएगा।

उत्सव का शुभारंभ 27 अप्रैल को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की उपस्थिति में करेंगे, जबकि 29 अप्रैल को समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आयोजन के प्रति शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए इसे सांस्कृतिक संवाद और सामाजिक सहभागिता का एक सशक्त मंच बताया।

# बेमौसमी बरसात से किसान परेशान

विवेक शर्मा, अंब

जिले भर में बेमौसमी बरसात ने किसानों की समस्या में डाल दिया है।

बार-बार मौसम खराब होने, आंधी-तूफान और बारिश से किसानों का काफी नुकसान हो रहा है। खेतों में कटी गेहूं की फसल पर बारिश गिरने से किसानों को अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ रहा है और भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बढ़ही क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चल रही मौसम की आंखमिचौली ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अचानक बदलते मौसम, बादल, बारिश और तेज हवाओं के चलते ज्यादातर किसानों ने अपने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की कटाई नहीं की है। किसान अब मौसम के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि वे सुरक्षित ढंग से फसल को काट सकें। स्थानीय किसान श्याम, सुंदर, अजय चौधरी, अनिल ठाकुर, ओमप्रकाश, जोगिंद्र सिंह ने बताया, हर साल अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक कटाई का काम पूरा हो जाता है, लेकिन



ऊना में बारिश और आंधी से क्षतिग्रस्त हुई गेहूं की फसल।

## किसान अब मौसम के साफ होने का कर रहे इंतजार

इस बार मौसम ने सब गड़बड़ कर दिया, अगर बारिश और ओलावृष्टि होती रही, तो पूरी मेहनत पर पानी फिर जाएगा इसलिए, हम लोग मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। वहीं, कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि फसल समय पर नहीं काटी गई, तो गेहूं के दानों की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। किसान अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द मौसम साफ हो, ताकि कटाई कार्य तेजी से शुरू हो सके और उनकी मेहनत का फल उन्हें सही समय पर मिल सके। (अनंत ज्ञान)

# 200 कनाल में तैयार गेहूं की फसल जली

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गगरेट उपमंडल के गांव नकड़ोह, गोंदपुर बनेहड़ा में सोमवार को कटने को तैयार खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करीबन 12 बजे के आसपास लगी आग नकड़ोह क्षेत्र में गेहूं की फसल को स्वाह करती हुई गोंदपुर बनेहड़ा के कई किसानों की फसल को भी तबाह कर गई। हालांकि, आग लगने की घटना ध्यान में आते ही नकड़ोह व गोंदपुर बनेहड़ा के ग्रामीणों ने आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया गया। सूचना मिलते ही टीम द्वारा आग को बुझाने का प्रयास किया, बता दें कि जहां तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच सकी, वहां टीम द्वारा सक्रियता से प्रयास कर आग को नियंत्रित किया। आगजनी की घटना से किसानों की मेहनत आग की भेंट चढ़ गई। वहीं, आग बुझाने में जुटे राजू, महिंद्र, मनीष, विजय आदि ने बताया कि फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ही उपलब्ध होना चिंता का विषय है। वहीं, प्रबुद्ध ने बताया 200 कनाल से अधिक तैयार गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई।

# पंजोआ कलां के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, प्रशासन से मदद की गुहार

अनंत ज्ञान, अंब



गांव पंजोआ कलां में एक परिवार गहरे संकट से जूझ रहा है। कुछ समय पहले तक खुशहाल जिंदगी जीने वाले परिवार के आज हालात ऐसे हो गए हैं कि उन्हें दो वक्त की रोटी का जुगाड़ भी मुश्किल हो गया है। आमदनी का कोई स्रोत नहीं बचा और घर की आर्थिक स्थिति भी दिन व दिन खराब होती जा रही है।

नीना शर्मा पत्नी बृजमोहन की हालत बीते तीन सालों से खराब बनी हुई है। तीन साल पहले वह एक दुर्घटना में घर की छत से गिर गई थीं, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लग गई थी। रीढ़ की हड्डी में चोट लगने से उनका उठना-बैठना भी दूसरों पर निर्भर हो गया है। लगातार बिस्तर पर लेटे रहने से अब उनके शरीर पर गंभीर घाव होने शुरू हो गए हैं। नीना के पति बृजमोहन, जो पहले ट्रक के मालिक थे और बढ़िया आमदनी के मालिक थे, अब पूरी तरह से अपनी पत्नी की देखभाल में जुटे हुए हैं। उन्हें मजबूरन अपनी गाड़ी चलाने की लिए ड्राइवर रखने पड़े। मालिक के साथ न होने का ड्राइवरों ने लाभ उठाया और हेराफेरी कर ट्रक की किश्तें बढ़ा दीं, जिस कारण उनकी गाड़ी की किश्तें जमा न होने के चलते उनकी गाड़ी फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्त कर ली गई।

इससे उनकी आय का एकमात्र स्रोत भी खत्म हो गया। इस कठिन परिस्थिति में उनका एक छोटा बच्चा भी प्रभावित हो रहा है। पैसों की तंगी के कारण उसका स्कूल में दाखिला तक नहीं हो पाया है, अब यह परिवार पूरी तरह से प्रशासन और समाज की मदद की आस लगाए बैठा है। बृजमोहन ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी पत्नी के इलाज और बच्चे की पढ़ाई में मदद की जाए, ताकि वे फिर से अपनी जिंदगी को पटरी पर ला सकें। यदि कोई इस परिवार की मदद करना चाहता है, तो स्थानीय प्रशासन या पंचायत के माध्यम से इस परिवार से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# न्यूज ब्रीफ

## घालूवाल में अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे पलटा

अनंत ज्ञान, हरोली। झलेड़ा-होशियारपुर मुख्य मार्ग पर पड़ते घालूवाल में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झलेड़ा की तरफ से होशियारपुर जाते समय लोहे के सामान से लदा ट्रक स्टेयरिंग लॉक होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय सड़क खाली थी तथा कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में ट्रक को नुकसान पहुंचा है, लेकिन किसी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

## बाथड़ी में मॉकड्रिल में होमगार्ड्स ने दिए टिप्स

अनंत ज्ञान, ऊना। होमगार्ड्स वाहिनी ऊना के अंतर्गत सोमवार को हरोली कंपनी के जवानों ने बाथड़ी गांव में प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में जाकर आपदा से अलर्ट रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। कंपनी कमांडर मोहिंदर सिंह ने आपदा व बचाव कार्य को लेकर प्रवासी मजदूरों को विस्तार से बताया, उन्हें प्रैक्टिकल कर भी दिखाया गया। होमगार्ड्स वाहिनी ऊना के कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने बताया कि जिला ऊना में आपदा के प्रति जागरूकता अभियान लगातार जारी है।

## राष्ट्रवादी पत्रिकाएं व नेशनल हेराल्ड में जमीनी अंतर: सत्ती

अनंत ज्ञान, ऊना। नेशनल हेराल्ड विज्ञापन मामले को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि राष्ट्रवादी पत्रिकाएं और नेशनल हेराल्ड में जमीनी अंतर है। राष्ट्रवादी पत्रिकाओं का सर्कुलेशन हजारों की तादाद में है। सोमवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में सत्ती ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हिमाचल दौरे के दौरान बौखलाई कांग्रेस उल्टी सीधी बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार पर गांधी परिवार का कब्जा है। परिवर्तन निदेशालय द्वारा गांधी परिवार के लोगों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस के लोग इसको लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और उनके मंत्री अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए केंद्र से परियोजनाएं और पैसा लेकर भी विरोध करते हैं।

## एसएमसी ने स्कूल के हित के लिए दिए सुझाव

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में एसएमसी की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने की। राजन शर्मा ने बताया कि बैठक में एसएमसी के प्रधान महेश कुमार और उनकी पूरी टीम में स्कूल हित के लिए अपने सुझाव दिए और स्कूल के विकास कार्यों पर और छात्रों की उपलब्धियों के बारे में व्यापक चर्चा भी की गई। एसएमसी ने मिड-डे-मील का भी निरीक्षण किया व स्कूल प्रशासन को स्कूल में विकास के लिए अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेक्चरर अनु शर्मा, अध्यापक मनीष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## पौष्टिक आहार के बारे लोगों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। पोषण अभियान के अंतर्गत समेकित बाल विकास परियोजना ऊना और हरोली के तहत टैसरी, गलूआ, कालीवड़ी और हरोली-एक में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान शिविरों के माध्यम से पोषण अभियान के पांच सूत्र- सुनहरे 1000 दिन, एनीमिया प्रबंधन, डायरिया रोकथाम स्वच्छता और पौष्टिक आहार के बारे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कुपोषण से लक्षित वर्गों को बचाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी स्तर, पर्यवेक्षक वृत्त स्तर तथा परियोजना स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से लक्षित वर्गों को पौष्टिक आहार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रमों की सफलता के लिए जहां जन-जन का सहयोग आवश्यक है। वहीं, जन प्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समितियों, सरकारी विभागों, सामाजिक संगठनों तथा समस्त सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की समावेशी भागीदारी अपेक्षित है।

## ट्रिपल आईटी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) ऊना में सोमवार को नवाचार और उद्यमिता विषय पर 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू हुआ। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और एआईसीटीई के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ट्रिपल आईटी ऊना को देशभर से प्राप्त 1700 से अधिक आवेदनों में से शीर्ष 50 संस्थानों में चुना गया है और यह हिमाचल प्रदेश से चयनित एकमात्र संस्थान है, जो संस्थान और राज्य दोनों के लिए गर्व की बात है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में एनएसआईसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं ग्लोबल सीटीओ डॉ. ऋषि मोहन भटनागर, एनआईटी दिल्ली की प्रो. प्रेरणा गौर (प्रोफेसर एवं प्रमुख, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल डिपार्टमेंट) तथा ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौर, विशेष रूप से उपस्थित रहे। ट्रिपल आईटी ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौर ने बताया कि यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान की मानसिकता को विकसित करने की दिशा में एक आंदोलन है। हमारा उद्देश्य शिक्षकों को उनके संस्थानों में नवाचार के वाहक और परिवर्तन के प्रेरक के रूप में सक्षम बनाना है।

## कम्यूटेशन की सुविधा जारी रखे सरकार

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष चंद्र केश धीमान ने समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को मिलने वाली कम्यूटेशन राशि को बंद करने पर विचार कर रही है। संघ ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया कि सेवानिवृत्ति के उपरांत कर्मचारियों को मिलने वाली कम्यूटेशन राशि को सरकार बंद करने पर विचार न करे, क्योंकि वैसे भी आज-कल दौर में कर्मचारियों को नौकरी औसतन 35 से 45 वर्ष की आयु में आकर मिलती है। उनकी सेवा अवधि भी बहुत कम होती है, ऐसे में सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाली कम्यूटेशन राशि ही उनके जीवन की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता होती है। इसको बंद करने के विषय में सोचने से ही कई प्रकार के दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी आय का बड़ा हिस्सा खो देंगे, जिससे वृद्धावस्था में आवश्यक जरूरतें जैसे ईलाज, दवाइयाँ, पारिवारिक दायित्वों आदि को पूरा करना कठिन हो जाएगा। आर्थिक संकट, मानसिक तनाव और चिंता का कारण बन सकता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। कम्यूटेशन राशि न मिलने से सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकतर मामलों में अपने बच्चों या परिजनों पर निर्भर हो सकते हैं, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी।

# 6.65 ग्राम चिट्टे के साथ कांगड़ा के 3 युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, गगरेट

पंजाब की सीमा के साथ सटा जिला ऊना का होशियारपुर-गगरेट सड़क मार्ग नशा माफिया के लिए सिल्करूट बना है। कांगड़ा जिले के ज्वाली उपमंडल से संबंधित नशा माफिया भी होशियारपुर से नशे की खेप लेकर इसी रास्ते से वापसी जाने को सुरक्षित मान रहे हैं। सोमवार को कांगड़ा जिले के तीन युवकों को गगरेट पुलिस ने इसी मार्ग से चिट्टे की खेप लेकर आते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

गगरेट पुलिस ने मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को गगरेट पुलिस की एक टीम आशादेवी-अंबोटा मार्ग पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक वाहन एचपी68ए 5308 आता दिखाई दिया। इसमें तीन युवक सवार थे। पुलिस ने जब रोककर इनसे वाहन के कागजात दिखाने को कहा, तो तीनों युवक घबरा गए, जिस पर पुलिस को शक हुआ और जब गहनता से तलाश शुरू हुई, तो वाहन में एक पुड़िया बरामद हुई। उसे खोल कर देखा गया, तो उसमें चिट्टे की खेप बरामद हुई। पुलिस ने जब इसका वजन किया, तो यह खेप 6.65 ग्राम के करीब निकली। हैरत की बात यह है कि कांगड़ा जिले के ज्वाली उपमंडल व शाहपुर उपमंडल से संबंधित इन युवकों को वाया दसूहा होकर जाने से ज्यादा बेहतर व सुरक्षित ये मार्ग लगा। पकड़े गए युवकों की पहचान सूरज कुमार पुत्र बलवान सिंह निवासी भाली उपमंडल ज्वाली, कार्तिक पुत्र मंजीत सिंह गांव पुरखेड़ उपमंडल ज्वाली व पंकज कुमार पुत्र तिलक राज गांव सियूंह तहसील शाहपुर के रूप में हुई है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शिवबाड़ी मेले को मिल सकता है जिलास्तरीय मेले का दर्जा

सन्नी पुरी, गगरेट

सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में आयोजित होने जा रहे शिवबाड़ी मेले के बेहतर संचालन के लिए जिस प्रकार स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग के लिए स्थानीय लोग आगे आ रहे हैं, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। जाहिर है कि शिवबाड़ी मेला इस क्षेत्र का ऐतिहासिक व पुराना मेला है।

जिले में कई ऐसे मेले हैं, जिन्हें राज्यस्तरीय मेले का दर्जा हासिल है, लेकिन अब मेला प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर इस मेले को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा इस मेले को आधिकारिक मेला घोषित न करने के चलते सरकार द्वारा इस मेले के लिए कोई आर्थिक सहयोग नहीं दिया जाता। बावजूद इसके जिस प्रकार स्थानीय प्रशासन स्थानीय जनता के सहयोग से इस मेला का बड़े पैमाने पर आयोजन कर रहा है वह काबिल-ए-तारीफ है। विधायक राकेश कालिया भी इस मेले को पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और इस मेले को जिला स्तरीय मेला घोषित करवाने के लिए वह विधानसभा में भी आवाज उठा चुके हैं। प्रदेश में छोटी काशी मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि मेला और कुल्लू में अगर अंतरराष्ट्रीय दशहरा महोत्सव बड़े पैमाने पर मनाया जा सकता है और उसमें पंजाबी व बॉलीवुड गायक आ सकते हैं, तो शिवबाड़ी मेले में भी ऐसी व्यवस्था क्यों न हो, जिससे स्थानीय कलाकार भी उत्साहित हों और बड़े मंच पर स्थान पाने के लिए यहां से उड़ान भर सकें। पंचायत समिति सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल डडवाल का कहना है कि अभी तक कोई भी जन प्रतिनिधि शिवबाड़ी मेले को जिला स्तरीय मेला भी घोषित नहीं करवा पाया है।

उन्होंने कहा कि अगर हरोली महोत्सव के लिए व्यापारी व उद्योगपति दान दे सकते हैं, तो शिवबाड़ी मेले के लिए अगर कोई स्वेच्छा से दान दे रहा है, तो इसकी किसी को तकलीफ नहीं होनी चाहिए। उधर, मेला आयोजन समिति के सदस्य व मंदिर अधिकारी तहसीलदार कुलताज सिंह का कहना है कि प्रदेश में आयोजित होने वाले हर मेले में लोग स्वेच्छा से दान देते हैं, अगर कोई पहली बार बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे शिवबाड़ी मेले के लिए दान दे रहा है, तो इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## शिवबाड़ी मेले के लिए ऑडिशन शुरू

गगरेट। 26 अप्रैल से आयोजित होने जा रहे शिवबाड़ी मेले में बड़े पैमाने पर स्थानीय कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए मंच उपलब्ध होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए सोमवार को आयोजित किए गए ऑडिशन के पहले दिन तक करीब 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें दो प्रतिभागी पंजाब के हैं, जबकि मेला प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को प्रस्तुति देने के लिए हरी झंडी दिखा दी है। इसे लेकर प्रतिभागी भी खासे उत्साहित हैं और ऐसे आयोजनों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच करार दे रहे हैं। शिवबाड़ी मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंगलवार को भी तहसील कार्यालय घनारी में ऑडिशन लिए जाएंगे। हालांकि, शिवबाड़ी मेले की स्टार नाइट में गायन के क्षेत्र में नाम कमा चुके पंजाबी सिंगर गुरनाम भुल्लर, पहाड़ी लोक गायक करनैल राणा, इंडियन आइडल फेम कुमार साहिल व फिरदौस बैंड अपनी प्रस्तुति देकर, जहां श्रोताओं को झूमने पर विवश करेंगे। वहीं ये कलाकार नवोदित कलाकारों का हौसला भी बढ़ाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति देने जा रहे कलाकार भी यह बात मान रहे हैं कि मेलों में ऐसे आयोजन करना बेहद जरूरी है। इससे न सिर्फ उभरते कलाकारों को उचित मंच मिलता है, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने का मौका भी मिलता है।

# पोषण पखवाड़े व अन्नप्राशन संस्कार का महत्व बताया

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

सोमवार को चिंतपूर्णी के साथ लगती ग्राम पंचायत गंगोट में हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार बाल विकास परियोजना अधिकारी बलजीत सिंह ने पोषण पखवाड़ा और अन्नप्राशन संस्कार का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि अन्नप्राशन संस्कार शिशु के जीवन में ठोस भोजन शुरू करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो शिशु के स्वास्थ्य और विकास में मदद करता है। बलजीत सिंह ने बताया कि अन्नप्राशन संस्कार माता-पिता और शिशु के बीच एक मजबूत बंधन बनाता है। इस अवसर पर पर्यवेक्षिका रक्षा देवी ने शुरुआती 1000 दिनों पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवधि शिशु के विकास के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। पर्यवेक्षक संदीप ने अन्नप्राशन संस्कार का महत्व बताया और कहा कि यह संस्कार शिशु के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गंगोट प्रधान ऐश्वर्या शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीना, रीता देवी तथा अन्य महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अन्नप्राशन संस्कार के महत्व को समझा। इस आयोजन में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अन्नप्राशन संस्कार के महत्व को समझा।



गंगोट गांव में पोषण पखवाड़े के तहत कार्यक्रम में शामिल हुए लोग।

## जंक फूड का न करें प्रयोग

अनंत ज्ञान, अंब। पोषण पखवाड़े के तहत राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में सोमवार को स्कूल के बच्चों को जागरूक करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमार ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का सातवां संस्करण 12 से 22 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मार्च, 2018 को की थी। उन्होंने कहा कि हमेशा साफ सुथरा पोषाहार का ही प्रयोग करें, जंक फूड आदि का प्रयोग मत करें, क्योंकि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, जहां तक संभव हो ज्यादा से ज्यादा मोटे अनाज का प्रयोग जैसे दलिया, मक्का, बाजरा, रागी, अंकुरित दालों का भरपूर मात्रा में प्रयोग करें आप देख रहे हैं कि आज हर कोई अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होता जा रहा है और अनेक प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त है। हमारा गलत खानपान खास तौर पर बच्चों में जंक फूड आदि का प्रचलन बढ़ गया है। ऐसे खाद्य पदार्थों को न खाएं, जहां तक हो सके घर से मिलने वाला या घर पर बनने वाला भोजन ही प्रयोग करें, क्योंकि घर पर मिलने वाला भोजन साफ-सुथरा होता है।

# खैर के 49 मोछों के साथ वाहन पकड़ा चालक अंधेरे का लाभ उठाकर हुआ फरार

अनंत ज्ञान, गगरेट

पंजाब के साथ सटे जिला ऊना के गगरेट उपमंडल के जंगलों में बहुमूल्य खैर के पेड़ों का अस्तित्व खतरे में है। रविवार रात्रि ग्राम पंचायत अप्पर गगरेट के जंगल में वन काटु खैर के पेड़ों को काटकर महिंद्रा पिकअप में डालकर आ रहे थे कि कुछ स्थानीय लोगों की मदद से वन विभाग की टीम ने खैर के पेड़ की लकड़ी रंगे हाथ पकड़ ली।

हालांकि, इस दौरान जीप चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। वन विभाग की शिकायत पर गगरेट पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी कुछ दिन पहले वन विभाग की टीम ने बड़ोह के भद्रियावाला में खैर के पेड़ की लकड़ी से लदी एक गाड़ी पकड़ी थी और अब गगरेट में वन काटु शायद नजर से बच जाते, लेकिन स्थानीय निवासियों ने वन काटुओं पर पैनी नजर रखी। गगरेट विपुश व उनके पिता ओम दत्त शर्मा ने जंगल से आने वाले रास्ते पर खुद नाका लगा लिया और इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वन खंड अधिकारी अशोक कुमार अपनी टीम के साथ गुज्जर खड्ड गगरेट में पहुंच गए और वाहन के आने का इंतजार करने लगे। करीब सवा दो बजे एक महिंद्रा पिकअप जंगल की ओर से आती दिखाई दी और आगे टीम को खड़ा देखकर वाहन चालक ने वाहन को दौड़ाने का प्रयास किया और एक स्थान पर घना अंधेरा देखकर वाहन को छोड़कर खुद जंगल में भाग गया। वन विभाग की टीम ने पिकअप वाहन में खैर के 49 मोच्छे लदे थे। वाहन चालक की शिनाख्त नूर इलाही निवासी गगरेट के रूप में हुई है। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर भड़का ब्राह्मण समाज

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना के ब्राह्मण समुदाय से युवा भाजपा नेता अरुण कौशल, ब्राह्मण कल्याण सभा के पूर्व अध्यक्ष चंदन शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा से महासचिव अर्चित शर्मा, शहरी इकाई से साहिल बाली और अंशुल शर्मा, प्रदीप शर्मा, अशु शर्मा, वैभव शर्मा, वरूण ने मीडिया में जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों बॉलीवुड के एक अभिनेता व डॉयरेक्टर अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ब्राह्मणों पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था, जिसमें उसने लिखा था कि मैं ब्राह्मणों पर उत्सर्जन करूंगा। इस पर जिला ऊना के ब्राह्मणों ने कहा कि वह महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश दोनों राज्यों की सरकार से मांग करते हैं कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ये लोग टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्य हैं, जो देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने की साजिश करते आए हैं।

आयोजन | आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनो-सामाजिक सहायता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# मनो-सामाजिक सहायता आपदा प्रबंधन का महत्वपूर्ण पहलू

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ऊना द्वारा आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य एवं मनो-सामाजिक सहायता विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को बचत भवन ऊना में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में हुआ।




बचत भवन ऊना में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर बचत भवन में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक करते हुए।

कार्यशाला में फ्रंटलाइन विभागों, आपदा प्रतिक्रिया एजेंसियों, आपदा मित्रों, होम गार्ड, पुलिस, स्वास्थ्य और विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवकों सहित 50 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण में वरिष्ठ नागरिकों से लेकर युवा स्वयंसेवियों तक विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हैं। इस प्रशिक्षण में आपदाओं से जुड़ा अनुभव साझा करना और उनका संदर्भ समझना, आपदा के संदर्भ में जोखिम को समझना, आपदा प्रभावित लोगों पर आपदाओं के प्रभाव, प्रभावित व्यक्तियों और समुदायों की आवश्यकताएं एवं सहयोग चक्र, कमजोर वर्गों की विशेष आवश्यकताएं और समान अवसर, मनो-सामाजिक देखभाल प्रदान करने के दृश्यमान एवं अदृश्य पहलू, सामान्य और असामान्य प्रतिक्रियाओं को समझना, मनो-सामाजिक देखभालकर्ता की भूमिका, आपदा प्रभावित महिलाओं और बच्चों पर प्रभाव एवं उनके लिए कार्य करने की रणनीतियां, आत्म-देखभाल और तनाव प्रबंधन के विषयों पर चर्चा की जाएगी। एडीसी ने कहा कि ऊना जिला नियमित रूप से आपदाओं का सामना करता है और वर्ष 2023 की आपदा हिमाचल प्रदेश को कई सबक देकर गई है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों के लिए मनो-सामाजिक सहायता भी आपदा प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिमला से विशेषज्ञ एवं संसाधन व्यक्ति अनुराधा भारद्वाज ने अपने विचार साझा किए और प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। आपदा प्रबंधन, ऊना के प्रभारी प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक, राजन कुमार शर्मा ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं संबंधित विभागों और अन्य एजेंसियों के लिए प्रशासन द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाती रहेंगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा प्रबंधन के मानसिक और सामाजिक पहलुओं को समझने और प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा। प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को न केवल मनो-सामाजिक सहायता तकनीकों की जानकारी मिलेगी, बल्कि स्वयं की देखभाल और तनाव प्रबंधन के लिए भी उपयोगी सुझाव के रूप में सिद्ध साबित होगी। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन विभाग से प्रभारी धीरज कुमार, रजत सैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# घालूवाल गांव में 90 ग्रामीणों का जांचा स्वास्थ्य, दी दवाइयां



घालूवाल गांव में स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक व सहायक स्टाफ और ग्रामवासी।

अनंत ज्ञान, हरोली

हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव घालूवाल में सोमवार को सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा (अस्पताल) के अंतर्गत एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर डॉ. प्रदीप (हरोली) और उनकी मेडिकल टीम के सहयोग से संपन्न हुआ।

इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर्स ने भी भाग लिया। शिविर के दौरान गांव के उपप्रधान अनिल जसवाल ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का प्रयास संस्था का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण स्तर पर हर जरूरतमंद तक पहुंचाना केंद्र सरकार का सराहनीय कदम है।

इस शिविर में 90 ग्रामीणों की जांच, 40 लैब टेस्ट, 10 मरीजों में शुगर, 9 में हाई ब्लड प्रेशर और 30 मरीजों में जोड़ों के दर्द की समस्या पाई गई। सभी मरीजों को मौके पर ही निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के अंत में ग्रामीणों ने इस सेवा के लिए प्रयास संस्था और अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। मधुमेह से बचाव के लिए संतुलित आहार आदि लेने के विस्तार से उपाय बताए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर के साक्षात्कार कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि मैसर्ज एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के कुल 100 रिक्त पदों को भरने हेतु साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू और उपरोजगार कार्यालय बंजार में आयोजित की जाएगी। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं पास, लंबाई 168 सेंटीमीटर और उससे अधिक तथा आयु 19 से 40 वर्ष के बीच तथा वजन 54 से 95 किलोग्राम तक होना चाहिए। वेतनमान 16,500 से 22,000 रुपए मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल हिमाचल प्रदेश तथा चंडीगढ़ है। योग्य पुरुष उम्मीदवारों अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 23 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू तथा 24 अप्रैल को प्रातः 11 बजे उपरोजगार कार्यालय बंजार, जिला कुल्लू में पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि पंजीकृत नहीं हैं तो ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा ले तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योगय उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन पंजीकरण के लिए www.eemis.hp.nic.in पोर्टल पर जाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू 01902222522 पर संपर्क करें।

### अरछंडी स्कूल में पूर्व छात्र संगठन ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** अरछंडी विद्यालय के प्रांगण में 2025-26 सत्र के लिए पूर्व छात्र संगठन की बैठक अध्यक्ष मनोहर लाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से मुख्य अध्यापक राजेंद्र ठाकुर, एसएमसी के अध्यक्ष लाल चंद, उपाध्यक्ष चेत राम ठाकुर, अनिल शर्मा, समस्त पदाधिकारी, विद्यालय के शिक्षक, पूर्व छात्र उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि गरीब विद्यार्थियों को विशेष तोर पर आर्थिक सहायता जैसे बर्दी, कॉपी, स्वेटर इत्यादि से सहयोग किया जाएगा। विद्यालय के विकासात्मक कार्यों में गति जैसे भवन में रंग रोगन, शौचालय को जल्द से तैयार करना, खेल मैदान के कार्य का सुचारु करने के लिए अरछंडी पंचायत से आग्रह करना, विद्यालय में एसएमसी के साथ अनुशासन कमेटी का गठन करना, एसएमसी के नए सदस्य सर्वसम्मति से चयनित सोभा राम पूर्व वार्ड सदस्य, राजू, संजू एवं अन्य सदस्यों को लिया गया हैं। संगठन के सदस्यता शुल्क एवं अन्य अनुदान के लिए रसीदें जारी की गई हैं।

# नेपाल के शंभू प्रशाद 'ठाकुर वेदराम' अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

## वेदराम जयंती पर भुट्टिको के सभागार में ठाकुर वेदराम अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार से देश-विदेश की विभूतियों का किया सम्मान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

सहकारिता के युग पुरुष एवं सहकारिता तथा हथकरघा की मशाल को अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रज्वलित करने वाले स्व. ठाकुर वेदराम की जयंती पर भुट्टिको के सभागार में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ठाकुर वेदराम अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार से देश व विदेश की विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र मांडवी क्षेत्रीय निदेशक एनसीडीसी हिमाचल एवं लद्दाख रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं सहकारिता के शिरोमणि भुट्टिको के चेयरमैन सत्य प्रकाश ठाकुर ने की। वहीं, इस अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में पुरोहित चंद्रशेखर वेवस की स्मृति में एक काव्य संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित कवियों ने अपना-2 काव्य पाठ किया और इस काव्य संध्या में पूर्व नायब तहसीलदार व प्रसिद्ध पहाड़ी गायक धर्मेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि रहे।



नेपाल के शंभु प्रसाद घिमरे को सम्मानित करते गणमान्य (दाएं) उत्कृष्ट कार्य करने वालों सम्मानित गणमान्यों के साथ अन्य।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित होने वाली ये रहीं विभूतियां

**शंभु** प्रसाद घिमरे काठमाडू नेपाल को सहकारिता क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि महादेव पलसाना सीएएस सीकर राजस्थान व सुखराम भुंलग कुल्लू को सहकारिता क्षेत्र का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं, विमला मल उत्तराखंड चमौली, वेली सिंह न्यूल व चंद्रामणी भुट्टि कॉलोनी को बुनकर क्षेत्र में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों व योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया। एसआर हरनोट शिमला को साहित्य क्षेत्र में 'वेदराम' राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पंकज भार्गव टीवी न्यूज़18 इंडिया को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। वहीं, आदित्य कांत शर्मा संवाददाता स्टेटमैन चंडीगढ़ को प्रिंट मीडिया क्षेत्र के लिए सम्मानित किया गया, जबकि नेम चंद ठाकुर अर्की सोलन को पुरोहित चंद्रशेखर शेखर बेबस लोक साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रामदेव कपूर पूर्व सेवानिवृत्त डीपीआरओ लाहौल-स्पीति को चांद कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी पहाड़ी कला संस्कृति राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यादव किशोर गौतम नालागढ़ सोलन व वीरेंद्र वीर ज्वालामुखी को ठाकुर मौलू राम पहाड़ी भाषा साहित्य राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सतपाल भटनागर कुल्लू व सुदर्शन वशिष्ठ शिमला को लाइफ टाइम अचीवमैंट राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**सांस्कृतिक संध्या का आयोजन :** सोमवार सायंकाल में चांद कुल्लवी लाल चंद प्रार्थी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि चारू प्रार्थी रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनम पूर्व कस्टम अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने सभी सम्मानित विभूतियों को शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### उत्पादों की गुणवत्ता से कभी नहीं किया कोई समझौता : सत्य

इस अवसर पर सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि भुट्टिको ने कई उतार-चढ़ाव देखें हैं और आज पूरे देश व कई देशों को हमारे उत्पादों पर पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि हमने अपने उत्पादों की गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं किया। यही कारण है कि आज हमारे उत्पाद देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं।

### सहकारिता आंदोलन को ऐसे कार्यक्रम दे रहे बढ़ावा : मांडवी

**इस** अवसर पर मुख्यातिथि एनसीडीसी के निदेशक भूपेंद्र मांडवी ने कहा कि भुट्टिको द्वारा जो अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार दिए गए, का कार्य सराहनीय है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिएं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार सहकारिता को बढ़ावा दे रही है और ऐसी सोसायटियों को प्रोत्साहित करती है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देते हैं और सभी सम्मानित लोग अपने-अपने राज्यों व क्षेत्रों में जाकर इसका प्रसार करेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है और उसमें हिमाचल के कुशल बुनकरों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# मौहल में जिला स्तरीय सब-जूनियर वुशु चैंपियनशिप 24 अप्रैल से



ट्रिनिटी स्कूल मौहल में बैठक में जिला वुशु संघ कुल्लू व स्कूल प्रबंधन चर्चा करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के मौहल में 24 व 25 अप्रैल को जिलास्तरीय सब-जूनियर वुशु चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए जिला वुशु संघ कुल्लू के महासचिव व वुशु कोच लुदर चंद ने कहा कि सब जूनियर लड़के व लड़कियों की जिला स्तरीय चैंपियनशिप 24 और 25 अप्रैल को ट्रिनिटी स्कूल मौहल में करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि खिलाड़ी अपने साथ आधार कार्ड की कॉपी चार पासपोर्ट फोटोग्राफ, खेलो इंडिया किड नंबर और आयु प्रमाण पत्र साथ लाएं।

वहीं, उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर जो खिलाड़ी प्रथम स्थान हासिल करेंगे, वे अगले माह होने वाली राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में भाग लेंगे और राज्यस्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी 26 से 31 मई तमिलनाडु में होने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में हिमाचल टीम से अपना हुनर दिखाएंगे।

# तेज सिंह ठाकुर को पेंशनभोगी संघ शहरी इकाई कुल्लू की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ की शहरी कुल्लू इकाई के त्रैवार्षिक चुनाव पीठासीन अधिकारी एवं प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षक जिला अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी की देखरेख में ढालपुर में करवाए गए। इसमें तेज सिंह ठाकुर को अध्यक्ष, खेम सिंह हांडा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रेमचंद वर्मा को महासचिव, प्रेमनाथ शर्मा को उपाध्यक्ष, रूबी जम्वाल, आभा वर्मा को उपाध्यक्ष (महिला विंग), बालक राम को कोषाध्यक्ष, संतोष जम्वाल को संगठन सचिव, लौहलू राम को प्रेस सचिव तथा रूम सिंह नेगी को मुख्य सलाहकार चुना गया।

**पेंशनभोगी संघ शहरी इकाई कुल्लू के चुनाव आयोजित**

पेंशन भोगी संघ शहरी कुल्लू इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पीठासीन अधिकारी एलआर गुलशन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। पेंशनभोगी संघ की कुल्लू शहरी इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर और महासचिव प्रेमचंद वर्मा ने कहा कि पेंशनरों ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का वह भरपूर प्रयास करेंगे और पेंशनरों की जायज मांगों को प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से जोरदार ढंग से उठाने का भरसक प्रयास करेंगे।





प्रदेश पेंशनभोगी संघ की कुल्लू शहरी इकाई की नई कार्यकारिणी व पदाधिकारी।

### चरणबद्ध तरीके से एरियर का भुगतान मंजूर नहीं : गुलशन

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि जनवरी 2016 से दिसम्बर 2021 तक सेवानिवृत्त हुये पेंशनर्स के संशोधित वेतनमान के एरियर का भुगतान प्रदेश सरकार को एकमुश्त करना चाहिये। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध ढंग से एरियर का भुगतान पेंशनर्स को कतई मंजूर नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि 4-4 प्रतिशत की कुल 8 प्रतिशत की पिछली देय मंहगाई भत्ते की लम्बित दो किस्तें शीघ्र जारी की जाये। पेंशनर्स को रिटायरमेंट पर मिलने वाली 40 प्रतिशत पेंशन कम्यूटेशन की सुविधा को यथावत जारी रखा जाए।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में जिला पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव किरण चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष भगत सिंह, भुंतर इकाई के अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के महासचिव खुशाल चंद नेगी, पेंशनभोगी संघ शहरी कुल्लू इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेम सिंह हांडा, महासचिव प्रेमचंद वर्मा, उपाध्यक्ष (महिला विंग) आभा वर्मा, रूबी जम्वाल, उपाध्यक्ष प्रेमनाथ शर्मा, बालक राम, संगठन सचिव संतोष जम्वाल, मुख्य सलाहकार रूम सिंह नेगी सहित अनेक पेंशनर्स मौजूद रहे।

### पेंशनर्स की समस्याओं पर की चर्चा

उधर, जिला कुल्लू पेंशन भोगी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई जिसमें संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

# देवता की विदाई के साथ धनाह का 8 बैसाख मेला धूमधाम से संपन्न

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

उपतहसील नित्थर की देहरा पंचायत के गांव धनाह का दो दिवसीय 8 बैसाख मेला सोमवार को क्षेत्र के आराध्य देवता रखाऊ नाग की विदाई के साथ विधिवत रूप से संपन्न हो गया।

मेला कमेटी के प्रधान मदन गोस्वामी, ग्रामीण राजपाल, हर्षानन्द, सुनील शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राम प्रकाश, सुनील दत्त, लाल चंद, राजा राम तथा बार्ड पंच राम प्रकाश ने बताया कि धनाह का 8 बैसाख मेला प्राचीन समय से चला आ रहा है,जो क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति को दर्शाता है।

मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ स्वांग नृत्य का बखूबी प्रदर्शन किया गया, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। मेले में रिजुल शर्मा, मुकुल, अनुराग, देशराज, सुनील शर्मा, घनश्याम शर्मा, गोपी चंद, प्रमोद शर्मा तथा प्रदीप कुमार ने मेंढक नृत्य व स्वांग के अभिनय से मेले में आए लोगों का खूब मनोरंजन किया। इसी प्रकार तलवार नृत्य ने सभी को स्तब्ध किया।

### देवसदन में डॉ. अंबेडकर के सम्मान में विचार संगोष्ठी कल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू द्वारा 23 अप्रैल को देवसदन कुल्लू में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मनाली मंडल के महामंत्री देवेंद्र ठाकुर और हलाण-2 पंचायत की प्रधान सीमा देवी बाड़ी में, अनुसूचित जाति समाज के प्रसिद्ध व्यवसायी भूपराम सोनी के निवास स्थान पर अनुसूचित जाति समाज के प्रबुद्ध लोगों से चर्चा की और उन्हें इस विचार संगोष्ठी में आने का निमंत्रण दिया। सीमा प्रधान ने बताया कि अनुसूचित जाति समाज के सभी प्रबुद्धजनों से आग्रह रहेगा कि आप इस संगोष्ठी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करें और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय एवं समरसता को सशक्त बनाने में सहभागी बनें।

# समावेशी शिक्षा को किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, नग्गर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नग्गर में सांफिया फाउंडेशन द्वारा एकदिवसीय समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालय के छात्रों व अध्यापकों को दिव्यांगता विषयक जागरूकता प्रदान करना तथा समावेशी शिक्षा की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सांफिया फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू ने संस्था की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि फाउंडेशन तीन प्रमुख माध्यमों से दिव्यांग जनों के लिए सेवाएं प्रदान करता है। आश बाल विकास केंद्र (अखाड़ा बाजार, कुल्लू) जहां विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को थैरेपी सेवाएं दी जाती हैं। थैरेपी ऑन व्हील्स एक विशेष बस सेवा जो घर-द्वार पर फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी इत्यादि उपलब्ध कराती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा समावेशी जागरूकता कार्यक्रम जिसके अंतर्गत विद्यालयों व समुदायों में जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं।



कार्यशाला के दौरान सांफिया फाउंडेशन के पदाधिकारियों सहित विद्यार्थी व शिक्षक।

**नग्गर स्कूल में समावेशी कार्यशाला आयोजित**

फाउंडेशन की निदेशक डॉ. श्रुति भारद्वाज ने उपस्थितजनों को विभिन्न प्रकार की थैरेपी सेवाओं जैसे फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी तथा स्पेशल एजुकेशन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताते हुए यह भी समझाया कि प्रारंभिक हस्तक्षेप व नियमित थैरेपी से बच्चों की विशेष आवश्यकताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य डीने राम ने सांफिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया और छात्रों को समाज में समावेशी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता अश्वनी शर्मा ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह की पहल से न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों की भी दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

# कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर सड़क टूटी, हादसे का सताया डर

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर रायसन में 2023 की बाढ़ से सड़क को भारी नुकसान हुआ था। खबर प्रकाशित होने के बाद नेशनल हाईवे ने काम शुरू किया, लेकिन कुछ ही दिनों बाद इसे रोक दिया गया। 60-70 फुट गहरा और लगभग 100 फुट लंबा सड़क का हिस्सा टूटा हुआ है। ऊपर से हाईवे और नीचे ब्यास नदी का जलस्तर होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



सड़क कोरायसन में 2023 की बाढ़ से हुआ था नुकसान।

नदी का जलस्तर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। नेशनल हाईवे के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ब्यास नदी का रुख मोड़ने के बाद ही काम पूरा किया जाएगा।

**पंचायत प्रधान की मांग :** रायसन पंचायत प्रधान कर्म चंद ठाकुर ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी से जल्द हाईवे को ठीक करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब स्थिति से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**नेशनल हाईवे अथॉरिटी जल्द करे कार्रवाई :** स्थानीय लोगों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत आवश्यक है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी को ब्यास नदी के बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में खूब लगे हंसी के ठहाके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन कुल्लू के कलाकारों ने 'रंगमंच गांव गांव, आंगन-आंगन' की अवधारणा के अंतर्गत अपने नाटक 'कहानियों की कहानी' पहला शानदार मंचन ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में किया। केहर सिंह ठाकुर द्वारा अभिनीत व निर्देशित इस एकल नाटक को स्कूल के बच्चों व अध्यापकों ने खूब पसंद किया और बच्चों ने बीच बीच में खूब हंसी के ठहाके लगाए।

केहर ठाकुर ने अपने सधे हुए अभिनय से बच्चों को एक घंटा तक बांधे रखा। नाटक तीन कहानियों के जोड़ से बनाया गया है, जिनमें पहली कहानी में हमारे समाज में कुछ चालाक लोगों द्वारा आम जन को बर्गला कर अपना हित साधने को कैसे तीर कमान कसे जाते हैं और उन्हें बेवकूफ बनाने के लिए उन्हें शब्दों के सुंदर जाल फांस देते हैं और भोले भाले लोग इस झांसे में आ भी जाते हैं, के बारे में बताया। दूसरी कहानी में एक कवि कलाकार कैसे हमारी व्यवस्था के लचर रवैये से अपनी जान गवां जाता है और तीसरी कहानी में धर्म आढ़ में कुछ ढोंगी लोग हमारे समाज में अपना धंधा कैंसे चमकाते हैं, यह दिखाया गया है।



ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में नाटक का मंचन करते प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर।

**रंगमंच गांव-गांव आंगन आंगन के तहत 'कहानियों की कहानी' नाटक का सफल मंचन**

इन तीनों कहानियों से गढ़ी इस प्रस्तुति को बहुत ही हास्य और व्यंग्यात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया और छोट-छोटे बच्चे भी प्रस्तुति के मूल को हंसते-हंसते समझ गए। केहर के साथ मंच पार्श्व संगीत संचालन परमानंद पिंकू ने किया और सैट प्रॉपर्टीज का कार्य रेवत राम विक्की ने किया और सैट व कॉस्ट्यूम डिजाइन मीनाक्षी का रहा।

इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसीपल गणेश भारद्वाज गन्नी ने ऐक्टिव मोनाल संस्था का धन्यवाद किया और सदस्यों को कुल्लवी टोपी पहनाकर स्वागत किया। स्कूल के प्रबंध निदेशक कैलाश गौतम भी इस मौके पर बाकी स्टाफ सदस्यों के साथ उपस्थित रहे और इस प्रस्तुति की सराहना की।

प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ने बताया कि आज मंगलवार को सुबह राजकीय माध्यमिक पाठशाला शमशी में इस नाटक की अगली प्रस्तुति की जाएगी।

**जायजा** रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 के गवर्नर डॉ. पीएस ग्रोवर ने किया रोटरी क्लब कुल्लू का दौरा

# रोटरी क्लब कुल्लू कर रहा बेहतरीन कार्य : डॉ. ग्रोवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 के गवर्नर डॉ. पीएस ग्रोवर ने कुल्लू रोटरी क्लब कुल्लू का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने रोटरी क्लब कुल्लू के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने फैसिलिटेशन प्रोग्राम में साल 2024-25 में रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा किए गए सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्रों किए गए योगदान की सराहना की।



रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 के गवर्नर डॉ. पीएस ग्रोवर व अन्य गणमान्य लोग रोटरी क्लब कुल्लू के दौरे के दौरान।

जिला कुल्लू रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अंशुल पराशर को कॉलर पहनाकर क्लब असेंबली की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब कुल्लू सामाजिक हितों के कार्यों में बहुत ही सराहनीय काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आंखों के इलाज के क्षेत्र में समाज के लिए संस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जहां एक मात्र रोटरी आई हॉस्पिटल बजौरा में मरीजों का कम दरों में इलाज किया जाता था, वहीं आज कुल्लू के गांधीनगर में नया आंखों का हॉस्पिटल खोलकर आम जनमानस को स्वास्थ्य संबंधी सुविधा उपलब्ध कराई है।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 के सचिव कर्नल अनेजा और जिला सचिव धर्मेंद्र राणा, सेवानिवृत्त चीफ ई. खुशहाल सिंह उनके साथ कुल्लू पहुंचे। जोनल चेयर सीए राजीव शर्मा ने रोटरी की गतिविधियों से अवगत करवाया और अपने विचार साझा किए। वहीं, रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष अंशुल पराशर की अगुवाई में क्लब के पदाधिकारियों ने रोटरी क्लब कुल्लू के कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने साल भर किए गए कार्यों से सभी को अवगत करवाया। इस मौके पर रोटरी फाउंडर जनरल सेक्रेटरी डॉ. पीडी लाल, रोटेरियन वीके कपूर, रोटेरियन इंदीवर मेहता, रोटेरियन अनुज मलिक, रोटेरियन ज्ञान बांगा, रोटेरियन अमन भल्ला, आई हॉस्पिटल चेयरमैन रोटेरियन विकास कुमार, रोटेरियन विनोद सोनी, रोटेरियन राजीव के सिंह, रोटेरियन पूजा मलिक, रोटेरियन नीरज बहल, रोटेरियन राजेश सूद, महासचिव रोटेरियन अंकुर अग्रवाल, रोटेरियन अभिषेक सूद, रोटेरियन राजेश दुसेजा विशेष रूप से उपस्थित हुए।

# धूमधाम से मनाया जाएगा पीपल जातर मेला

## पीपल मेले की तैयारियां को लेकर नप ने की बैठक, 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित होगा मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 से 30 अप्रैल तक कुल्लू में पीपल जातर पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार को नगर परिषद कुल्लू ने मेले की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने की। बैठक में मेले के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पीपल जाकर उत्सव आयोजन को लेकर प्लॉट आवंटन के साथ सांस्कृतिक संध्याओं में कलाकारों के चयन को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित नगर परिषद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद ने अपने-अपने सुझाव दिए। इस मौके पर आयोजन से संबंधित अलग-अलग कमेटियों का भी गठन किया गया, जिसमें प्लॉट आवंटन, सांस्कृतिक समितियों के अलावा अन्य समितियां गठित की गईं और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बार भी तीन दिवसीय मेले की सांस्कृतिक संध्या में पूर्व की भांति हिमाचल व कुल्लू जिले की हर वैली के स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

**23 अप्रैल से शुरू होगी प्लॉट आवंटन प्रक्रिया :** इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत व कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने बताया कि इस बार पीपल जाकर उत्सव आयोजन की विशेष तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके अलावा स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता को लेकर शास्त्रीनगर स्थित संस्कार वैली स्कूल में ऑडिशन चल रहे हैं और इसमें 40 युवतियों में से 15 युवतियों का चयन होगा, जोकि प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

वहीं, मेले में सजने वाली अस्थायी मार्केट के लिए 23 अप्रैल से प्लॉट भी आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए नगर परिषद के सभी पार्षद व मनोनीत पार्षद की सदस्यीय कमेटी बनाई गई। लिहाजा, पीपल मेले को अब कुछ ही दिन का समय शेष बचा है, ऐसे में मेले को लेकर नप कुल्लू की ओर से लगातार बैठकों का आयोजन जारी है। वहीं, सोमवार को कुल्लू के देवसदन में स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता के मेगा ऑडिशन हुए, जिसमें 21 सुंदरियों ने भाग लिया और इस बार 21 सुंदरियां प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस बार सुंदरियां बंगाली परिधान में नजर आएंगी।



स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता के मेगा ऑडिशन में भाग लेती हुई सुंदरियां।

> पीपल जातर मेले के आयोजन को लेकर तैयारियां चली हुई हैं। हर बार की तरह इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होंगी। मेले को सफल बनाने के लिए नप कुल्लू हरसंभव प्रयास कर रही है।
>
> -गोपाल कृष्ण महंत, अध्यक्ष नप कुल्लू।

## न्यूज ब्रीफ

### देश सेवा में जाने के लिए करें प्रयास : बट्टू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस 2025 मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के करियर काउंसलिंग सैल के प्रभारी पुष्पेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में सिविल सेवा के लिए बहुत से युवा जीतोड़ मेहनत कर इस मुकाम तक पहुंचते हैं और देश की उन्नति के लिए सरकार का सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि भारत के पहले बैच को आज ही के दिन गृह मंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने संबोधित किया था, तब से इस दिवस को मनाने की परंपरा है। मुख्याध्यापक पीसी बट्टू ने बच्चों से आग्रह किया कि आप सभी को भी सिविल सेवा को समझ कर देश सेवा के लिए प्रयास करना चाहिए।

### शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर किया हवन



**अनंत ज्ञान दाड़लाघाट।** तहसील अर्की की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुघार में शैक्षिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानाचार्य रेखा राठौर की अध्यक्षता में विद्यार्थियों व संपूर्ण विद्यालय की प्रगति, उन्नति व सुख शांति के लिए माता सरस्वती के शुभ आशीर्वाद की प्राप्ति के लिए हवन व पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों व विद्यार्थियों सहित विद्यालय की प्रगति व उन्नति के लिए आयोजित इस हवन में आहुतियां अर्पित कीं। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य व विद्यालय परिवार के सदस्यों के वित्तीय सहयोग से निर्मित लघु मंदिर में माता सरस्वती की प्रतिमा को विराजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य दीपक ठाकुर, लेखराम ठाकुर, मनोज मिश्रा, ईश्वर दत्त वर्मा, प्रदीप गौतम, देवेंद्र चौहान, सीएचटी हुक्मी देई, जगदीश चंद, सुरेश कुमार, राज ठाकुर, जगदीश, भूपेंद्र सिंह, शिवानी पाठक, प्रेम लाल, प्रेमी देवी, वीना देवी, रोमिला देवी, बबीता ठाकुर व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# सोलन में ई-परिवार रजिस्टर का सर्वे पूरा

## 16,829 परिवार जुड़े, छूट गए लोग नगर निगम के कार्यालय कमरा नंबर 104 में करवा सकते हैं पंजीकरण

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहरी क्षेत्रों में ई-परिवार रजिस्टर को लागू करने के उद्देश्य से नगर निगम ने ई-परिवार रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा कर लिया है। इसके तहत कुल 16,829 परिवारों का पंजीकरण हुआ है, पर यदि किसी व्यक्ति विशेष का या उनके परिवार का सर्वे किसी कारणवश ई-परिवार में पंजीकरण नहीं हुआ है तो वे अब नगर निगम सोलन कार्यालय में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके निगम कार्यालय का कमरा नंबर 104 में विशेष तौर पर एक कर्मचारी नियुक्त किया है।

निगम आयुक्त ने छूट गए लोगों से ई-परिवार रजिस्टर में कार्यालय पहुंच कर अपना पंजीकरण करवाने का आग्रह किया है। अभी तक 16,829 परिवारों में 51,800 से ज्यादा सदस्य हैं। परिवार रजिस्टर न केवल लोगों की पहचान के तौर पर उपयोग होता है बल्कि राशन कार्ड जैसे कई दस्तावेज बनाने में भी काम आता है। बता दें कि राज्य सरकार ने प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 48 ए धारा 308 ए और हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 43 (5) और धारा 393 में संशोधन किया है।



सोलन शहर का दृश्य। (फाइल फोटो)

### पंजीकरण करवाने पर मिलेगा योजनाओं का लाभ : कापटा

**नगर** निगम के कमिश्नर एकता कापटा ने कहा कि नगर निगम सोलन ने ई-परिवार रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा कर लिया है। यदि किसी व्यक्ति विशेष का या उनके परिवार का सर्वे किसी कारणवश ई-परिवार में पंजीकरण नहीं हुआ है तो वह अब नगर निगम सोलन कार्यालय में अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस दस्तावेज से न सिर्फ व्यक्ति की आइडेंटिफिकेशन होगी बल्कि उसका कई योजनाओं में लाभ लेने के लिए उपयोग हो सकता है।

**कल्याणकारी योजनाओं में मददगार :** शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डाटा उपलब्ध होगा, जिसके उपयोग से संसाधनों के बेहतर आवंटन सुनिश्चित कर जन कल्याण के लिए योजनाएं जैसे पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य विकासात्मक योजना बनाने में आसानी होगी। इसके तहत अब शहर की कुल आबादी का अनुमान लगाया जा सकेगा, साथ ही निगम के अधिकारियों को भी परिवार के व्यक्ति की वेरिफिकेशन करना आसान होगा।

आम तौर पर नगर निगम जन्म-मृत्यु का पंजीकरण तो करता है, पर परिवार में कितने सदस्य हैं इसका रिकॉर्ड आज तक मेन्टेन नहीं है, जो कि अब संभव होगा। निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर भी व्यक्ति का नाम, पेशा और शैक्षणिक योग्यता का रिकॉर्ड लेंगे। इसके अलावा आधार, राशन कार्ड और बिजली बिल की प्रति भी दिखानी होगी। लोगों की सुविधा के लिए वार्डों में परिवार रजिस्टर के पंजीकरण का जिम्मा लोक मित्र केंद्रों को दिया गया। स्थानीय निवासी लोकमित्र केंद्र में जाकर निगम के परिवार रजिस्टर में एंट्री करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### वार्ड वाइज परिवार के सदस्यों की संख्या

**सोलन** शहर के 17 वार्डों में रजिस्टर हुए परिवार की संख्या में वार्ड नंबर एक में 1154 परिवार रजिस्टर हुए हैं, जिनके परिवार के सदस्यों की संख्या 3,267 है। वार्ड नंबर 2 में 1013 जिनके सदस्य 3413 वार्ड नंबर 3 में 1245 जिनके सदस्य 3396, वार्ड नंबर 4 में 1101. जिनके सदस्य 4143, वार्ड नंबर 5 में 479 जिनके सदस्य 1738 वार्ड नंबर 6 में 799 जिनके सदस्य 3004, वार्ड नंबर 8 में 605 जिनके सदस्य 2062, वार्ड नंबर 9 में 878 जिनके सदस्य 2,161, वार्ड नंबर 10 में 834 जिनके सदस्य 2933, वार्ड नंबर 11 में 2031 जिनके सदस्य 6431, वार्ड नंबर 12 में 806 जिनके सदस्य नाला 2368, वार्ड नंबर 13 में 753 जिनके तहस सदस्य 2351, वार्ड नंबर 14 में 888 होने जिनके सदस्य 2713, वार्ड नंबर 15 भाज में 1201 जिनके सदस्य 3372, वार्ड को नंबर 16 में 1138 जिनके सदस्य घेरा 3243 व वार्ड नंबर 17 में 989 परिवार रजिस्टर हुए हैं, जिनके परिवार के सदस्यों की संख्या 3550 है।

### लोकमित्र केंद्र को सौंपा था कार्य

**शहर** में रह रहे परिवारों का रिकॉर्ड मेंटेन किए जाने के लिए नगर निगम सोलन ने वार्ड क्षेत्रों के लोकमित्र केंद्र को जिम्मा सौंपा गया था । इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे भी किया जा चुका है। छूट गए परिवारों की एंट्री के लिए निगम ने संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए थे। शहर के कई परिवारों ने अभी तक परिवार रजिस्टर में एंट्री नहीं करवाई है। संचालकों के माध्यम से लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाएगा कि यदि पहले से ही पंचायत परिवार रजिस्टर में एंट्री है तो भी निगम में एंट्री जरूरी है। डेटाबेस बन जाने के बाद इसका विकल्प दिया जाएगा कि परिवार रजिस्टर पंचायत को चुनना है या फिर निगम।

## सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन की समस्याओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन पांवटा साहिब की बैठक यूनियन के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक यूनियन के अध्यक्ष बलजीत सिंह नागरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन को आ रही समस्याओं पर मंथन किया गया। बैठक में निर्णय लिया कि सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन का सदस्य किसी भी अन्य ट्रांसपोर्ट यूनियन का सदस्य नहीं हो सकता, चाहे वह छोटी गाड़ियों की यूनियन ही क्यों न हो।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी ट्रक ऑपरेटर का ट्रक चूरा-पोस्त या फिर अन्य नशे की तस्करी में पकड़ा जाता है तो उसे तुरंत प्रभाव से यूनियन से बाहर कर दिया जाएगा, साथ ही उसकी सदस्यता भी समाप्त कर दी जाएगी। नागरा ने कहा कि सिरमौर ट्रक ऑपरेटर यूनियन पिछले चार दशक से पांवटा साहिब में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कई लोग यूनियन के चुनाव को लेकर कई प्रकार की अफवाह फैला रहे हैं। सभी सदस्यों को चाहिए कि वे किसी भी प्रकार के शरारती तत्वों की अफवाह पर ध्यान ना दें, क्योंकि सिरमौर ट्रक आपरेटर यूनियन संगठन के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

## सतवीर सिंह की संदिग्ध मौत मामले में पत्नी गिरफ्तार, साला फरार

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

नालागढ़ के दत्तोंवाल में 16 अप्रैल को सतवीर सिंह की संदिग्ध मौत ने अब हत्या का सनसनीखेज रूप ले लिया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी हंसी देवी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मृतक का साला फरार है। हंसी देवी को रविवार शाम कसौली कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। फरार साले की तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

घटना 16 अप्रैल की शाम को दत्तोंवाल स्थित एक कोठी में हुई, जहां उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निवासी सतवीर सिंह, जो नालागढ़ में राज मिस्त्री का काम करता था, की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुरुआत में इसे सामान्य मौत मानकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हो गई थी, लेकिन मृतक के चचेरे भाई की सतर्कता ने मामले को नया मोड़ दे दिया। पुलिस ने तुरंत अंतिम संस्कार रुकवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी शिमला भेजा। पोस्टमार्टम में गला घोंटे जाने और शरीर पर संघर्ष के गहरे निशान मिले, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने कई लोगों से गहन पूछताछ की और सुरागों के आधार पर सतवीर की पत्नी हंसी देवी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसके बयानों में विरोधाभास पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के अनुसार, घटना से पहले सतवीर, उसकी पत्नी और एक ठेकेदार के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस और हाथापाई हुई थी। इस दौरान मृतक के साले की भी संलिप्तता सामने आई है, जो अब फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

बद्दी के एसपी विनोद धीमान ने बताया कि पुलिस इस हत्याकांड की गंभीरता से जांच कर रही है। हंसी देवी से रिमांड के दौरान गहन पूछताछ की जा रही है ताकि हत्या के पीछे के कारण और अन्य संदिग्धों का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि जल्द और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस घटना ने नालागढ़ के औद्योगिक क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। स्थानीय लोग और मृतक के परिजन इस हत्याकांड के खुलासे का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस का दावा है कि मामले का जल्द पर्दाफाश कर सभी दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

### एडिनबर्ग विवि के प्रतिनिधियों का शैक्षणिक सहयोग के लिए शूलिनी विवि का दौरा

## प्राकृतिक परिवेश और आधुनिक बुनियादी ढांचे की सराहना की

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने हाल ही में यूनाइटेड किंगडम (यूके) के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की। इस यात्रा का समन्वय शूलिनी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय द्वारा किया गया था और इसका उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक साझेदारी को मजबूत करना था।

एडिनबर्ग विश्वविद्यालय से सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग के डिग्री प्रोग्राम मैनेजर डॉ. क्रिस बेकेट और छात्र भर्ती अधिकारी अला रॉस शामिल थे। पहले दिन मेहमानों ने शूलिनी परिसर का दौरा किया और नैनो टेक्नोलॉजी लैब और पर्स लैब जैसी शोध सुविधाओं का दौरा किया। इस दौरे में विश्वविद्यालय के स्थिरता प्रयासों को भी प्रदर्शित किया गया। 2+2 कार्यक्रम, दोहरे डिग्री पाठ्यक्रम और ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा में अवसरों जैसे भविष्य के सहयोग का पता लगाने के लिए अकादमिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। दिन का समापन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित औपचारिक नेटवर्किंग डिनर के साथ हुआ।



शैक्षणिक सहयोग के लिए शूलिनी विवि पहुंचा एडिनबर्ग विश्वविद्यालय का दल।

दूसरे दिन संकाय और छात्रों के साथ बातचीत पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. क्रिस बेकेट ने इंजीनियरिंग छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान दिया, जबकि अला रॉस ने एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में अध्ययन के अवसरों पर एक सत्र का नेतृत्व किया, विशेष रूप से अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए।

अतिथियों ने विश्वविद्यालय के प्राकृतिक परिवेश और आधुनिक बुनियादी ढांचे की सराहना की। रॉस ने कहा कि उन्होंने अपने प्रवास का भरपूर आनंद लिया और इसे 'यादगार अनुभव' कहा। डॉ. बेकेट ने शूलिनी विश्वविद्यालय के आतिथ्य और शैक्षणिक क्षमता की भी प्रशंसा की। शैक्षणिक पक्ष से स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रोफेसर वीरेंद्र रिहानी और स्कूल ऑफ मैकेनिकल, सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर एमएस ठाकुर ने एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के साथ दोहरे डिग्री समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सहयोग के प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय की उप निदेशक डॉ. रोजी धांता द्वारा सक्रिय रूप से समर्थन किए, जिन्होंने इस शैक्षणिक साझेदारी के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।

## नालागढ़ और बद्दी में कल से बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड नालागढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत उप केंद्र मंझोली के आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 23 अप्रैल को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल नालागढ़ नंबर 1 के सहायक अभियंता सीआर वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि सुबह 9 बजे से सायं 6 बजे तक सैनी माजरा, बेरसेन, ढेरोवाल, बीड़ प्लासी, नथु प्लासी, बहरामपुर, तेलीवाल, घिहेड, मंझोली, लखनपुर, झिरा, मेसा टिब्बा, बेर्सन, गरजेवाल, तोरणवाल, सैनी माजरा, मगनपुरा, जगातखाना घरात, राजपुरा, निकुवाल, मूसेवाल, बेला मंदिर, रंगुवाल, ढांग, रामपुर, बड़ा बसोट, गागूवाल, अभिपुर, ढांग उपरली, ढांग निचली, मागत प्लासी, किला प्लासी तथा औद्योगिक इकाइयों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

वहीं, प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड बद्दी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 24 अप्रैल को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल बद्दी के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता दीपक वर्मा ने दी।

दीपक वर्मा ने कहा कि 24 अप्रैल को प्रात: 9 से सायं 6 बजे तक दामोवाला, बटेड़, बुरांवाला, ईस्टमैन और माइलस्टोन के आसपास के क्षेत्र, पुलिस थाना बरोटीवाला, बरोटीवाला कॉलेज, लोअर बटेड, बल्याण, टिपरा, बरोटीवाला, झाड़माजरी, शिवालिक नगर, दसोरामाजरा, ऑलम्पिक चौक, सनसिटी, बद्दी बैरियर, मोतीया प्लाजा, मझोतु, सूरजपुर, स्वराजमाजरा, सिक्का होटल, हनुमान चौक, जुडिकलन, लक्कड़ डिपू इत्यादि तथा इन क्षेत्रों की औद्योगिक इकइयों में भी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## सुखण में लगे हॉट मिक्स प्लांट से आसपास के गांवों में फैला प्रदूषण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

पंचायत दानोघाट के गांव सुखण में लगे हॉट मिक्स प्लांट से सुखण और आसपास के गांवों में प्रदूषण फैल रहा है। इस प्लांट से निकलने वाली जहरीली गैस से क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। लोगों ने इस प्लांट को बंद कर दूसरी जगह स्थानांतरित करने की प्रशासन से मांग की है।

गौर हो कि हॉट मिक्स प्लांट के चारों तरफ सुखण, कराड़ाघाट, सुराइला, फांजी, खांगड़, शावग, दावटी सहित साथ लगने गांव में प्रदूषण फैलने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। ऐसे में श्वास रोग की बीमारी वाले लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों में नंदलाल, गोदावरी, देवराज, वनित कुमार, नरेश कुमार, बृजलाल, मीरा देवी, अचर सिंह, शकुंतला देवी, प्रेम लता, याशिका, कमला देवी,मीरा, बाबू राम, निर्मला, रीता देवी, आशा देवी ने कहा कि सुखण में स्थापित किए गए हॉट मिक्स प्लांट से जहरीली गैस निकल रही है, जो पूरे क्षेत्र में फैल रही है।

उन्होंने कहा कि जहां ये हॉट मिक्स प्लांट लगा है वह बिना पंचायत के एनओसी के चल रहा है। लोगों ने कहा कि प्लांट संचालक ने प्लांट को जल्द बंद करने की बात कही थीलेकिन अभी तक ऐसा कुछ नही हुआ है। उन्होंने प्रशासन से प्लांट को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है।



हॉट मिक्स प्लांट से प्रदूषण फैलाए जाने का दृश्य।

**किसने क्या कहा :** उधर, उपमंडलाधिकारी अर्की यादविंदर पाल का कहना है कि हॉट मिक्स प्लांट के मामले में जांच के लिए हल्का पटवारी से रिपोर्ट मंगवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है।

उधर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड परमाणु के सहायक अभियंता अनिल का कहना है प्लांट संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। यदि संचालन नियम विरुद्ध हो रहा है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## राहुल का बयान राष्ट्रविरोधी मानसिकता का प्रतीक : रीना

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेश की धरती पर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनाव आयोग पर अनर्गल आरोप लगाकर देश को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची है।



रीना कश्यप ने कहा कि जब देश का चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से कार्य कर रहा है और दुनियाभर में उसकी सराहना हो रही है, ऐसे समय में राहुल गांधी द्वारा उस पर सवाल खड़ा करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि राष्ट्रविरोधी मानसिकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने विदेश में भारत की नकारात्मक छवि प्रस्तुत की हो। यह स्पष्ट हो चुका है कि कांग्रेस पार्टी अब देश में जनता का विश्वास खो चुकी है और अब विदेशों में जाकर भारत की संस्थाओं को बदनाम करने की रणनीति पर काम कर रही है।

रीना कश्यप ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार वैश्विक मंचों पर सम्मान प्राप्त कर रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस नेता का यह बयान देश की प्रगति और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है। इसको लेकर राहुल गांधी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और अपने बयान को वापस लेना चाहिए। भारत की संवैधानिक संस्थाओं का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सिरमौर जिले की अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन



राजगढ़ में सिरमौर की अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल में पहुंचे खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सिरमौर जिले की अंडर-19 क्रिकेट टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन राजगढ़ स्थित गुरुकुल स्कूल के मैदान में किया गया।

जिला सिरमौर क्रिकेट संघ के महासचिव राजेंद्र बब्बी ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में कुल 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से प्रदर्शन के आधार पर 33 खिलाड़ियों का प्रारंभिक चयन किया गया है। चयनकर्ताओं में आलोक कटोच, अहशान अहमद व सतनाम सिंह सम्मिलित रहे।

सिरमौर जिले की प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित टीम में अक्षय शर्मा, यशवर्धन, वासुदेव, शौर्य भारद्वाज, शुभ खन्ना, आयुष ठाकुर, कृष जैन, अभिनव चौहान, आदर्श चौहान, उज्जवल चौहान, आयुष त्रिपाठी, आरव अग्रवाल, हार्दिक शर्मा, जयदीप सिंह, आदर्श ठाकुर, अग्नजोत सिंह, आदित्य सिंगटा, आशु कुमार, दिवाशू पुंडीर, अमान पठानिया, नितिश शर्मा, आदित्य पाल, साहिल ठाकुर, निखिल तौमर, दीक्षांत तौमर, तालिश कालो, कार्तिक, लक्ष्य, दक्ष ठाकुर, जयवीर सिंह, निर्भय पुंडीर, योगेश व तेजस पंवार शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि अंतर जिला अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता 14 मई से हमीरपुर जिले के अमतर मैदान में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता से पूर्व 1 मई से 10 मई तक जिला मुख्यालय नाहन में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम 15 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा।

## भाजपा सांसद के खिलाफ सोलंकी की बयानबाजी दुर्भाग्यपूर्ण : गर्ग

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी द्वारा भाजपा संसद सदस्य कश्यप के खिलाफ दिए गए बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। राकेश गर्ग ने कहा कि इस तरीके की बयानबाजी करने से पहले कांग्रेस से विधायक को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।



गर्ग ने कहा कि भाजपा सांसद शिमला संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाली 17 विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और समय-समय पर इन इलाकों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनते हैं, वहीं केंद्र सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका भी समय-समय पर फीडबैक लिया जाता है। उन्होंने कहा कि नाहन के विधायक को इस बात का जवाब देना चाहिए कि आखिर क्यों इन्होंने पूर्व सरकार द्वारा लोगों की मांग पर खोले गए संस्थानों को बंद करवा दिया और क्यों नाहन विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि नाहन के विधायक पिछले अढाई साल से मेडिकल कॉलेज भवन के रुके पड़े निर्माण कार्य को शुरू नहीं करवा पा रहे हैं। नाहन विस क्षेत्र में पूर्व विधायक डॉ. राजीव बिंदल ने कई विकासात्मक कार्य शुरू करवाए थे, उनको भी मौजूदा विधायक आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता गारंटियों को पूरा होने का इंतजार कर रही है, मगर कांग्रेस के नेताओं को उन गारंटियों की कोई चिंता नहीं है। आए दिन सरकार जन विरोधी फैसले ले रही है और हाल ही में न्यूनतम किराये को 5 रुपए से बढ़ाकर 10 रुनए कर दिया है, जिसका सीधा बोझ आम जनता पर पड़ेगा।

**निपुणता** अर्की के ब्वॉयज स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार गौतम भी रहे सहभागी

## सिंगापुर से लौटे शिक्षकों के अनुभवों से निखरेगा शिक्षा तंत्र

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में शुरू किए गए सिंगापुर एक्सपोजर टूर कार्यक्रम के अंतर्गत 14 से 19 अप्रैल तक प्रदेश के प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापक, प्रवक्ता और उपनिदेशक स्तर के अधिकारियों का एक दल सिंगापुर की यात्रा पर गया। इस शैक्षणिक दल ने सिंगापुर की प्रिंसिपल अकादमी में भाग लेकर वैश्विक शिक्षा पद्धतियों, आधुनिक शिक्षण तकनीकों और कौशल विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया।

इस दौरे का उद्देश्य प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली, आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाना था। इस दल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की के प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम भी शामिल रहे, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली का गहन अध्ययन किया और यह जाना कि कैसे गुणात्मक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, जिम्मेदारी और आत्मनिर्भरता का विकास किया जा सकता है।



सिंगापुर के एक्सपोजर टूर के दौरान प्रशस्ति पत्र हासिल करते अर्की स्कूल के प्रिंसिपल।

राजकुमार गौतम ने बताया कि इस दौरे से उन्हें यह समझने का अवसर मिला कि शिक्षा और कौशल विकास का आपसी संबंध किस प्रकार एक सशक्त और विकसित समाज की नींव रख सकता है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को रोजगारपरक और जीवनोपयोगी कौशल देना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए आधुनिक तकनीकों, नवाचारों और प्रभावशाली शिक्षण पद्धतियों को अपनाना समय की मांग है।

सिंगापुर से लौटने के बाद यह शिक्षक दल अब हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक व्यावहारिक, छात्र केंद्रित और आधुनिक बनाने की दिशा में काम करेगा। इस पहल से निश्चित रूप से प्रदेश की शैक्षणिक गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस सिंगापुर एक्सपोजर टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी थीं।

## बिलासपुर लाइन की टीम ने जीती हिंदुजा प्रीमियर लीग




हिंदुजा प्रीमियर लीग की विजेता टीम मुख्य अतिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस की ओर से डुमैहर में दो दिवसीय हिंदुजा प्रीमियर लीग का समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रविंदर कौशल रहे। इस दौरान बिलासपुर लाइन, नालागढ़ हंटर और मंडी पेंथर की टीम ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबला बिलासपुर लाइन और नालागढ़ हंटर के बीच खेला गया। नालागढ़ हंटर ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 116 रन का लक्ष्य बिलासपुर लाइन को दिया। वाजिद अली ने नाबाद 64 रन बनाए। बिलासपुर लाइन की ओर से प्रशांत, धर्मपाल, देशराज और अजय ने एक-एक विकेट लिए।

बिलासपुर लाइन ने देव के नाबाद 50 रन, तिलक के 10 रन और प्रशांत के 43 रन की बदौलत लक्ष्य को एक ओवर शेष रहते नौ विकेट से हासिल कर लिया। पुरस्कार वितरण में मैन ऑफ द मैच देव, बेस्ट बोलर अजय शर्मा, बेस्ट बैट्समैन वाजिद अली, बेस्ट कीपर खेम और बेस्ट सिक्सर प्रशांत को चुना गया। आयोजक जयपाल और बिलासपुर लाइन के हेड कोच अश्वनी ने दोनों टीमों को बधाई दी।




## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा का हर कार्यकर्ता ईमानदार : संजीव



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी आज दूसरों पर सवाल उठाने की कोशिश कर रही है, लेकिन पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। आपके पिछले मेयर पर लोगों को नौकरी दिलवाने के नाम पर पैसे लेने जैसे गंभीर आरोप लग चुके हैं। आज भी वह जमानत पर हैं। क्या यही है आपकी ईमानदारी और पारदर्शिता? आप बताएं, ऐसे व्यक्ति के नेतृत्व में आपने चंडीगढ़ की जनता को क्या दिया? कितने मुद्दे हल किए? क्या एक भी ऐसा काम है जिसे लोग याद रखें? दूसरी ओर भाजपा की मौजूदा मेयर हरप्रीत कौर बबला पूरी निष्ठा के साथ जनता की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और राज्यपाल से लगातार मिल रही हैं। वह मीडिया में दिखावे की नहीं, जमीन पर बदलाव की राजनीति कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता ईमानदारी और सेवा को प्राथमिकता देता है। राजनीति को नौटंकी बनाने वालों से जनता अब सवाल पूछेगी और जवाब भी मांगेगी।

### तीन साल के बच्चे को कार ने कुचला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** जालंधर के किशनपुरा चौक के पास सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार कार ने तीन वर्षीय बच्चे को कुचल दिया। परिवार वाले बच्चे का मुंडन करवाने के लिए जा रहे थे। सभी घर से बाहर निकले ही थे कि तीन साल के बच्चे को एसयूवी ने कुचल दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान त्रिपुर हंस पुत्र लकी हंस निवासी किशनपुरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बच्चा लक्की ढाबा के संचालक लक्की हंस का बेटा त्रिपुर हंस था। सुबह परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने के लिए घर के बाहर गाड़ी में बैठने लगे थे। तभी तेज रफ्तार गाड़ी चालक ने एक कुत्ते को कुचल दिया, तभी परिवार का ध्यान कुत्ते की तरफ गया तो इतने में वह उनके 3 साल के बच्चे को भी कुचल गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने किए अक्षरधाम मंदिर में दर्शन



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपनी पत्नी उषा चिलुकुरी और तीन बच्चों के साथ सोमवार को दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर में दर्शन किए। इससे पहले वेंस और उषा के सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी का पालम एयरबेस पर स्वागत किया। वेंस के बच्चों ने पारंपरिक भारतीय परिधान पहने थे और उन्होंने पूरे परिवार के साथ मंदिर में तस्वीरें खिंचवाईं। (अनंत ज्ञान)

### 'आप' नहीं लड़ेगी एमसीडी महापौर चुनाव

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को घोषणा की कि वह दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में महापौर और उप महापौर के पदों के लिए होने वाले चुनाव नहीं लड़ेगी। ये चुनाव 25 अप्रैल को होने हैं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) एमसीडी में भी एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी। भाजपा ने एमसीडी चुनावों के दौरान खूब धांधली की थी, लेकिन फिर भी वह बुरी तरह हारी। इसके बाद भी यह बंद नहीं हुआ और पार्षदों को खरीदा गया। (अनंत ज्ञान)

# राज्य सरकार ने होम स्टे को दिया बढ़ावा : मुख्यमंत्री धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्य सेवक संवाद के तहत 'गांव से ग्लोबल तक होम स्टे' संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यभर से आए होमस्टे संचालकों से बातचीत कर राज्य में होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा होम स्टे को तेजी से बढ़ावा दिया गया है।

होम स्टे संचालक प्रदेश में आने वाले पर्यटकों को ठहरने अच्छी सुविधा के साथ राज्य की संस्कृति, परंपरा, खानपान, पहनावे से भी अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की असली आत्मा गांवों में बसती है। जहां प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति और पारंपरिक विरासत का अद्भुत संगम एक ही स्थान पर देखा जा सकता है। स्थानीय अर्थव्यवस्था और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए

## सीएम ने होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए सुझाव

राज्य सरकार ने होमस्टे योजना की शुरुआत की थी। आज राज्य के दूरदराज गांवों में होमस्टे योजना अपनी एक अलग पहचान बना रही है। राज्य के पांच हजार से अधिक परिवारों ने इस योजना से जुड़कर अपने घरों के द्वार पर्यटकों के लिए खोले हैं। होम स्टे चलाने वाले सभी लोग राज्य के ब्रांड एंबेसडर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में होम स्टे संचालकों द्वारा पारंपरिक व्यंजन को बढ़ावा देने के साथ ही राज्य की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। इस पहचान को हमें गांव से ग्लोबल तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवथा को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। एक जनपद, दो उत्पाद' योजना के माध्यम से लोगों की आजीविका वृद्धि की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए राज्य में 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड की शुरुआत की गई है। स्टेट मिलेट मिशन से राज्य के मिलेट को देश में अलग पहचान भी मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थाटन और पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। राज्य में धार्मिक, साहसिक, ईको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म और फिल्म पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों को तेजी से बढ़ावा दिया गया है। मानसखंड कॉरिडोर योजना के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। ऋषिकेश और हरिद्वार को योग और आध्यात्मिक केंद्रों के रूप में वैश्विक स्तर पर प्रमोट किया जा रहा है।

## ओमेक्स सिटी मूल राशि का करें भुगतान : पंवार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने स्थानीय ओमेक्स सिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित मूल राशि का दो माह में भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा ओमेक्स सिटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि ओमेक्स सिटी पर बेवजह अतिरिक्त चार्ज लगाया गया है, तो उसे वापस करवाया जाएगा।

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार सोमवार को जिला रोहतक में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस समिति की बैठक में 13 शिकायतें रखी गई थी, जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया तथा अन्य 6 शिकायतों के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। ओमेक्स द्वारा 72 लाख रुपए से अधिक लंबित बिजली बिल का भुगतान करना है तथा 5 करोड़ से अधिक की राशि बैंक गारंटी के तौर पर जमा करवानी है। ओमेक्स सिटी द्वारा भूमि का मालिकाना हक ट्रांसफर कर दिया गया है। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि यदि शिकायतकर्ता ने समझौता कर लिया है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

## शिविर में 292 लोगों ने किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

गढ़वाल भवन, सेक्टर 29, चंडीगढ़ में आयोजित किया, जिसमें 292 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। शिविर में डॉक्टरों की टीम पीजीआई और पार्क ग्रेसियन अस्पताल से आई हुई थी।

शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए पंजाब नेशनल बैंक के डिप्टी सर्किल हेड पवन भाटिया ने किया। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड युवा मंच के अध्यक्ष धर्मपाल रावत व अन्य सदस्यों में महासचिव रवींद्र चौहान, संयोजक नरेंद्र रावत, कालिका प्रसाद, उमेश सलवासी, अरविंद रावत, प्रदीप कुमार, नवीन, मुकेश रावत, राकेश व अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

## डीडी गर्ग बने बेसबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के प्रमुख उद्योगपति और रियल एस्टेट डेवलपर डीडी गर्ग को आज हुए चुनाव में भारतीय एमेच्योर बेसबॉल फेडरेशन का अध्यक्ष चुना गया है। इस चुनाव में 15 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले श्री गर्ग चंडीगढ़ बेसबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष थे।



# बाल विकास विभाग ने 'हुनर की उड़ान' का किया विस्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अपनी पहल 'हुनर की उड़ान' के दायरे का विस्तार किया, जिसमें यूटी चंडीगढ़ के बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) में रहने वाले बच्चों द्वारा बनाई गई हस्तकला वस्तुओं की प्रदर्शनी-सह-बिक्री की गई। यह कार्यक्रम मॉडल जेल, जेल एवं सुधार विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था।

इस परियोजना का उद्घाटन चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजीव वर्मा ने महिला मुख्य सचिव के साथ चंडीगढ़ के सेक्टर 22डी में नव सृजन जेल हस्तनिर्मित शोरूम में किया। इस उद्घाटन समारोह में समाज कल्याण सचिव, समाज कल्याण निदेशक और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अपने दौरे के दौरान मुख्य सचिव ने सीसीआई में रहने वाले बच्चों द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किए गए कौशल-आधारित उत्पादों की समीक्षा की। उन्होंने उनकी रचनात्मकता की सराहना की और उनकी अपार क्षमता को स्वीकार किया तथा ऐसे परिवर्तनकारी और सशक्तीकरण पहलों में उनकी निरंतर भागीदारी को प्रोत्साहित किया। मुख्य सचिव ने महिला मुख्य सचिव के साथ मिलकर बच्चों से गर्मजोशी से बातचीत की तथा उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने बाल कल्याण और पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के एक उत्साहजनक कदम के रूप में महिला मुख्य सचिव ने शोरूम से पेंटिंग खरीदीं।

# आईएएस अधिकारी जलज शर्मा प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



आज प्रधानमंत्री मोदी ने विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित सिविल सर्विस दिवस के अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की, समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उनको प्रधानमंत्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2014 बैच के महाराष्ट्र कैडर के वरिष्ठ अधिकारी तथा नाशिक जिला कलेक्टर और चंडीगढ़ निवासी, जलज शर्मा को महादेव भगवान शिव की नगरी नाशिक शहर के होलिस्टिक दृष्टि से सर्वांगीण विकास करने के लिए वर्ष 2023 का, प्रधानमंत्री पुरस्कार देकर दिया गया है।

जलज शर्मा ने बताया कि प्रधान मंत्री पुरस्कार, भारतीय प्रशासनिक सेवा के उन अधिकारियों को प्रतिवर्ष देकर सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है और उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए ही । उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को मिलने से मुझे अपार खुशी हुई कि और मैं, अपने आपको सौभाग्यशाली समझता हूं कि उनको यह प्रधानमंत्री पुरस्कार, नाशिक शहर का धार्मिक दृष्टि से समग्र विकास करने की दृष्टि से ही उनकी सेवाओं को देखते हुए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री पुरस्कार हासिल हुआ है।

## देश-विदेश

# हमारी सरकार की नीतियां करेंगी 1,000 साल का भविष्य तय : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार जिन नीतियों पर काम कर रही है, वे आगामी 1,000 वर्ष का भविष्य तय करेंगी। मोदी ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के समग्र विकास का तात्पर्य है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।

उन्होंने कहा कि आज हम जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं और जो निर्णय ले रहे हैं, वे आगामी 1,000 वर्ष के भविष्य को आकार देंगे। मोदी ने कहा कि भारत का आकांक्षी समाज युवा, किसान और महिलाएं अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन असाधारण आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति आवश्यक है। पीएम ने कहा कि शासन की गुणवत्ता इस बात से निर्धारित होती है कि योजनाएं लोगों तक कितनी गहराई से पहुंचती हैं और उनका जमीनी स्तर पर कितना वास्तविक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भारत धीमी गति के परिवर्तन से आगे बढ़कर अब प्रभावशाली बदलाव देख रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कोलकाता : इमारत में लगी आग, दो की मौत

**कोलकाता।** उत्तर कोलकाता में सोमवार को तड़के चार मंजिला इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर आग लग जाने से दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना जोराबागान पुलिस थाना क्षेत्र के पथुरियाघाटा स्ट्रीट पर हुई। उन्होंने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे दमकल की 10 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने बताया कि इमारत से बेहोशी की हालत में निकाले गए दो लोगों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि इमारत में आवासीय इकाइयों के साथ-साथ वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में बोले राहुल गांधी चुनाव में साफ दिख रही गड़बड़ी

## महाराष्ट्र में शाम 5:30 से 7:30 के बीच 65 लाख वोट कैसे पड़े

**एजेंसी, बोस्टन**



**राहुल** गांधी ने अमेरिका के बॉस्टन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। इस सिस्टम में कुछ गड़बड़ी है। राहुल 2 दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल ने कहा कि मैं कई बार कह चुका हूं कि महाराष्ट्र में जितने बालिग नहीं हैं, उससे ज्यादा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने हमें साढ़े पांच बजे वोटिंग का आंकड़ा बताया। इसके बाद 5:30 से शाम 7:30 के बीच 65 लाख वोटिंग हुई। 2 घंटे में 65 लाख वोटिंग नामुमकिन है। एक वोटर को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं। (अनंत ज्ञान)

### तेलंगाना, हिमाचल के मुख्यमंत्री से 'रोहित वेमुला अधिनियम लागू करने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर कहा कि प्रदेश में 'रोहित वेमुला अधिनियम' लागू किया जाए, ताकि वंचित वर्गों के किसी छात्र को जातिवाद का वो दंश नहीं झेलना पड़े, जिसे बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर, रोहित वेमुला और करोड़ों लोगों ने झेला है।

## 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाना लक्ष्य : सीतारमण

**एजेंसी, सेन फ्रांसिस्को**



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का मुख्य लक्ष्य 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' में बदलना है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए उभरते क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सीतारमण ने अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में कहा कि भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान भी राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों का पालन किया था और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद राजकोषीय अपव्यय पर नियंत्रण रखा था। सीतारमण 20 से 25 अप्रैल तक अमेरिका की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर सीतारमण के हवाले से कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हमारा राजकोषीय घाटा बढ़ गया था, लेकिन 2021 में, हमने स्पष्ट संकेत दिया कि हम अपने राजकोषीय घाटे को कैसे प्रबंधित करना चाहते हैं। हमने सालाना लक्ष्य बनाए और 2026 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)

## रिपोर्ट : अमेरिका के बड़े हवाई अड्डों के पास विमानों के लिए ड्रोन का बढ़ रहा खतरा

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के प्रमुख हवाई अड्डों के पास उड़ान भरते या उतरते वाणिज्यिक विमानों के लिए ड्रोन एक गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं।

पिछले साल ड्रोन से जुड़े लगभग दो-तिहाई करीबी टक्कर के मामलों की पुष्टि हुई, जो वर्ष 2020 के बाद सबसे अधिक हैं। एसोसिएटेड प्रेस की ओर से किए विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नवंबर में एक यात्री विमान से मात्र 300 फुट की दूरी पर एक ड्रोन दिखाई दिया। अक्तूबर में मियामी और अगस्त में नेवार्क हवाई अड्डे के पास भी इसी तरह की घटनाएं हुईं, जिन्हें 'निकट हवाई टक्कर' श्रेणी में रखा गया। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान: भीषण सड़क हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौत, 3 घायल

**एजेंसी, जयपुर**

**चित्तौड़गढ़** के निकट एक सड़क हादसे में मध्य प्रदेश के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा नीमच-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार देर रात हुआ। पुलिस के अनुसार, जालिया जांच चौकी के पास श्रद्धालुओं की एसयूवी सड़क के डिवाइडर से टकरा गई और दूसरी ओर चली गई तथा उसकी एक ट्रक से टक्कर हो गई। निम्बाहेड़ा के पुलिस उपाधीक्षक बद्रीलाल राव ने बताया कि एसयूवी में सवार सभी यात्री उज्जैन जिले के बड़नगर के इंगोरिया गांव के निवासी थे और चित्तौड़गढ़ में सांवलिया सेठ मंदिर जा रहे थे। मृतकों की पहचान संजय उर्फ संजू (42), गौरव (32), अनिल (18) और चालक राजेश उर्फ राजा चौधरी के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि चारों एक-दूसरे के रिश्तेदार थे। (अनंत ज्ञान)

# चीन ने अमेरिका से ट्रेड डील करने वाले देशों को दी जवाबी कार्रवाई की धमकी

**एजेंसी, बीजिंग**

**चीन** ने अमेरिका से ट्रेड डील करने वाले देशों को जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह टिप्पणी उन रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए की, जिनमें कहा था कि अमेरिका, शुल्क छूट के बदले में चीन के साथ व्यापार संबंधों को सीमित करने के लिए अन्य देशों पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है।

प्रवक्ता ने बयान में कहा कि चीन, अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों के बीच चीनी हितों की कीमत पर किए जाने वाले किसी भी समझौते का दृढ़ता से विरोध करता है। बयान में कहा गया कि यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो चीन इसे स्वीकार नहीं करेगा और दृढ़तापूर्वक इसके अनुरूप जवाबी कदम उठाएगा। इसमें कहा गया कि चीन को समाधान करने का अधिकार है और अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा करने की क्षमता भी है। प्रवक्ता ने कहा कि तथाकथित 'जवाब' की आड़ में, अमेरिका हाल ही में अपने सभी व्यापारिक साझेदारों पर मनमाने ढंग से शुल्क लगा रहा है, तथा उन पर तथाकथित 'जवाबी शुल्क' वार्ता में शामिल होने के लिए दबाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह मूलत: 'प्रतिक्रिया' के बैनर का इस्तेमाल आधिपत्यवादी राजनीति और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था एवं व्यापार के क्षेत्र में एकतरफा धौंस जमाने के बहाने के रूप में किया जा रहा है। चीन का यह कड़ा रुख उन रिपोर्ट के बीच आया है, जिनमें कहा कि कई देश, जिनके खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुल्क लगाए थे, अब आकर्षक अमेरिकी बाजार तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से अपने निर्यात को बहाल करने के लिए उसके साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करना चाह रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 855 अंक चढ़ा, 79,408 पर बंद

## निफ्टी में भी 273 अंक की तेजी, आईटी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त

**एजेंसी, मुंबई**



**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 855 अंक चढ़कर 79,408 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 273 अंक चढ़ा। यह 24,125 के स्तर बंद हुआ। वहीं, बैंक निफ्टी नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया।

यह 1,014 अंक चढ़कर 55,304 पर बंद हुआ। बैंकिंग के अलावा आईटी और मेटल शेयर्स में भी बढ़त रही। यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप की 90 दिनों की अस्थायी टैरिफ राहत से भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को अमेरिशेयर बाजार में तेजी का मुख्य कारण बैंकिंग शेयरों में आई तेजी है। आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के चौथी तिमाही के मजबूत नतीजों से बैंकिंग सेक्टर में पॉजिटिव सेंटिमेंट बना है। जहां आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1436 रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया, तो वहीं एचडीएफसी बैंक में करीब 1.5 फीसदी की तेजी है। यस बैंक का शेयर 5 फीसदी चढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

### सोना 1,650 रुपए की छलांग के साथ एक लाख के पास

**नई दिल्ली।** कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं के चलते मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,650 रुपए की तेजी आई, जिससे इसका भाव एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गया। सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। चांदी की कीमतें भी 500 रुपए चढ़कर 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं। पिछले सत्र में चांदी 98,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर सपाट बंद हुई थी।

# अमेरिका ने किए यमन की राजधानी में हवाई हमले, 12 लोगों की मौत

**एजेंसी, दुबई**



**यमन** की राजधानी को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमलों में 12 लोगों की मौत हो गई है और 30 अन्य लोग घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर लगातार हमले कर रहा है।

बहरहाल, अमेरिकी सेना की 'सेंट्रल कमांड' ने रविवार को हुए इन हमलों की जिम्मेदारी लेने वाला कोई बयान अभी तक जारी नहीं किया है। हूती विद्रोहियों ने बताया कि ये हमले सना के शूब जिले में फरवा बाजार पर किए गए। इस क्षेत्र को अमेरिका ने पहले भी निशाना बनाया है। रविवार को हुए इन हमलों में देश के अन्य इलाकों को भी निशाना बनाया गया। इससे पहले, यमन के हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले रास ईसा बंदरगाह पर अमेरिकी हवाई हमले में 70 से अधिक लोग मारे गए थे और 171 अन्य घायल हो गए थे। (अनंत ज्ञान)

# स्पोर्ट्स



## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
368




पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
14



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 07 | 05 | 02 | 10 |
| 2. | दिल्ली | 07 | 05 | 02 | 10 |
| 3. | बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 10 |
| 4. | पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 |
| 5. | लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 |
| 6. | मुंबई | 08 | 04 | 04 | 08 |
| 7. | कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 8. | राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय मुक्केबाजों की एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप में जीत जारी



**एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ (एसजीएफआई) के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया। (अनंत ज्ञान)

### हरलीन कौर का खूबसूरत अंदाज

हरलीन कौर देओल (जन्म 21 जून 1998) एक भारतीय क्रिकेटर हैं। वह हिमाचल प्रदेश के लिए खेलती हैं। वह एक दाएं हाथ की महिला बल्लेबाज है, जो कभी-कभी दाएं हाथ के लेग स्पिन गेंदबाजी भी करती है। (अनंत ज्ञान)



### होल्गर रून ने कार्लोस अल्कारेज को हराकर जीता बार्सिलोना ओपन का खिताब

**एजेंसी, बार्सिलोना।** डेनमार्क के टेनिस स्टार होल्गर रून ने रविवार को बड़ा उलटफेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्कराज को हराकर बार्सिलोना ओपन 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। रून ने खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-6 (8/6), 6-2 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही उन्होंने करीब एक साल बाद कोई खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला खास इसलिए भी रहा क्योंकि अल्कराज अपने पिछले 23 क्ले कोर्ट मैचों में सिर्फ दूसरी बार हारे हैं। होल्गर रून ने जीत के बाद कहा, ये एक पागलपन भरा एहसास है। करीब एक साल बाद खिताब जीतना मेरे लिए बेहद खास है। कार्लोस जैसे खिलाड़ी और अच्छे दोस्त को फाइनल में हराकर ये पल मेरे लिए खास है। मैंने पूरे मैच में संयम बनाए रखा और रणनीति के साथ खेला। फाइनल मुकाबले की शुरुआत में कार्लोस अल्कराज ने पांचवें गेम में ब्रेक लेकर बढ़त बनाई थी, लेकिन रून ने तुरंत वापसी करते हुए स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद रूने ने 10वें गेम में दो सेट पॉइंट बनाए, हालांकि अल्कराज ने उन्हें बचा लिया। पहला सेट टाई-ब्रेक तक गया, जहां रून ने मौके का फायदा उठाते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। यह इस हफ्ते अल्कराज का पहला सेट था जो उन्होंने गंवाया। (अनंत ज्ञान)

---

**आईपीएल** दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

# लखनऊ और दिल्ली में टक्कर आज




**एजेंसी , लखनऊ**

दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है।

दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी। दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर अभी तक बहुत गौर नहीं किया गया है क्योंकि उसकी टीम ने सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की है और केएल राहुल की मौजूदगी वाले मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन लखनऊ की टीम में दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, आवेश खान और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल गेंदबाज हैं जिनके सामने दिल्ली के बल्लेबाजों को संभलकर खेलना होगा।

आवेश खान की डेथ ओवरों की शानदार गेंदबाजी के कारण लखनऊ ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स को दो रन से हराया था जिससे निश्चित तौर पर उसकी टीम का मनोबल बढा होगा। इससे उसकी टीम ने दिखा दिया कि वह किसी भी परिस्थिति में जीत दर्ज कर सकती है। इसके विपरीत लखनऊ की टीम के पास मिशेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन माक्ररम के रूप में शीर्ष क्रम में तीन धाकड़ बल्लेबाज हैं जिन्होंने अभी तक अपने अच्छे प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। दिल्ली और लखनऊ अभी तक अच्छा प्रदर्शन करके 10-10 अंक हासिल कर चुके हैं लेकिन दोनों टीमों के कप्तानों का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है।

ऋषभ पंत का रन बनाने के लिए संघर्ष करना लखनऊ के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने अभी तक आठ मैच में केवल 106 रन बनाए हैं जिसमें 63 रन की एक पारी भी शामिल है। उनका स्ट्राइक रेट 98 है जो चिंता का विषय है। दिल्ली के खिलाफ पंत को मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, विपराज निगम और मुकेश कुमार की बेहतरीन गेंदबाजी इकाई से निपटना होगा। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल भी अभी तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन माक्ररम, मिशेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश सिंह राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमारन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हैंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, मयंक कुलकर्णी, अर्शीन यादव।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुशमंथा चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल, माधव तिवारी।

# गुजरात को गिल-साई की जोड़ी ने दी दमदार शुरुआत



**एजेंसी, कोलकाता**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 39वें मैच में सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से हुआ।

होमग्राउंड ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। हालांकि यह फैसला केकेआर के लिए सही साबित नहीं हुआ। गुजरात के ओपनर बल्लेबाजों साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने अपनी टीम को जबर्दस्त शुरुआत दी। दोनों ही शीर्ष खिलाड़ी टिककर खेले। टीम ने पहले ओवर में 4 रन बनाए। कोलकाता से वैभव अरोड़ा ने गेंदबाजी की शुरुआत की। दोनों ने मिलकर पावरप्ले में 45 रन बनाए। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के 6 ओवर में कोई विकेट नहीं गंवाया। पावरप्ले का अगला ही ओवर मोईन अली फेंकने आए। उनके खिलाफ गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने 17 रन बनाए। उन्होंने मोईख अली के ओवर में 1 छक्का और 2 चौके जड़े। इसी ओवर में गुजरात की फिफ्टी भी पूरी हो गई।

गिल ने 10वें ओवर में 34 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की, जबकि सुदर्शन ने 33 गेंदों में फिफ्टी लगाई। वहीं, 11 ओवर पूरे होने पर गुजरात की टीम ने अपने सौ रन भी पूरे कर लिए। समाचार लिखे जाने तक गुजरात की टीम ने 12 ओवर में 113 रन बना लिए थे। गिल 56 और साई सुदर्शन भी 52 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ओपनरों की दमदार पारियों की बदौलत गुजरात की टीम बड़े स्कोर की ओर अग्रसर थी।

# खुद की **क्षमता पर संदेह** करना आसान है, लेकिन मैं ऐसा नहीं करता : रोहित



**एजेंसी, मुंबई**

स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि लंबे समय तक खराब दौर से गुजरने के बावजूद उन्होंने अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं किया तथा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगाए गए अपने अर्धशतक को खुद के कौशल पर भरोसा दिखाने का परिणाम बताया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोहित ने 45 गेंद पर नाबाद 76 रन बनाए जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल हैं। मुंबई इंडियंस ने उनकी इस शानदार पारी की मदद से यह मैच नौ विकेट से जीता। रोहित का आईपीएल के वर्तमान सत्र का यह पहला अर्धशतक है। वह पिछले मैचों में 0, 8. 13, 17, 18 और 26 रन ही बना पाए थे।

रोहित ने मैच के बाद कहा, " लंबे समय तक रन नहीं बन पाने के बाद खुद की क्षमता पर संदेह करना और अलग तरीके अपनाना आसान होता है। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान ने कहा कि अगर आप खुद की क्षमता पर संदेह करने लग जाते हो तो फिर दबाव बढ़ सकता है।

उन्होंने कहा, " (बड़ा स्कोर बनाए) लंबा समय हो गया था लेकिन अगर आप खुद पर संदेह करने लग जाते हो तो इससे खुद पर दबाव बनाते हो। " रोहित ने कहा, "अगर गेंद मेरी पहुंच में है तो मैं उस पर उसी तरह का शॉट लगाने का प्रयास कर रहा था जैसा मैं हमेशा करता हूं। ऐसा निरंतर नहीं हो रहा था लेकिन मैंने कभी खुद पर संदेह नहीं किया। यह बहुत बड़ा सम्मान है। जब मैं बच्चा था तो मैच देखने के लिए यहां आया करता था। किसी समय हमें यहां आने की इजाजत नहीं थी। मैं इस मैदान पर खेलते हुए बड़ा हुआ हूं, अब यह स्टैंड, बहुत बड़ा सम्मान है। (अनंत ज्ञान)

# भले ही हम क्वालिफाई न करें, अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करेंगे : धोनी



**एजेंसी, मुंबई**

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं तथा उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया।

धोनी ने संकेत दिया कि खिलाड़ी अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पा रहे हैं लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि वह अगले साल के लिए कोर ग्रुप की पहचान करने के करीब हैं। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा, "हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा।"

उन्होंने कहा, "हम बहुत अधिक खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। हमारे लिए अभी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो हमारा ध्यान अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करना और फिर दमदार वापसी करने पर होगा।" (अनंत ज्ञान)

# अब हम अगले साल के लिए टीम तैयार करने पर ध्यान देंगे : फ्लेमिंग



**एजेंसी, मुंबई**

इंडियन सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम इस साल के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी स्थिति को लेकर यथार्थवादी है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने जोड़ा कि पांच बार की चैंपियन अगले साल के लिए खिलाड़ियों को खोजने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। खराब फॉर्म से जूझ रही चेन्नई की टीम को आठ मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा, जब मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां उसे नौ विकेट से करारी शिकस्त दी, जिससे महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर बनी हुई है।

चेन्नई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 176 रन ही बना सकी। मुंबई ने रोहित शर्मा (नाबाद 76) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 68) के अर्धशतकों की मदद से आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया।

फ्लेमिंग ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, "जब आप अपने स्तर से नीचे खेल रहे हों तो प्रतियोगिता में बने रहने के लिए उत्साहित होना मुश्किल होता है लेकिन हमें अपना हौसला बनाए रखना चाहिए।" फ्लेमिंग ने कहा कि चेन्नई का थिंक-टैंक अपनी किस्मत बदलने के लिए अतीत के ऐसे अनुभवों से सीख लेगा। फ्लेमिंग के मन में 2023 में उनकी टीम द्वारा किए गए बदलाव होंगे जब उन्होंने 2022 में नौवें स्थान पर रहने के बाद खिताब जीता था।

उन्होंने कहा, "इस टूर्नामेंट के दौरान कुछ भी बर्बाद नहीं जाएगा। हम उन टूर्नामेंटों पर नजर डालेंगे जिनके परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे लेकिन हमने उनको टूर्नामेंट के आखिर में जो काम किए उस पर फिर से अमल करने से वह हमें अगले साल जीत के लिए तैयार करेगा।"

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, "'अभी हम जिस स्थिति में हैं उसको लेकर यथार्थवादी हैं, लेकिन अगले साल के लिए खिलाड़ियों, अगले साल के लिए संयोजन की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और हम इसे एक अवसर के रूप में देखेंगे।"

फ्लेमिंग ने आगे कहा, "(यह) कोई बड़ा अवसर नहीं है क्योंकि हम आखिर तक प्रतियोगिता में बने रहना चाहते हैं, लेकिन अगर ऐसा होता है कि हमारे (प्लेऑफ में) पहुंचने की कोई संभावना नहीं है, तो हम निश्चित रूप से इसका अधिक से अधिक फायदा उठाएंगे। " (अनंत ज्ञान)

### शाहरुख खान पर साल 2012 में वानखेड़े स्टेडियम ने लगाया था 5 साल का बैन



**बच्चों के साथ बदसलूकी पर सिक्योरिटी से हुआ था झगड़ा**

**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर और केकेआर के ओनर शाहरुख खान पर साल 2012 में वानखेड़े स्टेडियम ने 5 साल का बैन लगाया था। इसकी वजह थी मैच के दौरान स्टेडियम में हुआ एक झगड़ा। दरअसल कोलकाता और मुंबई के मैच के बाद शाहरुख अपनी टीम के साथ सेलिब्रेट करने मैदान पर जा रहे थे।

उनके साथ बेटी सुहाना भी थीं। इसी दौरान सिक्योरिटी गार्ड्स और अधिकारियों से शाहरुख की बहस हुई। विवाद बढ़ा और महाराष्ट्र क्रिकेट एसो. ने वानखेड़े स्टेडियम में शाहरुख की एंट्री बैन कर दी। शाहरुख ने जो कहानी बयां की वह कुछ और थी। उनके मुताबिक गार्ड्स ने बच्चों के साथ अभद्रता की और गलत शब्द कहे। शाहरुख पर लगा बैन साल 2016 में हटा लिया गया था। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय महिला हॉकी टीम पांच मैचों की शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**हर कोई इस चुनौती का सामना करने को लेकर उत्साहित : टेटे**

सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की शृंखला में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

शृंखला 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी।भारत प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को नीदरलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा।

टेटे ने टीम की रवानगी से पहले कहा, "हमने बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में वास्तव में कड़ी मेहनत की है और हर कोई इस चुनौती का सामना करने को लेकर उत्साहित है। ऑस्ट्रेलिया ए और ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ खेलने से हमें अपनी रणनीतियों को परखने और एक टीम के रूप में मजबूत बनने का मौका मिलेगा।" (अनंत ज्ञान)



कोच के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले संयुक्त चित्र में।

**ऐलान** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची की जारी

# रोहित, विराट शीर्ष श्रेणी में बरकरार, अय्यर और किशन की वापसी



**34 खिलाड़ियों को बीसीसीआई ने दिया अनुबंध**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सोमवार को जारी की गई अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष श्रेणी में बरकरार रखा गया है जबकि श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने इस सूची में वापसी की है।

बीसीसीआई ने इस बार 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है। इनमें रोहित और कोहली के साथ ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी ए प्लस श्रेणी में रखा गया है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस सात करोड़ रुपए है।

भारत के चैंपियंस ट्रॉफी के नायक अय्यर की अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में वापसी हुई है। उन्हें ग्रुप बी में शामिल किया गया है, जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस तीन करोड़ रुपए है। पिछले सत्र में कथित तौर पर आईपीएल के लिए घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज करने के कारण अय्यर को बाहर कर दिया गया था। विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी इसी कारण से सूची से हटा दिया गया था। उनकी अब श्रेणी सी में वापसी हुई है जिसकी सालाना रिटेनरशिप फीस एक करोड़ रुपये है। ऋषभ पंत, जिन्हें 2023-24 सत्र के दौरान ग्रुप बी में खिसका दिया गया था, उन्हें सन्यास ले चुके रविचंद्रन अश्विन के स्थान पर ए श्रेणी में वापस रखा गया है। श्रेणी ए में सालाना पांच करोड़ रुपये की रिटेनरशिप फीस मिलती है।

श्रेणी सी में खिलाड़ियों की अधिकतम संख्या, कुल मिलाकर 19 है, जिसमें हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा और नितीश कुमार रेड्डी के रूप में चार नए खिलाड़ी शामिल हैं।

एक बड़ा नाम जो सूची में जगह नहीं बना पाया वह मुंबई का ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर है जिन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेला था। तेज गेंदबाज आवेश खान, विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत और जितेश शर्मा को सूची से बाहर कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध सूची

- ए प्लस श्रेणी : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जड़ेजा।
- ए श्रेणी : मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत।
- बी श्रेणी : सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।
- सी श्रेणी : रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

# नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता बेंगलुरु में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा जिसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया है जिन्होंने अभी तक भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।

चोपड़ा ने 'वर्चुअल मीडिया' बातचीत में पत्रकारों से कहा, "मैंने अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। " विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है। चोपड़ा ने कहा, "मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स 600 'लक्स' (प्रकाश की तीव्रता का माप) चाहती थी लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। "

27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, "इसलिए हमने प्रतियोगिता को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। हमारे पास वहां एक टीम है और वहां इसका आयोजन करना बहुत आसान होगा।

इस कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)